सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,259.24 |
| निफ्टी | 25,111.45 |
| सोना 98,670 | चांदी 1,10,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आपदाग्रस्त स्कूलों-कॉलेजों की मरम्मत में तेजी लाओ: रोहित ठाकुर

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 | 3 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 200, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईडी की छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी की रेड हुई है। वीरवार सुबह 5 बजे से बलरामपुर के 12 ठिकानों और मुंबई के 2 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, 100 करोड़ की फंडिंग के मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, यूपी पुलिस की एटीएस को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन और विदेशी फंडिंग के कई सुराग हाथ लगे थे। इस संबंध में एटीएस ने ईडी को दस्तावेज सौंपे थे। इसके बाद ईडी ने यह एक्शन लिया है। (अनंत ज्ञान)

### मनी लॉन्ड्रिंग: रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में चार्जशीट दायर कर ली है।



इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर, 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी बच्चे को गोद नहीं ले सकते भारतीय

**एजेंसी, मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि भारतीय नागरिक का यह कोई मौलिक अधिकार नहीं है कि वह किसी रिश्तेदार के अमेरिकी नागरिक बच्चे को गोद ले सके। यह फैसला न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने सुनाया। एक भारतीय दंपति ने अपने रिश्तेदार के बेटे को गोद लेने की याचिका दायर की थी। बच्चा जन्म से अमेरिका का नागरिक है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और कहा कि यह मामला भारतीय कानून की सीमाओं से बाहर है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में बीएलए ने 29 सैनिकों को मारा

**एजेंसी, क्वेटा।** बलूच लिबरेशन आर्मी का दावा है कि उसने कलात और क्वेटा में दो अलग-अलग मामलों में पाकिस्तान के 29 सुरक्षाबलों को ढेर कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने संघर्ष जारी रखने का ऐलान भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाक सेना पर हमले के बाद बयान जारी किया है। उसने कहा कि क्वेटा में बीएलए ने पाकिस्तानी जवानों को ले जा रही बस को आईईडी से निशाना बनाया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जाहू पंचायत की ग्रामसभा में बीपीएल का सर्वे नकारा -पेज2
- एक माह में क्लेम क्लीयर नहीं किए तो सड़कों पर उतरेंगे श्रमिक -पेज 4
- कुठेड़ा से आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर 2 गाड़ियां रवाना -पेज 6
- ऊना जिले में प्राकृतिक खेती से जुड़े 16,858 किसान -पेज10
- बारिश से सोलन में लोक निर्माण विभाग के 11.80 करोड़ डूबे -पेज 12


# इंदौर एक बार फिर सबसे स्वच्छ शहर

## छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर दूसरे और कर्नाटक का मैसूर तीसरे स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की रैंकिंग में एक बार फिर से मध्य प्रदेश के इंदौर का डंका बजा है। वीरवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में चार कैटेगरी में 75 शहरों को अवॉर्ड बांटे गए। देश के सबसे साफ शहरों में इंदौर पहले, छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर दूसरे और कर्नाटक का मैसूर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं,



इंदौर की फाइल फोटो।

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में गुजरात का अहमदाबाद सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। इस श्रेणी में एमपी का भोपाल दूसरे व यूपी का लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 2036 ओलंपिक खेलों के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर का चयन किया है। गुजरात के वडोदरा को ओवरऑल 18वीं रैंक मिली है। पिछले साल शहर 33वें नंबर पर था, हालांकि इससे पहले वडोदरा स्वच्छता में आठवें नंबर तक पहुंच चुका है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल प्रदेश में ठियोग शहर सबसे स्वच्छ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वच्छता सर्वेक्षण में जिला शिमला का ठियोग शहर हिमाचल प्रदेश के सबसे साफ शहरों की सूची में नंबर वन पर रहा है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में शामिल ठियोग घरों से कूड़ा उठाने के साथ कचरा प्रबंधन में भी आगे रहा। वहीं, शिमला शहर एक बार फिर पिछड़ गया है। पिछले साल देश में 188वें रैंक पर रहने वाला शिमला इस बार टॉप 300 स्वच्छ शहरों की सूची से भी बाहर हो गया है। कुल 824 स्वच्छ



ठियोग की फाइल फोटो।

### शिमला टॉप 300 शहरों की सूची से भी बाहर

शहरों की सूची में शिमला को 347वां रैंक मिला है। यह अब तक की सबसे कम रैंकिंग है। यही नहीं, 2015 से अब तक हिमाचल का नंबर वन स्वच्छ शहर रहने वाला शिमला इस बार प्रदेश में भी तीसरे नंबर पर खिसक गया है।

# प्रदेश के 6 महत्वपूर्ण होटलों का निगम ही करेगा संचालन : सीएम

## एचपीटीडीसी कर्मचारी संघ को दिया आश्वासन, होटलों के भविष्य पर की चर्चा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा।

**कहा, सरकार एचपीटीडीसी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री ने संघ को आश्वासन दिया कि एचपीटीडीसी के छह महत्वपूर्ण होटलों एप्पल ब्लॉसम होटल (फागू), लेक व्यू (बिलासपुर), होटल चांशल (रोहड़ू), होटल रोज कॉमन (कसौली), होटल सरवरी (कुल्लू) और होटल ममलेश्वर (चिंडी) का संचालन निगम द्वारा ही किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया



सीएम सुखविंद्र सुक्खू के साथ हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल।

कि वे इन सभी होटलों को एक वर्ष के भीतर लाभप्रद बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान प्रदेश सरकार एचपीटीडीसी को सशक्त बनाने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी, एचपीटीडीसी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हुकुम राम, महासचिव राज कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संत कुमार फेरम, राजीव सोनी, राजपाल, श्यामा नंद, निहाल सिंह, मनोज और अन्य उपस्थित रहे।

### मंडी जिले के तत्तापानी में बनाएंगे आधुनिक सुविधाओं से लैस होटल

**सीएम** ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार मंडी जिले के तत्तापानी में 30 कमरों वाला एक आधुनिक सुविधाओं से लैस होटल स्थापित करेगी। यह कदम क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया है।

### गुणवत्तापूर्ण सेवाओं पर विशेष बल

**सीएम** ने गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की आवश्यकता पर विशेष बल दिया और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे भोजन, आतिथ्य और अन्य सुविधाओं में उच्च मानकों को सुनिश्चित करें।

# हाईकोर्ट से डॉ. बिंदल और सुखराम को अग्रिम जमानत

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी को अग्रिम जमानत दे दी है। इन दोनों नेताओं पर सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र में धारा-163 का उल्लंघन करने का आरोप है। उन्हें पहले से ही हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर अंतरिम राहत मिली हुई थी, जिसे अब कुछ शर्तों के साथ स्थायी कर दिया गया है।

न्यायाधीश विरेंद्र सिंह ने यह आदेश पारित करते हुए कहा कि जांच अधिकारी द्वारा बुलाए जाने पर दोनों नेताओं को मामले की जांच में शामिल होना होगा। उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना भारत छोड़ने की भी अनुमति नहीं होगी और उन्हें किसी भी गवाह को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रलोभन या धमकी देने से भी मना किया गया है। इसके अलावा उन्हें नियमित रूप से प्रत्येक सुनवाई की तारीख पर ट्रायल कोर्ट में उपस्थित होना होगा।





### इस मामले में मिली बेल

**जिस** मामले में उन्हें अग्रिम जमानत मिली है, वह 13 जून को एक युवती के कथित अपहरण के बाद शुरू हुआ था। सैकड़ों लोगों ने एक विशेष समुदाय के लड़के के गांव की तरफ रैली निकाली थी। माहौल बिगड़ने से रोकने के लिए उपायुक्त ने माजरा थाना क्षेत्र के पांच गांवों में धारा-163 लागू कर दी थी। अगले ही दिन बिंदल के नेतृत्व में लोगों ने इस धारा का उल्लंघन करते हुए माजरा थाना मार्ग पर धरना-प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इस उल्लंघन के लिए बिंदल और सुखराम चौधरी सहित 50 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को यह भी आदेश दिया है कि गिरफ्तारी की स्थिति में आवेदक को 50,000 हजार के निजी मुचलके और उतनी ही राशि की एक जमानत राशि पर जमानत पर रिहा किया जाए।

# ईसी का खुलासा, बिहार में 5.76 लाख से ज्यादा वोटर्स कई जगहों पर पंजीकृत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक अहम आंकड़ा सामने आया है। चुनाव आयोग (ईसी) ने अब तक पाया है कि बिहार में 5.76 लाख से ज्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत हैं और 12.55 लाख से ज्यादा मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के साथ, आधिकारिक आंकड़े यह भी बताते हैं कि लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से बूथ स्तर के

**12.55 लाख से ज्यादा मतदाताओं की हो चुकी मृत्यु**

अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण के दौरान 35.69 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 17.37 लाख से ज्यादा मतदाता संभवत: स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने रेखांकित किया कि आने वाले दिनों में ये आंकड़े बदलेंगे। 14 जुलाई को चुनाव आयोग ने कहा था कि बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 6.60 करोड़ से ज्यादा यानी 83.66 प्रतिशत मतदाताओं के नाम 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के मसौदे में शामिल किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# अब केंद्रीय विभाग में सेवाएं देंगी शालिनी अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग दिल्ली में उप सचिव के पद पर केंद्रीय स्टाफिंग योजना के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति पर चार वर्ष की अवधि के लिए सेवाएं देंगी। राज्य सरकार ने शालिनी अग्निहोत्री को पुलिस अधीक्षक कांगड़ा के उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया है और अपना नया कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पुलिस जिला नूरपुर के पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न को आगामी आदेशों तक एसपी कांगड़ा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।



# श्रीखंड यात्रा से लौटते समय चंडीगढ़ के श्रद्धालु की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी।** श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा से वापस लौट रहे चंडीगढ़ के 33 वर्षीय श्रद्धालु अभय की मौत हो गई। मृतक अभय पुत्र कमल केशव चंडीगढ़ के सेक्टर 15-डी का रहने वाला था और अपने चचेरे भाई विशाल कनौजिया के साथ 11 जुलाई को यात्रा पर निकला था। दोनों बीते मंगलवार को श्रीखंड से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। पार्वती बाग के समीप अभय की तबीयत बिगड़ गई। वहां से रेस्क्यू टीम द्वारा उसे भीम-डवारी तक लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अभय की तबीयत में हल्का सुधार हुआ, जिसके बाद रेस्क्यू टीम द्वारा अभय को निरमंड के सिविल अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन अभय ने जाओं के समीप ही दम तोड़ दिया। आनी के डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि की है।

# इराक के शॉपिंग मॉल में आग, 60 की मौत

## पांच दिन पहले ही खुला था, मॉल मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**एजेंसी, बगदाद**

इराक के कुट शहर के एक बड़े शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से 60 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग लापता हो गए हैं। यह जानकारी इराक की सरकारी समाचार एजेंसी आईएनए ने दी है। शहर के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रॉयटर्स न्यूज एजेंसी को बताया कि 59 मृतकों की



पहचान कर ली है, लेकिन एक शव इतना जल गया है कि उसकी पहचान करना बहुत मुश्किल है। इलाके के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मॉल 5 दिन पहले ही खुला था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरुआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। हादसे के बाद पूरे प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है। (अनंत ज्ञान)


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)



Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2025-26
FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
B.Sc. in Operation Theatre Tech. (B.Sc. OTT)
B.Sc. in Radiology & Imaging Tech. (B.Sc. RIT)
Diploma Multipurpose Health Worker (MPHW)
FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE, MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management
FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed. SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education
FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
Agronomy
Horticulture (Veg. Sciences)
FACULTY OF VET. SCIENCES
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course
FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
Pharmaceutical Chemistry
Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com


**मतदान** इंग्लैंड में चुनावी सिस्टम में 56 साल बाद बहुत बड़ा बदलाव

# ब्रिटेन में अब 16 साल के युवा भी दे सकेंगे वोट

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन की सरकार ने घोषणा की है कि अब 16 और 17 साल के युवाओं को पूरे देश में मतदान का अधिकार मिलेगा। यह फैसला अगले आम चुनाव से पहले लागू किया जाएगा।

ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। ऐसे में इस बदलाव को पिछले 56 साल में हुआ चुनाव प्रणाली में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। इससे




पहले ये युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे पूरे ब्रिटेन में स्थानीय, क्षेत्रीय और आम चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे। ब्रिटेन की सरकार का कहना है कि यह कदम युवाओं के साथ न्याय करने और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए उठाया गया है, खासकर उन युवाओं के लिए जो सेना में काम कर रहे हैं या देश की सेवा के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### विदेशी दखलअंदाजी रोकने के नियम किए सख्त

**सरकार** ने कहा कि वह चुनावों में विदेशी दखल को रोकने के लिए नियम सख्त कर रही है। यह कदम खासकर उस समय उठाया गया है, जब अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी को भारी रकम दान देने की बात सामने आई थी। अब नए नियमों के तहत मस्क जैसे विदेशी नागरिक ब्रिटेन की राजनीति को हस्त हस्त प्रभावित नहीं कर पाएंगे, जब तक वह यह साबित न करें कि उनका पैसा ब्रिटेन से आ रहा है। अब राजनीतिक दान देने वाली कंपनियों को यह साबित करना होगा कि उनका संबंध ब्रिटेन या आयरलैंड से है और वे वहीं से आय अर्जित करती हैं।


SRI SAI UNIVERSITY
SSU PALAMPUR
Transforming Dreams into Reality
Innovation Centre For Education
NAAC ACCREDITED
ADMISSION OPEN
SRI SAI UNIVERSITY
PALAMPUR-HP
9736501261
Transforming Dreams into Reality
Ph.D | PG | UG
www.srisaiuniversity.org

## न्यूज ब्रीफ

### केसरी लाल धीमान का एम्स बिलासपुर में निधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रबंधन कमेटी के सदस्य केसरी लाल धीमान का एम्स बिलासपुर में आज शाम 5 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव सदोह में शुक्रवार को किया जाएगा। केसरी लाल धीमान शिक्षा विभाग से उपनिदेशक के पद से वर्ष 2008 में सेवानिवृत्त हुए थे। 11 जुलाई को पैरालिसिस का अटैक हुआ था। उनका इलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा था। शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली, जिससे हर तरफ शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### सांपों का रेस्क्यू करने वाले वनकर्मी किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विश्व सर्प दिवस के उपलक्ष्य पर वन विभाग ने वर्चुअल माध्यम से एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता वन विभाग के प्रमुख प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल (पीसीसीएफ-हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स) समीर रस्तोगी ने की।

इस कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के फील्ड के कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं विशेषकर, सांपों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें डिजिटल प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए समीर रस्तोगी ने सांपों के महत्व और पारिस्थितिकीय संतुलन में इनके योगदान की जानकारी दी। वृत्त कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वन अरण्यपाल निशांत मंढोत्रा, देहरा के वन मंडल अधिकारी सन्नी वर्मा, हमीरपुर के एसीएफ नितिन कुमार और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नादौन के डिप्टी रेंजर सुरेश कुमार और देहरा मंडल के अंतर्गत अधवानी के वन रक्षक विनोद कुमार को सांपों के रेस्क्यू के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सुरेश कुमार ने पिछले वर्ष लगभग 60 सांपों और विनोद कुमार ने लगभग 45 सांपों को रेस्क्यू किया था। इन्हें विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### लगदेवी वासियों ने सीएम राहत कोष में दिए 37,700



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** टौणी देवी ब्लॉक के लगदेवी गांव के निवासियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि आपदा के समय एकजुटता और मानवीयता ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए गांववासियों ने सामूहिक रूप से 37,700 की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजी है। इस पहल की सराहना करते हुए गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने कहा कि हम सब एक परिवार हैं, जब भी किसी को जरूरत होती है, हमें मदद के लिए आगे आना चाहिए। यह राशि गांववासियों द्वारा स्वेच्छा से एकत्र की गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह योगदान न केवल आर्थिक मदद है, बल्कि एक भावनात्मक समर्थन भी है, जिससे पीड़ित परिवारों को यह भरोसा मिलता है कि वे अकेले नहीं हैं। गांववासियों की इस पहल को पूरे क्षेत्र में सराहा जा रहा है और यह दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।

### अंदराल में लैंडस्लाइड से नुकसान, बना खतरा

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** अंदराल गांव में बुधवार को हुई प्राकृतिक घटना के तहत पहाड़ी से अचानक मलबा गिरने से दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। सुबह 5:30 बजे के करीब हुए इस लैंडस्लाइड में HP 22E 6535 और PB 10 JR 6945 नंबर की गाड़ियां मलबे के नीचे दब गईं। भटेड़ पंचायत के उपप्रधान अनिल चौहान ने घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान यह पाया कि इससे न केवल सड़क, बल्कि एक पास के मकानों को भी खतरा है। उपप्रधान ने प्रशासन को स्थिति की जानकारी दी और सहायक अभियंता को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया और शीघ्र कार्रवाई की मांग भी की। SDO नितीश भारद्वाज ने बताया की यह पहाड़ी हिस्सा पहाड़ी के ऐसे अनियंत्रित क्षेत्र से गिर रहा है, जहां मशीनरी की पहुंच संभव नहीं है। बावजूद इसके विभागीय मजदूर जोखिम उठाकर पहाड़ी के किनारे पर बचे हुए हिस्से को नियंत्रित ढंग से नीचे गिराने का प्रयास कर रहे हैं।

### सहकारी सभा के सात अगस्त को होंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** द गरियाह कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित की प्रबंधक समिति का चुनाव 7 अगस्त को होगा। इसके चलते सभा की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार 24 जुलाई को शाम तीन बजे तक नामांकन पत्र भर सकते हैं। सभा सचिव जसविंदर सिंह ने कहा जो भी कोई व्यक्ति चुनाव लड़ना चाहता है, वह नामांकन के समय एक प्रस्तावक व एक समर्थक अपने साथ अवश्य लेकर आएं। सभा के आगामी चुनाव 7 अगस्त को होगा, के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

### भलेठ के छात्रों का पर्यावरण संरक्षण में अच्छा काम




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पहल की है। प्रधानाचार्य मंजरी वी. महाजन के मार्गदर्शन में छात्रों ने पिछले पांच महीनों में वर्मी कंपोस्टिंग के माध्यम से लगभग 150 किलोग्राम जैविक खाद का उत्पादन किया है। प्रधानाचार्य मंजरी वी. महाजन ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जैविक खेती के महत्व से अवगत कराना है। इस पहल से न केवल स्कूल परिसर की स्वच्छता में सुधार हुआ है, बल्कि छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त, उत्पादित जैविक खाद का उपयोग स्कूल के बगीचों में किया जा रहा है। भलेठ स्कूल की यह पहल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### डीएवी हमीरपुर में एनएसएस शिविर का सफल आयोजन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** डीएवी स्कूल हमीरपुर में 10 जुलाई से जारी सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दारा सिंह द्वारा विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में कुल 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, सेवा, सामाजिक जागरूकता और आत्मविकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में प्राचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि एनएसएस एक ऐसा मंच है, जो विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का बोध कराता है।

### कार्यक्रम में 20.55 करोड़ रुपए के ऋण मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के मुख्यालय के निर्देशानुसार बैंक के सर्किल कार्यालय हमीरपुर ने एनजीओ भवन में मैगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। पीएनबी मुख्यालय दिल्ली के महाप्रबंधक अमिताभ राय इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ऋण के 155 आवेदनों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई, जिनकी कुल राशि 20.55 करोड़ है। सर्किल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने भी लोगों से पीएनबी की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### बड़सर प्रेस क्लब के नवनीत बने अध्यक्ष

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में प्रेस क्लब का गठन हुआ। चुनाव लोनिवि के विश्राम गृह मैहरे में संपन्न हुआ, जहां 29 पत्रकारों ने हिस्सा लिया। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए सुरेंद्र शास्त्री को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। प्रधान पद के लिए नवनीत सोनी और सतीश शर्मा के नाम सामने आए, लेकिन बाद में संजय शर्मा ने भी नामांकन किया जिसे उन्होंने चुनाव से पूर्व वापस ले लिया। गुप्त मतदान के जरिए नवनीत सोनी को प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया, जबकि सतीश शर्मा को क्लब का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। महासचिव पद की जिम्मेदारी अजीत कंबोज को सौंपी गई, सहसचिव सुभाष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शर्मा बनाए गए। अनुशासन समिति में सुरेंद्र शास्त्री, संजय शर्मा और रामपाल को शामिल किया गया, जबकि अजीत दीवान को संरक्षक और अरविंद मौर्य को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन पर पत्रकारों ने आशा जताई कि प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## नंदन, भराड़ी, नंदन, प्लासी भगेटू मैड़ लिंक रोड का निर्माण विवादों में
# डंगों के निर्माण में गड़बड़झाले की बू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर डिवीजन के तहत पड़ने वाले टाउन भराड़ी इलाके में एक लिंक रोड के डंगे विवादों से घिर गए हैं। विवाद की जड़ यह है कि काम गुणवत्ता के मुताबिक कहीं भी खरा नहीं बैठा है। जहां सीमेंट लगना चाहिए था, उसके निर्माण में मिट्टी निकल रही हैं। डंगे के भीतर ठूंसे गए पत्थर भी अब बाहर निकल रहे हैं। यह मामला अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया है।

कारण यह है कि इस निर्माण में बड़ी कोताही हुई नजर आ रही है। निर्माण कार्य स्थल पर देखकर ऐसा लगता है की सब कुछ राम भरोसे हुआ है। हाथ लगाने से भी डंगे से मटेरियल झड़कर बाहर निकल जाता है। निर्माण कार्य बीते दिसंबर माह में मकम्मल होना था, लेकिन अभी भी अधूरा है। आधे काम पर लीपापोती भी हुई है। कुछ जगह पैच लगाकर घटिया क्वालिटी को दबाने का प्रयास भी किया गया है।



निर्माणाधीन डंगा जिसकी गुणवत्ता पर सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

### शिकायत पर नहीं किया जा रहा कोई गौर

**इस** पूरी सड़क का काम तकरीबन 5 किलोमीटर का होना है, लेकिन अभी जितना काम जारी है, वह हिस्सा तकरीबन अढ़ाई किलोमीटर का है और इस पर 1.85 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। निर्माण कार्य को देखकर ऐसा लगता है कि विभाग ने आंखें मूंदकर इस काम को होने दिया है और अब जनाजा उसी का निकल रहा है। सोशल मीडिया पर इस काम की गुणवत्ता को खूब दिखाई जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी इसकी शिकायत की गई है, लेकिन कोई गौर नहीं हो रहा।

**विभाग की हो रही किरकिरी :** यह निर्माणाधीन सड़क टाउन भराड़ी, नंदन, प्लासी भगेटू मैड़ लिंक रोड के लिए बनाई जा रही है, जो अच्छी खासी विवादों में है। अभी इस सड़क के एक हिस्से का भी निर्माण हो रहा है, लेकिन उसके आगे की सड़क का भी निर्माण होना है, इसकी स्वीकृति किन्ही कारणों से अभी शायद लटकी हुई है, मगर निर्माण पर विभाग की खूब किरकिरी हो रही है। यह ऊंचाई में तकरीबन 25 फुट है और इसकी लंबाई 100 फुट के आसपास होगी, इसलिए चर्चा विवादों में है।

> मेरे ध्यान में मामला आ गया है। कल मौके का दौरा करेंगे। इसकी मकम्मल जांच करके जो भी गड़बड़ी है, उस पर कार्रवाई की जाएगी क्योंकि ऐसे मामलों से विभाग की किरकिरी भी होती है। फिलहाल जांच रिपोर्ट तैयार हो रही है।
>
> **-दीपक कपिल, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी हमीरपुर**

### ठेकेदार ने क्या कहा

**उधर,** संबंधित ठेकेदार सौरभ पठानिया का कहना है कि अभी तो रोड का काम चल रहा है, यदि कोई जगह इस तरह की रही होगी तो उसे ठीक किया जाएगा, वैसे भी 5 साल तक उन्हीं के पास इसकी मेंटेनेंस रहेगी, इसलिए खराब काम करेंगे तो भुगतना तो उन्ही को पड़ेगा।

## एफडीआर तकनीक से बनी सड़क की हालत खस्ता, ग्रामीणों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत बस्सी से तताहर तक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से बनाई जा रही सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। विशेषकर नगरोटा से कलाहू मोड़ तक सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि आमजन का आवागमन दूभर हो गया है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई डामर की परतें दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसके चलते सड़क खस्ताहालत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि एफडीआर जैसी आधुनिक तकनीक अपनाने के बावजूद सड़क की ऐसी स्थिति गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। थोड़ी सी बारिश हुई कि सड़क पर पानी ही पानी, जिसके कारण राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। लोक निर्माण विभाग को कई बार इस बारे सूचना दे दी गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। गांववासियों में विकी कुमार, राजेश कुमार, संजय, विजय, कुलदीप, नवीन, राजकुमार, विपिन, श्याम, राजीव, यशवंत, रमित, बलबीर, टेक चंद कौशल, बृज लाल आदि ने निर्माण कार्य में हो रही देरी और खराब गुणवत्ता को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ और निर्माण में गति नहीं लाई गई, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने निर्माण विभाग और प्रशासन से मांग की है कि वे स्वयं मौके पर आकर स्थिति का जायजा लें, निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करें। साथ ही, यदि आवश्यक हो तो लापरवाह ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके।


एफडीआर तकनीक से बनी सड़क के खस्ताहालत होने से हर किसी को दिक्कत हो रही है।

## देवभूमि में देवताओं का नहीं हो रहा सम्मान : 'आप'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता धनीराम शुक्ला का कहना है कि बिजली महादेव जैसे पवित्र धार्मिक स्थल पर रोपवे निर्माण के नाम पर जो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरणीय विनाश हो रहा है, वह रुकने का नाम नहीं ले रहा। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश को 'देवभूमि' कहे जाने के बावजूद यहां के देवस्थलों और आस्था स्थलों की विशिष्टता एवं मान्यता का सम्मान नहीं हो रहा। बिजली महादेव क्षेत्र के लोग विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जब विकास के नाम पर उनकी जिंदगियों, प्राकृतिक सुरक्षा और सांस्कृतिक आस्थाओं पर संकट मंडराने लगे, तब सवाल उठना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश मांग करती है कि बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर उत्पन्न असुरक्षा की स्थिति को दूर करने के लिए तुरंत जन-सुनवाई आयोजित की जाए और स्थानीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



## स्वच्छता में नगर परिषद नादौन प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नगर परिषद नादौन को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेशर भर में दूसरे स्थान पर रही है, जिसे लेकर नगर परिषद व शहर वासियों में खुशी का महौल है। इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने नादौन के शहर वासियों का शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घोषित स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे हिमाचल प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर नगर परिषद ने एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।

यह सम्मान नादौन शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों का परिणाम है। नगर परिषद नादौन के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि यह स्थान लगभग पांच माह पहले किए गए सर्वेक्षण के आधार पर दिया गया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय स्वच्छता प्रभारी अक्षित सोनी, सभी सफाई कर्मचारियों और समस्त नगर परिषद के पूर्ण सहयोग और कड़ी मेहनत को दिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने समस्त शहर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी नागरिकों के सक्रिय योगदान और स्वच्छता के प्रति उनकी जागरूकता का प्रतीक है।


सीएम से सम्मान प्राप्त करते शशि सोनी।

**नगर परिषद ने सहयोग के लिए शहर वासियों का किया धन्यवाद**

## जाहू पंचायत की ग्रामसभा में बीपीएल का सर्वे नकारा

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उपमंडल भोरंज की जाहू पंचायत में ग्रामसभा की बैठक वीरवार को पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंचायत के करीब 272 लोगों ने भाग लेकर ग्रामसभा के कोरम को पूरा किया। कोरम के पूरा होते ही ग्रामीणों ने बीपीएल चयन के नियमों का पंचायत प्रतिनिधियों के सामने विरोध किया तथा नए सर्वे को सिरे से खारिज किया।

9 वार्डों वाली जाहू पंचायत में पहले 120 लोग बीपीएल में शामिल थे, लेकिन नए सर्वे में एक दर्जन भी लोग बड़ी मुश्किल से आए हैं, जिससे ग्रामसभा की बैठक के शुरू होते ही जैसे नई नियमों के तहत हुए सर्वे के बारे में ग्रामसभा के सदस्यों को सुनाया गया तो ग्रामीणों ने इसका विरोध जताया और गरीब परिवारों के साथ अन्याय की बात कही। इस दौरान ग्रामसभा के सदस्यों की मांग पर पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके सरकार के बीपीएल चयन के नए नियमों विरोध करके नए नियम बनाने की मांग की। इस दौरान निर्णय लिया गया ग्रामसभा में डाले गए प्रस्ताव की प्रति भोरंज विधायक सुरेश कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेजी जाए तथा चयन के नियमों को बदल कर नए नियम गरीब परिवारों के हितों के लिए बनाए जाए।

इस अवसर पर पंचायत के पूर्व प्रधान चमन लाल शर्मा, उपप्रधान चमन लाल, पंचायत सचिव कमला देवी, पंचायत प्रतिनिधि जगदीश चंद, जोगिंद्र, कर्मी देवी, सुदेश वर्मा, सिमरो देवी, राजकुमारी, उषा देवी, मंजूला, ग्रामीण भूप चंद, किरणा देवी, शशि देवी, प्रोमिला देवी, कलासी देवी, लता देवी, चेत राम, दुनी चंद, संध्या देवी, हरि कमल वर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

**क्या कहती हैं पंचायत प्रधान :** जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा का कहना है कि बीएलएल चयन प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम सभा में विरोध किया है। इसके चलते ग्रामसभा के सदस्यों की मांग पर प्रस्ताव पारित करके बीपीएल चयन के लिए नए नियम बनाने की मांग की है। यह प्रस्ताव भोरंज विधायक सुरेश कुमार के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा।


जाहू पंचायत में बीपीएल चयन प्रक्रिया का विरोध करते ग्रामसभा के सदस्य।

## शारीरिक शिक्षकों की भर्ती ठप, प्रशिक्षित युवा बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

प्रदेश में बीते नौ वर्षों से शारीरिक शिक्षकों की कोई नियमित भर्ती नहीं की गई है, जिससे हजारों बीपीएड, एमपीएड और बीपीई डिग्रीधारी युवा बेरोजगारी के गर्त में धकेले जा चुके हैं। लाखों रुपए खर्च कर प्रशिक्षण लेने वाले ये अभ्यर्थी आज सरकारी बेरुखी और भर्तियों की अनदेखी के कारण न्याय और रोजगार की राह देख रहे हैं।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 3 से 4 हजार पदों पर शारीरिक शिक्षक रिक्त हैं। कई वर्षों से इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने सरकार से कई बार मांग की, ज्ञापन दिए, धरना-प्रदर्शन भी किए, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान समय में प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की अनुपस्थिति से बच्चों को खेलों की मूलभूत जानकारी और प्रशिक्षण से वंचित रहना पड़ रहा है। बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों में संदीप कुमार, राजीव कुमार, सजंय कुमार, हरीश, सतीश कुमार, विपिन कुमार, अरुण कुमार, राजकुमार इत्यादि का कहना है कि सरकार नियमित भर्ती शुरू की जाए, ताकि एक ओर स्कूलों में खेल शिक्षा को बढ़ावा मिले और दूसरी ओर हजारों युवाओं को रोजगार मिल सके।

बीपीएड, एमपीएड, और बीपीई जैसे पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों ने लाखों रुपए की फीस और वर्षों का समय खर्च किया है, लेकिन आज उनके पास न तो रोजगार है, न कोई नीति जिससे भविष्य का रास्ता साफ हो। बेरोजगार अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की है कि शीघ्र व्यापक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए और शिक्षा में खेल को बराबरी का दर्जा दिया जाए।

## सुजानपुर टिहरा के कैडेट्स ट्रेनिंग कैंप में दिखाएंगे प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर टिहरा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा के एनसीसी नौसेना प्रभाग के कैडेट्स इन दिनों 1 हिमाचल प्रदेश नेवल यूनिट एनसीसी, बिलासपुर द्वारा आयोजित एनुअल ट्रेनिंग कैंप (ATC-195) में भाग ले रहे हैं। यह दस दिवसीय शिविर 16 से 25 जुलाई तक डीएवी महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना तथा राष्ट्र सेवा के संकल्प को विकसित करना है। कैडेट्स के सर्वांगीण विकास हेतु इस शिविर में वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी प्रो. राजेश खरवाल ने कैडेट्स को इस शिविर में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर एवं समस्त शिक्षकों ने कैडेट्स को शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें गर्वपूर्वक शिविर के लिए रवाना किया।

## आंगनबाड़ी भर्ती के लिए परिवार नियोजन प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए 27 जून को जारी सार्वजनिक सूचना के बारे में कुछ लोगों में व्याप्त शंकाओं के संबंध में एसडीएम एवं आंगनबाड़ी चयन समिति के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने कहा कि आवेदकों को परिवार नियोजन प्रमाण पत्र लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसी सार्वजनिक सूचना की क्रम संख्या 7 के बारे में भी एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि नर्सरी अध्यापन कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित स्कूल के मुखिया द्वारा जारी होना चाहिए। बाल विकास परियोजना भोरंज के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 22 जुलाई शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय भोरंज में सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र भरेड़ी और भरठवाण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा, जबकि, आंगनबाड़ी केंद्र ककरोट-2, अमरोह-1, लुद्दर महादेव, अप्पर मनोह, दशमल, पट्टा-1 और पंचायत खरवाड़ के आंगनवाड़ी केंद्र टिक्कर में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा।

दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 24 जुलाई को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय भोरंज में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सीडीपीओ कार्यालय भोरंज में संपर्क किया जा सकता है।

## अव्यवस्था: नालियां बंद होने से खुले में बहता रहा बारिश का पानी
# तालाब बना जाहू बस स्टैंड, दुकानों में घुसा पानी

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज उपमंडल के तीन जिलों के संगम स्थली जाहू बस स्टैंड की दुर्दशा पर न तो हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारी और न ही प्रदेश सरकार के अधिकारी कोई भी सुध ले रहे हैं। वीरवार को बारिश होने पर बस स्टैंड में चारों तरफ पानी भर गया, जिससे बस स्टैंड ने तालाब का रूप धारण कर लिया। भारी बारिश की बजह से जाहू बस स्टैंड की दुकानों में पानी घुसने से दुकानदारों को काफी परेशानी से जूझना पड़ा।

बस स्टैंड की चारों तरफ की नालियां गंदगी से भरी होने की वजह से बारिश में पूरी गंदगी खुले में बहने से बस स्टैंड में गंदगी का आलम बन गया। बस स्टैंड में गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं, जिनमें पानी भर जाने की वजह से यात्रियों को काफी परेशान का सामना करना पड़ रहा है। इन गड्ढों से सरिया निकलने की वजह से कई बार लोगों के पैर फंसने की वजह से गिर कर घायल भी हो चुके हैं परंतु उसके बावजूद भी बस स्टैंड की सुध लेने वाला काई भी नहीं है। चारों तरफ गंदगी ही गंदगी पड़ी हुई है। तीन जिलों हमीरपुर, बिलासपुर व मंडी की संगम स्थली जाहू का बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

बस स्टैंड से एचआरटीसी विभाग को हर महीने लाखों रुपए की आमदन होती है परंतु उसके रखरखाव पर एचआरटीसी विभाग की अनदेखी की वजह से दिन प्रतिदि हालत दयनीय होते जा रहे हैं। गंदगी से नालियां पूरी तरह से भरी पड़ी हुई हैं।

शौचालय में पानी की बिलकुल भी व्यवस्था नहीं है जिसकी बजह से पुरुषों को मुंह पर रुमाल या हाथ रखकर जाना पड़ता है। बस अड्डे की नालियां गंदगी से भरी होने की वजह से यात्री अपने मुंह पर रुमाल रखकर वहां से गुजरने का मजबूर हैं। लाखों रुपए की लागत से बना जाहू बस स्टैंड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।


जाहू बस स्टैंड में गंदा पानी भरने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## हमीरपुर में अंडर-19 लड़कों और लड़कियों की होगी जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हमीरपुर जिले में अंडर-19 वर्ग में लड़के व लड़कियों की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए शैडयूल तय कर लिया है। इसके तहत जिले के पांच शिक्षा खंडों में स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता होगी। जानकारी के अनुसार लड़कों की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 4 से 6 सितंबर को सभी ब्लॉकों में होगी। इसी तरह लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता 10 से 12 सितंबर को खेली जाएगी।

जिला स्कूली क्रीड़ा संघ ने शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर उच्चतर डॉ. मौही राम चौहान की अध्यक्षता में बैठकें करके जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए स्थान चयनित किए हैं। इनमें भोरंज ब्लॉक में लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महल में होगी, जबकि लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगित में भोरंज व हमीरपुर ब्लॉक के स्कूलों की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में होगी। इसी तरह हमीरपुर ब्लॉक की लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झगडियाणी में होगी। सुजानपुर व टौणी देवी ब्लॉक के स्कूलों की लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह में होगी। सुजानपुर व बिझड़ ब्लॉक के स्कूलों की लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में खेली जाएगी।

नादौन ब्लॉक के स्कूलों की लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में और लड़कियों के वर्ग में नादौन और टौणी देवी ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल में होगी। इसके अलावा बिझड़ ब्लॉक के स्कूलों की लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला बणी में होगी।

**एडीपीओ हमीरपुर ने क्या कहा :** उच्चतर शिक्षा विभाग के एडीपीओ हमीरपुर राजेंद्र शर्मा का कहना है कि हमीरपुर जिले में सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता होगी। लड़के व लड़कियों की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबाल व बैडमिंटन के ही मुकाबले होंगे।

## रोजगार मेला रद्द करना सरकार की नीयत में खोट : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के भोरंज क्षेत्र में प्रस्तावित रोजगार मेले को प्रशासन द्वारा ऐन वक्त पर रद्द किए जाने को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला सरकार के इशारे पर लिया गया है, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

राणा ने कहा कि यह मेला कांग्रेस के एक स्थानीय कार्यकर्ता द्वारा आयोजित किया जा रहा था, जिसका उद्देश्य निजी कंपनियों के माध्यम से युवाओं को नौकरी दिलाना था। मेला कब और कहां होना है, इसकी रूपरेखा पहले से तय थी, लेकिन अंतिम समय में प्रशासन ने अनुमति रद्द कर दी। रोजगार मेले के आयोजकों ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ बेरोजगारी दूर करना था, लेकिन प्रशासन और सरकार की राजनीतिक नीयत ने इसमें बाधा डाल दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह युवाओं के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें कितनी भी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

# हिमुडा हिमाचल को बनाएगा हरित और स्मार्ट शहरी केंद्र

## युवाओं और स्टार्ट-अप्स को मिलेगा प्रोत्साहन, आवासीय परियोजनाओं में पारिस्थितिकी का ध्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को हिमाचल प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में नवाचार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह नवाचार का युग है और हिमुडा को अपनी कार्य प्रणाली में इसे पूरी तरह अपनाना चाहिए। मंत्री का लक्ष्य हिमाचल में सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देना और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

**स्टार्टअप ईको सिस्टम को बढ़ावा**

धर्माणी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रदेश में हरित पहलों को ध्यान में रखते हुए सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने घोषणा की कि परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आएगी। यह कदम हिमुडा की दक्षता बढ़ाने और जनता के लिए प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

वहीं, युवाओं की नवीन पहलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, मंत्री ने प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर विचार करने का संकेत दिया, जिससे प्रदेश में एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम का विकास होगा। उन्होंने हिमुडा को विशेष रूप से स्टार्ट-अप्स और प्रशिक्षुता की दिशा में कार्य करने और एक समर्पित स्टार्ट-अप फंड की संभावनाओं को तलाशने के भी निर्देश दिए। यह पहल हिमाचल के युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करेगी और प्रदेश के आर्थिक विकास में सहायक होगी।

### शिमला की भीड़-भाड़ का होगा स्थायी समाधान

**शिमला** में बढ़ती भीड़-भाड़ को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने बताया कि जाठिया देवी में निर्मित होने वाली माउंटेन सिटी परियोजना का प्रथम चरण प्रगति पर है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से शिमला शहर में भीड़-भाड़ की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। इसके अतिरिक्त, विकास नगर में प्रस्तावित अत्याधुनिक बहुउद्देशीय भवन शिमला में सबसे आधुनिक संरचनाओं में से एक होगा, जो हरित और पर्यावरण-अनुकूल भवनों के डिजाइन को प्राथमिकता देगा।

### थीम आधारित कॉलोनियों के निर्माण के दिए निर्देश

**राजेश** धर्माणी ने पुष्टि की कि हिमुडा लोगों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रहा है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रति हिमाचल की संवेदनशीलता को देखते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिमुडा को सभी परियोजनाओं को प्रदेश की पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए पूरा करना चाहिए। इससे न केवल सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि लोगों और निवेशकों का विश्वास भी हिमुडा पर और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने अधिकारियों को थीम-आधारित कॉलोनियों के निर्माण की दिशा में कार्य करने के भी निर्देश दिए, ताकि हिमुडा की परियोजनाएं अधिक आकर्षक बन सकें और एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें।

# सीएम सुक्खू ने जन आवाज को मंच देने पर अनंत ज्ञान की पीठ थपथपाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल के तेजी से उभरते दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने वीरवार को शिमला स्थित सीएमओ ऑफिस में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सौहार्दपूर्ण भेंट की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र का आधार है तथा सरकार ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करती है जो जनता की आवाज को उठाते हैं एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने जन आवाज को मंच देने पर अनंत ज्ञान के प्रयासों की सराहना करते हुए पीठ थपथपाई। समाचार पत्र ने भी मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि वे जन सरोकारों को निर्भीकता से उठाते रहेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अनंत ज्ञान को भविष्य की परियोजनाओं और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 15 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में भगोड़े अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सोलन पुलिस ने 15 साल पुराने धोखाधड़ी मामले में भगोड़े अपराधी मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के मुताबिक 16 जुलाई को पुलिस थाना सदर सोलन की विशेष टीम ने निहार बाजार से सोलन जिले के पट्टा बरोरी निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार कर लिया।

2010 में अदालत द्वारा धोखाधड़ी के एक मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। अपराधी के बाद उसे 16 जुलाई को ही कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड में में भेज दिया गया। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल 2010 को मोहम्मद इमरान को पुलिस स्टेशन सदर सोलन में अभियोग संख्या 87/2010 पर दर्ज किया गया था। यह मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (दास्तावेजों में जालसाजी), और 468 (जालसाजी के उद्देश्य से दस्तावेज तैयार करना) के तहत दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि बार-बार अदालत में पेशी के लिए बुलाए जाने के बावजूद कोई आपत्ति नहीं हो रही थी, जिसके कारण उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था। वह अपने एजेंट से भागने के लिए कॉन्स्टैंट अपने हिस्सेदार को बदल रहा था।

मामले की पूर्व घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल 2010 को सोलन के उप-पंजियक (नायब अख्तर) ने पुलिस थाना सदर सोलन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुनिहार बाजार में नाकाबंदी कर उसे धर दबोचा। अपराधी के बाद पुलिस ने उसके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है।

# जस्टिस तरलोक सिंह बने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश


मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान से मुलाकात करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह नियुक्ति पूरे हिमाचल प्रदेश, विशेषकर जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। ठाकुर ने जस्टिस चौहान के उज्ज्वल और सफल कार्यकाल के लिए अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# राजस्व भूमि के कुशल उपयोग और जलविद्युत क्षेत्र के पुनरुद्धार पर हिमाचल सरकार का जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


शिमला में बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।

हिमाचल प्रदेश में सरकारी भूमि के बेहतर प्रबंधन और उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न विभागों को आवंटित राजस्व भूमि की समीक्षा की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य उपलब्ध भूमि की सटीक जानकारी जुटाना और उसका एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना है।

बैठक में राजस्व मंत्री ने सभी विभागों और उपायुक्तों को आवंटित भूमि की वास्तविक और विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी विभाग अपनी आवंटित भूमि की गहन समीक्षा करें ताकि एक सटीक इन्वेंटरी बनाई जा सके। इसका लक्ष्य यह है कि विभागों के पास उपयोग में लाई गई और अप्रयुक्त भूमि का स्पष्ट विवरण उपलब्ध हो, जिससे भूमि का कुशल और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। अनिरुद्ध सिंह और नगर नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी इस महत्वपूर्ण मंत्रिमंडलीय उप समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित थे। बैठक के दौरान पिछली मंत्रिमंडलीय उप-समिति में लिए गए निर्णयों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। नेगी ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक के तुरंत बाद हिमाचल प्रदेश में जलविद्युत क्षेत्र के पुनरुद्धार और संवर्धन के लिए उपाय सुझाने हेतु गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की भी अध्यक्षता की।

# धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में दो गिरफ्तार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत सोने की माला के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में पलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले को सीसीटीवी फुटेज की मदद ली है और छतीसगढ़ के बबलू पुत्र जेठिया व यूपी की देवी पत्नी देवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को हमीरपुर अदालत में पेश किया, जहां माननीय अदालत ने दोनों आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। बबलू ने अपना अस्थायी पता दिल्ली के सुल्तानपुरी तथा देवी ने सुदामापुरी गाजियाबाद बताया है।

**अदालत ने 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

काबिले गौर है कि सोने की माला के मनकों की डील बिझड़ में हुई थी और लेन-देन नादौन के भरमोटी के पास हुआ था। इस जालसाजी का शिकार हुए बिझड़ जिला हमीरपुर के गांव कोट बल्ह बिहाल के करतार चंद ने 5 जून को पुलिस थाना नादौन में शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी ने करतार चंद से घी खरीदा और कहा कि इनको खेत में सोना मिला है जिसे यह बेचना चाहता है, उसने शिकायतकर्ता को 15 लाख रुपए में माला बेची। शिकायतकर्ता ने सोने की माला के मनके चैक करवाए तो वे जाली पाए गए थे।

# हिमाचल में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हुई उच्च स्तरीय बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में रोजगार को बढ़ावा देने और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। श्रम एवं रोजगार सचिव, प्रियंका बसु इंग्टी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इंप्लाइमेंट लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) योजना के प्रभावी कार्यान्वयन पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसका मुख्य लक्ष्य योजना की निर्बाध कवरेज सुनिश्चित करना और संगठित क्षेत्र के नियोक्ताओं व कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

**श्रम एवं रोजगार सचिव की अध्यक्षता में अहम चर्चा, नियोक्ताओं और कर्मचारियों को मिलेगा लाभ**

बैठक के दौरान श्रम एवं रोजगार सचिव प्रियंका बसु इंग्टी ने सामाजिक सुरक्षा और दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर विशेष बल दिया, जो ईएलआई योजना का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ईपीएफओ के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नियोक्ता और कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें।

बैठक में नियोक्ता संघों, औद्योगिक निकायों और ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर जागरूकता शिविर और संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। यह भी सामने आया कि कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकार के विभागों में ठेकेदारों के माध्यम से नियुक्त कर्मचारी ईएफओ अधिनियम का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकार के विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों के साथ जल्द ही ईएफओ अनुपालन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ईएलआई योजना के दो मुख्य लाभ

**क्षेत्रीय** भविष्य निधि आयुक्त राकेश कुमार ने ईएलआई योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईपीएफ कार्यालय शिमला अपने सोशल मीडिया हैंडल पर योजना का विवरण प्रतिदिन अपडेट कर रहा है और नियोक्ताओं को ईमेल के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

# जल शक्ति विभाग के बग्गी डिविजन की योजनाओं की होगी जांच

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** जल शक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन में चल रही सतर्कता जांच तेज हो गई है। सतर्कता विभाग की टीम मामले की गंभीरता के मद्देनजर अब ग्राउंड रिपोर्ट की जांच कर रही है। कागजों में जो करोड़ों रुपए के कार्य दर्शाए गए हैं धरातल पर इनका क्या स्टेटस है सतर्कता विभाग की टीम अब बारीकी से इसकी जांच कर रही है।

कागजों में जो करोड़ों रुपए के सप्लाई आर्डर आदर्श गए हैं, उनकी वास्तविकता की भी सतर्कता विभाग की टीम जांच कर रही है। हकीकत में क्या यह सप्लाई डिवीजन में पहुंची है या नहीं इस बात का भी जांच टीम बारीकी से अध्ययन कर रही है। जांच कर रही सतर्कता विभाग की टीम की रडार पर जल शक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन के तहत पंपिंग मशीनरी के कार्य है। जिसके लिए जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड तलब किया है। सतर्कता विभाग ने सन् 2020 से 2024 तक की डैमेज रिपोर्ट मुहैया करवाने के संबंधित विभाग को निर्देश जारी किए हैं। जिससे विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**सतर्कता विभाग की टीम ने एक बार फिर से तेज की जांच**

> जल शक्ति विभाग के बग्गी डिविजन में नियमों के विपरीत कार्य करने की जो शिकायत मिली थी उसमें जांच चल रही है।
> **- कुलभूषण वर्मा, एसपी, सतर्कता विभाग मंडी।**

बता दें कि गत वर्ष जल शक्ति विभाग के इस डिवीजन में नियमों को ताक पर रखकर कार्य करने की शिकायत मिलने पर विभाग का यह मंडल कार्यालय सतर्कता विभाग की जांच के दायरे में है। पिछले एक वर्ष से सतर्कता विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है। जांच में जुटी सतर्कता विभाग की टीम ने इस कार्यालय के कई दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। उन्हीं के आधार पर अब धरातल पर जमीनी हकीकत जानने की तैयारी चल रही है। जांच पूरी होने पर ही इस बात का खुलासा होगा कि मामले की वास्तविकता क्या है।

# सेब के हजारों पेड़ काटे, भारी बरसात भी नहीं रोक पाई कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों, विशेषकर कोटखाई और कुमारसैन के सुदूर गांवों में, वन विभाग द्वारा वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान आज भी, भारी बरसात के बावजूद, पूरी ताकत से जारी है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के सख्त आदेशों के बाद, अवैध रूप से लगाए गए सेब के हजारों पेड़ों को काटने की कार्रवाई सुबह से ही शुरू हो गई है।

यह अभियान हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उन सख्त निर्देशों का परिणाम है, जिसमें राज्य सरकार को वन भूमि पर हुए सभी अतिक्रमणों, विशेष रूप से सेब के बागानों को तत्काल हटाने और मानसून के मौसम में पुन: वनरोपण करने का आदेश दिया गया था। न्यायालय के आदेशों के बाद, प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

अभियान के तहत कोटखाई के चैथला गांव और कुमारसैन उपमंडल के सराहन गांव व अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सेब के पेड़ों को काटा जा रहा है। हालांकि, यह अभियान उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत चल रहा है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जैसे वरिष्ठ नेताओं ने छोटे किसानों को राहत देने की बात भी कही है। वहीं, हिमाचल किसान सभा और हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने इस अभियान को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### राजस्व, पुलिस और वन विभाग मुस्तैद

**राजस्व** विभाग, वन विभाग, और पुलिस दल के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पूरी मुस्तैदी से तैनात है। अधिकारी और कर्मचारी भारी बरसात और चुनौतीपूर्ण मौसम परिस्थितियों के बावजूद, यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह संवेदनशील कार्रवाई बिना किसी रुकावट के आगे बढ़े। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि अभियान में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में मंडी नगर निगम प्रदेश में नौवें स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के हाल ही में घोषित परिणामों में मंडी नगर निगम ने प्रदेशभर में नौवां स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि मंडी नगरवासियों, सफाई मित्रों, नगर निगम के कर्मचारियों और प्रशासन के साझा प्रयास का परिणाम है।

नगर निगम मंडी की मेयर ने सभी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनका धन्यवाद किया है। हालांकि, निगम ने यह भी स्वीकार किया है कि अभी सोर्स पर कूड़ा एकत्र करने और डोर-टू-डोर कलेक्शन की प्रक्रिया में कुछ कमियां रह गई हैं, जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में मेयर ने मंडी के नागरिकों से स्वच्छता के नियमों का पालन करने की अपील की है। मेयर वीरेंद्र भट्ट ने आग्रह किया है कि नागरिक कूड़ा खुले में न फेंकें तथा कचरे को सूखा और गीला अलग-अलग करके ही सफाई मित्र को दें। साथ ही प्लास्टिक और रिसाइक्लेबल कचरे को भी अलग से संग्रहित करने को कहा गया है, ताकि उसके उचित निपटान की प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक इन नियमों का पालन करें तो आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में मंडी शहर और बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। नगर निगम का उद्देश्य मंडी को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाना है और इसके लिए जनसहयोग आवश्यक है।

# ओवरटेक करते हुए खड़े ट्रक के पीछे घुसी कार; एक की मौत, एक घायल


दुर्घटनाग्रस्त कार।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर औट टनल में ओवरटेक करते ऑल्टो कार जाम में फंसे ट्रक के पीछे जा घुसी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हुआ हो गया, जो कि कुल्लू अस्पताल में उपचाराधीन है। घटना बीती रात 10 बजे के करीब पेश आई है। कार सवार युवकों की पहचान मंडी जिले के सुंदरनगर के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती शाम को औट टनल से कुछ दूरी पर सेब से लदी गाड़ी पलट गई थी, जिस कारण हाईवे और टनल के अंदर जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। मौके पर पहुंची औट थाना की टीम जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही थी कि 10 बजे के करीब कुल्लू से मंडी की ओर आ रही तेज रफ्तार ऑल्टो कार ओवरटेक करने के प्रयास में अटल के अंदर जाम में फंसे ट्रक के पीछे जा घुसी। इस कार को सुंदरनगर के खुराहल का राजेंद्र कुमार पुत्र तुलसीराम ड्राइव कर रहा था, जबकि मनोज कुमार पुत्र प्रकाश चंद निवासी खुराहल साथ उसके साथ बैठा था। इस हादसे में मनोज (35) की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 32 वर्षीय राजेंद्र को उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। औट थाना प्रभारी प्रभारी कर्ण सिंह ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जोनल अस्पताल मंडी में पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घायल फिलहाल कुल्लू अस्पताल में ही उपचाराधीन है, आगामी कार्रवाई जारी है।

# उच्च न्यायालय ने गवाली में अवैध सड़क को हटाकर पूर्व स्थिति बहाल करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र की उरला वन रेंज के तहत आने वाले गवाली गांव में सरकारी जमीन से पेड़ काट कर तथा विभाग द्वारा लगाई गई बाड़ को हटाकर बनाई गई सड़क के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक मामले का निपटारा करते हुए पूर्व स्थिति बहाल करने के आदेश दिए हैं। साथ ही राजस्व व वन विभाग को आदेश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी जमीन के चारों ओर बाड़ लगाकर यहां पर पौधारोपण किया जाए।

गवाली गांव के भारत भूषण ने प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी कि सरकारी जगह पर उन्होंने पौधरोपण किया था, मगर कोई व्यक्ति एक साजिश के तहत बड़े हो गए पेड़ों को काट रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

इस सरकारी जगह पर अवैध तौर पर सड़क भी बना दी गई है। केस नंबर 4209 आफ 2025 पर अपना निर्णय देते हुए जस्टिस संदीप शर्मा की बैंच ने उपमंडलाधिकारी पधर, तहसीलदार पधर, एसएचओ थाना द्रंग पधर व रेंज आफिसर उरला को आदेश दिए कि वह मौके पर जाकर निरीक्षण करके सरकारी जमीन की बाड़बंदी करवा करवाएं, ताकि स्थानीय लोग सरकारी जमीन पर अनावश्यक अतिक्रमण न करें। कोशिश की जाए कि यहां पर पौधरोपण करके इसे फिर से हरा भरा किया जाए। प्रदेश उच्च न्यायालय में भारत भूषण बनाम प्रदेश सरकार व अन्य में याची की ओर से सुनील मोहन गोयल व अभिनव मोहन गोयल ने पैरवी की।

**सरोकार**

## मंडी में क्षतिग्रस्त शिक्षा संस्थानों को जल्द सुधारने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

# आपदाग्रस्त स्कूलों-कॉलेजों की मरम्मत में तेजी लाओ: रोहित ठाकुर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


शिमला में बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंडी जिले में हाल ही में आई आपदा से क्षतिग्रस्त हुए विद्यालयों और महाविद्यालयों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने वीरवार को एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। उन्होंने जल्द ही मंडी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की भी घोषणा की।

रोहित ने बताया कि मंडी जिले में आपदा के कारण कुल 219 विद्यालयों को नुकसान पहुंचा है। इन सभी शैक्षणिक संस्थानों को फिलहाल पास के सरकारी भवनों, महिला मंडलों और सामुदायिक भवनों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

उन्होंने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर मरम्मत और बहाली के कार्य करने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि क्षतिग्रस्त स्कूलों को ऐसे खाली भवनों में संचालित किया जाए जो विद्यार्थियों के लिए आसानी से सुलभ हों।

उन्होंने आपदा पूर्व आवश्यकता आकलन के तहत प्राप्त राशि को शीघ्र जारी करने और उसके उचित उपयोग पर भी जोर दिया। विशेष रूप से 75 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त हुए विद्यालयों की मरम्मत को प्राथमिकता देने को कहा गया है। उन्होंने उप निदेशकों को भविष्य में शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण स्थल का चयन सावधानी से करने और छात्रों व भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें नदियों और नालों से दूर बनाने की जिम्मेदारी दी। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने राजीव गांधी आदर्श डे-बोर्डिंग विद्यालयों, अटल आदर्श विद्यालयों और शिक्षकों की लंबित भर्ती सहित शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

### भविष्य में शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने को सहयोग की आशा

**प्रथम** एजुकेशन फाउंडेशन की सीईओ डॉ. रुक्मिणी बनर्जी ने बैठक में बहुमूल्य विचार साझा किए और शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण हिमाचल प्रदेश ने असर और पर सर्वेक्षणों में पांचवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों और शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। शिक्षा मंत्री ने डॉ. बनर्जी का उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उनके सहयोग की आशा व्यक्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### सुनेहड़ पंचायत में बांटे 200 औषधीय पौधे



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सुनेहड़ पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रधान निर्मल ने पर्यावरणीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए ग्रामीणों से हरियाली बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर ग्रामीणों को 200 औषधीय व फलदार पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा देना और पारंपरिक वनस्पतियों का संरक्षण करना है।

### छात्रा पलक को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर की ओर से आयोजित ताइक्वांडो महिला खेल प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व पलक ने अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता अंब में स्वर्ण पदक हासिल किया है। उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एनएसएस व एनसीसी इकाई ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है, जिसे समाज के प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए। इस अभियान में कुल 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें एनएसएस स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट्स शामिल थे। सभी ने मिलकर महाविद्यालय की बाहरी दीवारों के आसपास एवं परिसर के निकटवर्ती क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया, प्लास्टिक एवं ठोस कचरे को हटाया और झाड़ियों व घास को उखाड़कर परिसर की स्वच्छता एवं सुंदरता में योगदान दिया।

### बृज मोहन सूद को आजीवन सदस्यता पुरस्कार




**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** परागपुर के 85 वर्षीय बृज मोहन सूद द्वारा इस उम्र में भी भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए बेहतर कार्य करने पर उन्हें वीरवार को अध्यक्षीय क्लब का आजीवन सदस्यता के पुरस्कार से नवाजा गया। भारतीय जीवन बीमा निगम की देहरा शाखा में विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अभिकर्ता बृज मोहन सूद को अध्यक्षीय क्लब की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई।

### कामगारों के 8100 के करीब क्लेम लंबे समय से लंबित, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# एक माह में क्लेम क्लीयर नहीं किए तो सड़कों पर उतरेंगे श्रमिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

प्रदेश में श्रमिकों के 8100 के लगभग क्लेम लंबे समय से लंबित पड़े हैं। प्रदेश के 5 लाख श्रमिक काफी समय से क्लेम मिलने का इंतजार कर रहे हैं। अब श्रमिकों के सब्र का बांध टूटने लगा है, एक माह के भीतर क्लेम क्लीयर नहीं किए गए तो श्रमिक सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

वीरवार को हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में श्रमिकों ने अपनी मांगों के संदर्भ जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाया, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में पिछली सरकारों ने प्रदेश के 5 लाख निर्माण श्रमिकों को भवन निर्माण कानून के तहत लाभार्थी बनाया था आज श्रम अधिकारियों ने उनका कानूनी योजनाओं का लाभ रोक दिया गया है। पिछले 5 वर्ष के मजदूरों के आवेदन बोर्ड के मुख्य कार्यालय हमीरपुर और जिला कार्यालय धर्मशाला में धूल फांक रहे हैं। श्रमिकों के आवेदनों पर एक के बाद एक गैर कानूनी आपत्तियां लगाई गई, ताकि मजदूरों को कोई पैसा न देना पड़े। इस दौरान कामगार कल्याण बोर्ड के सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि जो क्लेम दिए जाने हैं, वह पैसा मजदूरों का ही है, जो कि करोड़ों में है, लेकिन मजदूरों के लिए एकत्रित किया गया करोड़ों रुपया का भरपूर दुरुपयोग हो रहा है, जिसका बोर्ड के गैर सरकारी सदस्यों की ओर से कई बार विरोध किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा है कि एक महीने के भीतर अगर मजदूरों के लंबित क्लेम पास न हुए तो सरकार के विरुद्ध पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर अमन चौधरी, पृथ्वी चंद, विनोद चौधरी, सुरजीत सिंह राणा, रीता देवी, कृष्णा देवी, नवीन कुमार, अनु कुमारी, महेंद्र सिंह, मदन जगगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



श्रमिकों ने मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

## एसडीएम ने दिवंगत रमेश के घर पहुंचकर परिवार को बंधाया ढांढस



रमेश कुमार के घर पहुंचकर परिवार से मिलते एसडीएम संकल्प।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के तहत धरेड़ गांव निवासी एवं शस्त्र सीमा बल में एएसआई पद पर तैनात रहे रमेश कुमार के हृदय गति रुकने से हुए आकस्मिक निधन पर उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम आज उनके आवास में पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंटकर ढांढस बंधाया एवं सांत्वना दी। एसडीएम ने शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि रमेश कुमार द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को समाज व देश हमेशा याद रखेगा। उप पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा ने कहा कि रमेश एक कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित अधिकारी थे, जिन्होंने हमेशा ईमानदारी से अपनी सेवाएं दीं।

रमेश कुमार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में तैनात थे, जहां उनका निधन हुआ। रमेश कपूर अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## पक्की सड़क न बनने पर पंधु गांव के लोगों में रोष



भूमिपूजन के एक साल बाद भी सड़क के पक्का न होने पर रोष जताते लोग।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** विधानसभा शाहपुर की लपियाना पंचायत के पंधु गांव के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तो उसको कंधे पर उठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया जाता है।

चुनावों से पहले केवल पठानिया ने आश्वासन दिया था कि जब वह सत्ता में आएंगे तब सड़क बना दी जाएगी और चुनावों में जीत के बाद केवल पठानिया विधायक ने 16 मार्च, 2024 को सड़क का शिलान्यास किया। 15 दिन तक काम चलने के बाद ठेकेदार काम बंद करके चला गया, जो थोड़ा बहुत पैदल चलने के लिए रास्ता बना था, उसे जेसीबी से उखाड़ दिया। इस बारे में अधिकारियों से भी बात कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। करीब 2 किलोमीटर रास्ते के निर्माण के लिए बजट भी स्वीकृत है। ग्रामीण व्यासा देवी, नीलमा, सपना, मंगल सिंह, सींगों राम, विशाल राणा आदि ने मांग की कि जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। अधिशाषी अभियंता अंकज सूद ने बताया कि उक्त मार्ग को विधायक प्राथमिकता में डाला है। डीपीआर तैयार है, लेकिन कुछ भूमि निजी है, जिसको विभाग को गिफ्ट डीड करने के बाद ही कार्य शुरू होगा।

## आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी 'आप'

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों आई आपदा से भारी नुकसान हुआ है। 'आप' आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी। इसके लिए 11 सदस्यीय आपदा राहत टीम गठित की है। उन्होंने कहा कि इस घड़ी में 'आप' लोगों के साथ खड़ी है। 'आप' टीम 18 जुलाई को को रवाना होगी और ग्राउंड जीरो पर जाकर जनता के दुखों को साझा करेगी तथा यथासंभव सहायता करेगी। स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं का जो भी नुकसान हुआ है, उसको अतिशीघ्र सही करने के लिए सरकार को प्रयासरत करवाएगी। 'आप' टीम राशन वितरण और जरूरतमंद वस्तुएं प्रभावित लोगों को बांटेगी। सरकार से अपील की कि जल्द मुआवजा राशि लोगों के खाते में डाली जाए।




## कड़छम–वांगतू परियोजना पर 18 प्रतिशत रॉयल्टी का निर्णय ऐतिहासिक जीत: शांता

### मुख्यमंत्री सुक्खू को दी बधाई और सर्वोच्च न्यायालय का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कड़छम–वांगतू पन बिजली परियोजना में हिमाचल प्रदेश को 18 प्रतिशत रॉयल्टी देने का निर्णय एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय से इस परियोजना से हिमाचल प्रदेश की वार्षिक आय 250 करोड़ रुपए हो जाएगी। इस निर्णय से सभी पन बिजली परियोजना में अवधि पूरी होने पर रॉयल्टी 12 प्रतिशत की बजाए 18 प्रतिशत हो जाएगी।



उन्होंने कहा कि यह निर्णय हिमाचल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बधाई दी है और सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद किया है। शांता ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज से लगभग 35 वर्ष पहले देश के इतिहास में पन बिजली परियोजनाओं में पहली बार रॉयल्टी का सिद्धांत स्वीकार करवाने का सौभाग्य मुख्यमंत्री के रूप में मुझे मिला था। उस समय केंद्र में कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव थे। उन्होंने मेरे आग्रह पर रॉयल्टी का सिद्धांत स्वीकार किया और पूरे देश में पन बिजली परियोजना में 12 प्रतिशत रॉयल्टी मिलनी शुरू हुई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जोगिंद्रनगर शानन पन बिजली परियोजना को प्राप्त करने के लिए भी सर्वोच्च न्यायालय में पूरी शक्ति से प्रयत्न करे। हिमाचल की धरती पर हिमाचल के पानी से चलने वाली शानन पन बिजली परियोजना हर दृष्टि से हिमाचल की है। इस पर भी सुप्रीम कोर्ट में पजांब के साथ हिमाचल का संघर्ष चल रहा है। हिमाचल सरकार इसे भी प्राप्त करने की पूरी कोशिश करे। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से कड़छम–वांगतू परियोजना पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय ऐतिहासिक है और उन्होंने हिमाचल के लाखों लोगों को भी इसके लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सारी पन बिजली क्षमता का दोहन होने के बाद इस आय से हिमाचल भारत का एक संपन्न प्रदेश बन जाएगा।

**पूरी शक्ति से जोगिंद्रनगर शानन पनबिजली परियोजना को प्राप्त करने के लिए करें प्रयास**



# अनंत पर्यटन

### हिमाचल की उन्नत पर्वत श्रृंखलाओं का रहस्यमयी वातावरण

# जहां पर प्रकृति गाती है अद्भुत सौंदर्य का गान

**देवभूमि का विराट सौंदर्य बेमिसाल**

**हिमाचल की भूमि, देवताओं का वास, केवल ऊंचे पहाड़ों का समूह नहीं, बल्कि एक जीवंत कविता है, जहां प्रकृति अपने विराट और अनुपम सौंदर्य का अप्रतिम गान करती है। यहां की हर पर्वत श्रृंखला, हर घाटी और हर शिखर एक अलग कहानी बयां करता है, जो सदियों से यात्रियों, साधकों और कलाकारों को अपनी ओर खींचता रहा है। यह देवभूमि अपने भीतर असंख्य रहस्य समेटे हुए है, जहां प्राचीन सभ्यताएं उन्नत पर्वतमालाओं की गोद में पली-बढ़ीं और जहां आज भी जीवन की सादगी और प्रकृति की भव्यता एक साथ सांस लेती है। आइए, हिमाचल के उन उन्नत पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा करें, जहां हिमखंडों की चुप्पी और नदियों का कल-कल मिलकर एक ऐसा संगीत रचते हैं, जो आत्मा को छू जाता है।**



*पर्वतीय रोमांच और आध्यात्मिक शांति का अद्भुत संगम*

**किन्नौर**

### जांस्कर की भव्यता में लिपटा देवलोक

**सतलुज** की गर्जना करती धाराओं के साथ बसा किन्नौर, जिसे अकसर देवभूमि का प्रवेश द्वार कहा जाता है। जांस्कर हिमालय और धौलाधार की विशाल पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा है। यहां की चोटियां, विशेषकर किन्नर कैलाश का अलौकिक शिखर, केवल पत्थर के ढेर नहीं, बल्कि आस्था और आध्यात्मिकता के प्रतीक हैं। सांगला और हंगरांग घाटियों में विस्तृत सेब के बागान और पारंपरिक किन्नौरी गांव, जांस्कर के विराट विस्तार के बीच एक शांत आश्रय प्रदान करते हैं। यहां की हवा में देवताओं का वास है और प्रकृति की हर सांस में एक पवित्रता का अनुभव होता है। पर्वतारोहियों के लिए किन्नर कैलाश परिक्रमा एक चुनौती भरा पथ है, जो आत्म-खोज और रोमांच का अद्भुत संगम है।

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

**लाहौल-स्पीति**

### जांस्कर और महान हिमालय की चरम ऊंचाइयों का मौन

**हिमाचल** का सबसे दुर्गम और सबसे मंत्रमुग्ध कर देने वाला क्षेत्र लाहौल-स्पीति, महान हिमालय और जांस्कर पर्वत श्रृंखलाओं की चरम ऊंचाइयों में छिपा है। यह ठंडा रेगिस्तान, अपने बंजर लेकिन विस्मयकारी परिदृश्यों और प्राचीन बौद्ध मठों के साथ, एक ऐसी दुनिया प्रस्तुत करता है, जहां समय ठहर सा जाता है। यहां की चोटियां 6000 मीटर से अधिक की ऊंचाई तक हैं, जो इस क्षेत्र को पृथ्वी के सबसे ऊंचे और सबसे दुर्गम स्थानों में से एक बनाती हैं। यहां पर मठ, ताबो मठ और धनकर मठ, इस कठोर वातावरण में भी आध्यात्मिकता की लौ जलाए रखते हैं। लाहौल-स्पीति एक ऐसी यात्रा है, जो केवल शारीरिक नहीं, बल्कि आत्मिक भी है, जहां प्रकृति की प्रचंडता और मानवीय सहनशीलता का अनुपम संगम देखने को मिलता है। इस प्रकार हिमाचल की उन्नत पर्वत श्रृंखलाएं चाहे वह किन्नौर की जांस्कर हो, चंबा की पीर पंजाल, शिमला की शिवालिक, धर्मशाला-कांगड़ा की धौलाधार, या लाहौल-स्पीति के महान हिमालय और जांस्कर के चरम शिखर प्रत्येक अपने भीतर एक अनूठी कहानी और अनुभव समेटे हुए हैं।

**चंबा**

### पीर पंजाल के आलिंगन में कला और इतिहास का संग

**रावी** नदी के तट पर स्थित चंबा, कला, संस्कृति और प्राचीन मंदिरों का एक जीवंत संग्रहालय है, जो धौलाधार और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं के भव्य आलिंगन में विश्राम करता है। पीर पंजाल की चोटियां, घने देवदार के वनों से आच्छादित, चंबा घाटी और भरमौर जैसे क्षेत्रों को एक अनूठी पहचान देती हैं। यहां के लक्ष्मी नारायण मंदिर समूह और भूरी सिंह संग्रहालय, इस क्षेत्र की समृद्ध विरासत के साक्षी हैं, जबकि खजियार, जिसे 'भारत का मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। मणिमहेश झील तक का ट्रेक, पीर पंजाल की ऊंचाइयों को छूते हुए प्रकृति और आध्यात्मिकता का एक गहन अनुभव प्रदान करता है।

**शिमला**

### शिवालिक का मुकुट और हिमालय का दूरस्थ दर्शन

**हिमाचल** की राजधानी शिमला शिवालिक पर्वत श्रृंखला के एक रिज पर मुकुट की तरह सुशोभित है, जहां औपनिवेशिक युग की वास्तुकला आज भी अपनी कहानियां कहती है। जाखू हिल और तारा देवी जैसी चोटियां शहर को घेरे हुए हैं, और यहां से धौलाधार तथा पीर पंजाल की दूरस्थ, बर्फ से ढकी चोटियों के मनोरम दृश्य हृदय को आनंदित कर देते हैं। शिमला केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जहां माल रोड की चहलकदमी और रिज की शांत हवा में बीते युग की गूंज सुनाई देती है। यहां के वृक्षों से आच्छादित रास्ते और शांत वातावरण, प्रकृति के बीच सुकून की तलाश करने वालों के लिए एक आदर्श आश्रय स्थल है।

### धौलाधार के विशाल विस्तार में बौद्ध धर्म का हृदय

**धर्मशाला और कांगड़ा**

**धर्मशाला** में बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और हिमालय की भव्यता एक साथ मिलती हैं। धौलाधार की चोटियां 4000 मीटर से भी अधिक ऊंची, धर्मशाला के ठीक पीछे एक विशालकाय दीवार की तरह खड़ी हैं, जो इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान देती हैं। मैक्लोडगंज में दलाईलामा का निवास और प्राचीन मठ, शांति और आध्यात्मिकता का केंद्र हैं, जबकि कांगड़ा का ऐतिहासिक किला अतीत के गौरव की कहानियां कहता है।






# पर्यटन का नया हॉटस्पॉट बन रहा बिलासपुर




### वाटर स्पोर्ट्स के प्रयासों से बढ़ रही रौनक, मुख्यमंत्री के प्रयास रंग लाने लगे

***घाटियों, जलाशयों और ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध बिलासपुर जिले अब प्रदेश के पर्यटन नक्शे पर एक उभरते सितारे की तरह चमकने लगा है। विशेष रूप से गोबिंदसागर झील में विकसित किए जा रहे वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी जोन और रिवर फ्रंट टूरिज्म से यह जिला साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। प्रदेश सरकार पर्यटन को ग्रामीण विकास, स्वरोजगार और सांस्कृतिक समृद्धि से जोड़ने की दिशा में जिस तेजी से प्रयास कर रही है, उसका प्रभाव अब जमीनी स्तर पर नजर आने लगा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में राज्य सरकार ने बिलासपुर में ईको-टूरिज्म, साहसिक खेल, होम-स्टे योजनाएं और लोकल इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।***

#### गोबिंदसागर बना वाटर स्पोर्ट्स का केंद्र

**बिलासपुर** की पहचान रही गोबिंदसागर झील अब केवल बिजली उत्पादन या मछली पालन तक सीमित नहीं रह गई है। झील के किनारों पर जेट स्कीइंग, बोटिंग, कयाकिंग, वाटर स्कूटर जैसी रोमांचक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। पर्यटन विभाग द्वारा तटों के सौंदर्यीकरण, सुविधा विस्तार और निजी निवेश को बढ़ावा देने के प्रयासों से झील क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

#### स्थानीय युवाओं को मिल रहा रोजगार

**वाटर** स्पोर्ट्स और पर्यटन सेवाओं के चलते स्थानीय युवाओं के लिए ट्रेनिंग से लेकर गाइडिंग, बोट संचालन, होम-स्टे प्रबंधन तक अनेक रोजगार के अवसर खुले हैं। सरकार द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स युवाओं को पर्यटन उद्योग से जोड़ने में सहायक हो रहे हैं।

#### नई योजनाएं, बुनियादी ढांचे पर फोकस

**पर्यटन** को और मजबूती देने के लिए सरकार ने भाखड़ा डैम क्षेत्र को भी टूरिज्म जोन के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। रोपवे प्रोजेक्ट्स, व्यू प्वॉइंट्स, झील किनारे कैफे, साहसिक खेल पार्क जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनके पूरा होने से बिलासपुर पूरे उत्तर भारत में जल पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरेगा।

#### संस्कृति व इतिहास से भी जुड़ रहा पर्यटन

**बिलासपुर** में बंदला की पहाड़ी, विख्यात मंदिर और मेलों के साथ-साथ बिलासपुर की समृद्ध लोक संस्कृति भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। सरकार स्थानीय उत्सवों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक पर्यटन की दिशा में भी कार्य कर रही है।

#### पूर्व उपायुक्त आविद हुसैन सादिक की रही मेहनत

**बिलासपुर** में मुख्यमंत्री सुक्खू के सपनों को यथार्थ रूप से लागू करने के लिए अगर पूर्व उपायुक्त आविद हुसैन सादिक के प्रयासों की चर्चा न की जाए तो उचित नहीं होगा। सादिक ने वाटर स्पोर्ट्स को सिरे चढ़ाने के लिए बहुत मेहनत की। बिलासपुर में क्रूज का चलना उन्हीं के प्रयासों से ही संभव हो पाया था। अब वर्तमान डीसी राहुल कुमार मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा करने में लगे हैं।

*कुल मिला कर कहा जा सकता है कि बिलासपुर अब केवल हिमाचल का शांत जिला नहीं, बल्कि साहसिक, सांस्कृतिक और जल पर्यटन का तेजी से उभरता गढ़ बनता जा रहा है। यदि सरकार की योजनाएं इसी गति से मूर्तरूप लेती रहीं, तो आने वाले वर्षों में बिलासपुर, मनाली और धर्मशाला जैसे पर्यटन स्थलों की कतार में शामिल हो सकता है।*

***विशेष रिपोर्टः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।***

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी कॉलेज कांगड़ा में ओरिएंटेशन प्रोग्राम



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा में बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। छात्रों को कैंपस की सुविधाओं और संसाधनों का परिचय, शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की जानकारी, सुरक्षा और सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रश्नोत्तर सत्र और छात्रों की शंकाओं का समाधान इत्यादि के विषय में बताया। इसके अलावा छात्रों को कैंपस की विभिन्न सुविधाओं व संसाधनों, कैंपस जीवन और छात्र गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि हम आप सभी का इस महत्वपूर्ण ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्वागत करता हूं। हमारे संस्थान में आपके विधार्थी के रूप में पहले कदम को चिह्नित करता है। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### सन्हूं में साइबर फ्रॉड से बचने की दी जानकारी



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** मनी वाइस वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा पंजाब नेशनल बैंक गढ़ जमूला के सहयोग से सन्हूं पंचायत के कार्यालय में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें पीएनबी गढ़ जमूला के शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह, स्पर्श सूद व वित्तीय साक्षरता केंद्र से अनिता व सुषमा मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों को सेल्फ हेल्प ग्रुप के निर्माण व उसके कार्य के बारे में बताया गया। शिविर में डिजिटल बैंकिंग को प्रोत्साहित करने के लिए व साइबर फ्रॉड से लोगों को सावधान रहने के लिए बताया। उन्होंने शिविर में सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सन्हूं पंचायत की प्रधान शशिबाला, उपप्रधान संतोष कुमार, वार्ड मेंबर पूजा, दीपना, सलोचना देवी, प्रवीण कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बहुत से ग्रामीण मौजूद रहे।

### अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला निवासित तिब्बती की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला 13 जुलाई की सुबह 4 बजे का है। जब कुछ तिब्बती मैक्लोडगंज से गुजर रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने मैक्लोडगंज मुख्य चौक पर उनके साथ मारपीट की। तिब्बती के अनुसार उक्त व्यक्ति पुलिस की वर्दी में था और उसके वाहन की नंबर प्लेट टेंपरेरी थी, जो विजिबल नहीं थी। तिब्बती द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, साथ ही व्यक्ति के संबंध में जानकारियां जुटाई जा रही हैं। एएसपी हितेश लखनपाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में हर पहलू को ध्यान में रखकर पुलिस जांच में जुटी है।

### जिप सदस्य संतोष का देवी पंचायत में स्वागत



**अनंत ज्ञान, सुलह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत जिला परिषद सदस्य वार्ड नौरा संतोष कुमारी का देवी पंचायत में भव्य स्वागत किया गया। यहां पर जिप सदस्य डस्टबिन वितरण के लिए पहुंची थी। जिप सदस्य संतोष ने अब तक देवी पंचायत में लगभग तीन लाख 20 हजार का सामान वितरित किया है। वर्ष 2022-23 में 42 हजार रुपए के 7 बेंच, दो बावड़ी के काम पर 50000 रुपए, 44000 रुपए से लाइटें लगवाई गईं। वर्ष 2023-24 में 12500 रुपए की पानी की टंकियां वितरित की गईं। इसके अलावा अन्य सामान भी वितरित किया गया। वर्ष 2024-25 में 30000 के पांच बेंच लगवाएं, जबकि 13 हजार रुपए की एक स्ट्रीट लाइट, जबकि 121360 रुपए के 328 डस्टबिन हर परिवार को वितरित किए। गए।

## बीड़ बिलिंग में फैली गंदगी को लेकर बीड़ होटल एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बीड़ होटल एसोसिएशन के सदस्य।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व विख्यात बीड़-बिलिंग घाटी में चारों ओर फैलते कचरे और गंदगी को देखकर बीड़ होटल एसोसिएशन (भाषा) ने एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश अबरोल के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने एसडीएम बैजनाथ को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि पर्यावरण संरक्षण के लिए 'बीड़ ए जीरो वेस्ट डेस्टिनेशन' की सोच के साथ कचरा प्रबंधन खुद करने का फैसला लिया था।

इसमें आज तक एसोसिएशन द्वारा लगभग 6000 क्विंटल से अधिक सूखे और 7000 क्विंटल से अधिक गीले कचरे का निष्पादन किया है, जिसमें 7 क्विंटल सिंगल यूज पॉलीथिन को भी अलग करके लोक निर्माण विभाग बैजनाथ को सड़कों में तारकोल के साथ बिछाने के लिए दिया गया है। इसी बीच हमारे कार्य को देखते हुए प्रदेश सरकार के ग्रामीण स्वच्छता मिशन के तहत अढ़ाई वर्ष पूर्व कुल्लू जिले के निरमंड से लाकर एक कमपोस्टर व दो अन्य मशीनें दी गई जो कि वर्षों से वहां पर बिना काम पड़ी हुई थी। जिसमें से दो पड़ी खराब हो चुकी थी। सतीश ने कहा कि डीसी के प्रयास से इन मशीनों के लिए हमारे ही किराए के स्थान पर एक शेड की व्यवस्था और बिजली लगवाई गई तथा इस मशीन का बिजली बिल साडा द्वारा भरने की व्यवस्था की गई है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया है कि जब भी मरम्मत के लिए जरूरत पड़ेगी आपकी सहायता की जाएगी। गीले कचरे की मशीन की मरम्मत करने, क्षेत्र के लिए एक नई 10 क्विंटल की कंपोस्टर मशीन की व्यवस्था की मांग की। स्वच्छता कैफे के निर्माण कार्य की गति बढ़ाकर इसे जल्द पूरा किया जाए।

# एमएमवाईकेपीवाई के तहत अभी तक खेल मैदान निर्माण को मात्र 1 प्रस्ताव

## खेल निदेशालय ने दो सप्ताह का समय किया है तय

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री युवा खेल प्रोत्साहन योजना (एमएमवाईकेपीवाई) के तहत कांगड़ा जिले में खेल मैदान निर्माण के लिए अभी मात्र एक केस ही आया है। योजना के तहत खेल निदेशालय की ओर से दो सप्ताह का समय दिया गया है। ऐसे में जितनी जल्दी आवेदन आएंगे, उतनी जल्दी पैसा जारी होगा। गौरतलब है कि (एमएमवाईकेपीवाई) के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदान का निर्माण किया जाना है। योजना के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक की संस्तुति प्राप्त होने उपरांत फुटबाल फील्ड आकार के बहुउद्देशीय खेल मैदानों का निर्माण किया जाता है, जिसमें जिम की सुविधा भी होगी, जिससे लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों।

**जल्द आवेदन करने पर जल्द पैसा होगा जारी**



### पचास लाख रुपए से मेंटेनेंस वर्क

**धर्मशाला** स्थित इंडोर स्टेडियम की मेंटेनेंस के लिए 50 लाख का बजट स्वीकृत हुआ था, जिसमें लीकेज, रंग रोगन करने के साथ शौचालय व डोरमैट्री की मरम्मत की जा रही है। इस कार्य के जल्द पूरा होने की संभावना है।



"15-15 लाख रुपए के केस खेल मैदान बनाने व उनकी फेंसिंग सहित बास्केबाल व बैडमिंटन फील्ड बनाने के लिए मांगे गए हैं। जिले में अभी तक ही केस आया है, जबकि शेष आने बाकी हैं। खेल निदेशालय की ओर से दो सप्ताह के भीतर केस जमा करवाने को कहा गया है। इंडोर स्टेडियम की 50 लाख से मेंटनेंस की जा रही है।"

**-रवि शंकर, जिला खेल अधिकारी, जिला कांगड़ा।**

## पुलिस ने की लाहन के साथ महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा के तहत पड़ते बकराड़बा गांव में पुलिस ने एक महिला नशा तस्कर को कच्ची शराब से भरी हुई प्लास्टिक की कैनी के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा के कार्यकारी प्रभारी हेमराज शर्मा टीम सहित क्षेत्र में गश्त पर थे।

इस दौरान जब टीम बकराड़बा में पहुंची तो सड़क पर हाथ में कैनी लेकर आती हुई एक महिला को देखा। महिला सामने आ रही पुलिस टीम को देखकर घबरा गई और संदिग्ध हरकतें करने लगी, जिस पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने महिला को रोककर शक के आधार पर कैनी की जांच की तो उसमें 5000 मिलीलीटर लाहन बरामद हुई।

पुलिस ने लाहन को कब्जे में लेकर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हैप्पी बर्थडे



सराहां के दर्श गौतम को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## स्पोर्ट्स पर्सन्स श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 21 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड सीईटी-2025 परीक्षा के तहत डिस्टिंगग्विश्ड स्पोर्ट्स पर्सन्स श्रेणी में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की खेल प्रमाण पत्र सत्यापन काउंसिलिंग का आयोजन 21 जुलाई और 22 जुलाई को प्रात: 10:30 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग के लिए कुल 82 अभ्यर्थी पात्र घोषित किए गए हैं, जिनकी तिथि और रोल नंबर अनुसार सूची बोर्ड द्वारा जारी की जा चुकी है। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे डीएलएड सीईटी-2025 के प्रॉस्पेक्टस के पृष्ठ संख्या 12 से 14 में उल्लेखित नियमों के अनुसार, पूरी तरह से भरा हुआ बायोडाटा फॉर्म, अपने खेल प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां और मूल प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज तथा जाति, उपजाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां और मूल दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित तिथि पर काउंसिलिंग में उपस्थित हों। डीएलएड सीईटी-2025 सत्र 2025-27 के लिए प्रशिक्षण संस्थानों में सीट आवंटन की प्रक्रिया खेल प्रमाण पत्र सत्यापन काउंसिलिंग के उपरांत घोषित की जाएगी।

## अवैध खनन: चक्की खड्ड में जेसीबी जब्त



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर जिला पुलिस नूरपुर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत वीरवार को चक्की खड्ड में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी को जब्त किया है। जिला एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि जिला पुलिस नुरपूर द्वारा वर्ष 2025 में अवैध खनन माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 16 जुलाई तक अवैध खनन माफिया के खिलाफ 13 मामले दर्ज किया हैं। उपरोक्त मामलों में 28 वाहन भी जब्त किए हैं। इसके अलावा 427 चालान किए गए हैं और अवैध खनन में शामिल 94 वाहनों को जब्त किया गया है।

# निजी वाहनों व स्कूल बसों को न दी जाए टूअर परमिशन

## टैक्सी यूनियनों ने जताया ऐतराज, आरटीओ कार्यालय ने कार्रवाई नहीं की तो बसों की तरह उठाएंगे सवारियां

**अनंग ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**निजी** वाहनों व निजी स्कूल बसों को टूअर परमिशन देने पर टैक्सी यूनियनों ने ऐतराज जताया है। यूनियनों का कहना है कि आरटीओ कार्यालय ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो उन्हें भी रूटों पर चलने वाली बसों की तरह सवारियां उठाने को मजबूर होगा।

यूनियनों ने आरटीओ को चेताया कि वह अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेंगे। मलां, नगरोटा, टांडा, कांगड़ा, गगल, बंडी की टैक्सी यूनियनों का कहना है कि कार्यालय द्वारा प्राइवेट बसों, निजी छोटे वाहनों, रूट पर चलने वाली बसों एवं स्कूल की पीली रंग की गाड़ियों को दूर के टूर के लिए अनुमति दी जा रही है।

टैक्सी यूनियनों का कहना है कि वे सभी टैक्सी मालिक व चालक नियमित रूप से सरकार को टैक्स अदा करते हैं और उनके पास ऑल इंडिया परमिट भी उपलब्ध है। इसके बावजूद उन्हें टूर के लिए परमिट नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर निजी वाहनों व स्कूल बसों को टूर की अनुमति मिल रही है, जिससे स्थानीय टैक्सी चालकों का रोजगार प्रभावित हो रहा है।




निजी वाहनों व स्कूल बसों को टूअर परमिशन देने का ऐतराज जताती ट्रैक्सी यूनियन।

**टैक्सी यूनियनों ने आरटीओ को चेताया, सड़कों पर उतरने से नहीं करेंगे गुरेज**

### गाड़ी की किस्तें चुकाने में भी असमर्थ

**यूनियनों** का आरोप है कि इस प्रकार की अनुमति के चलते टैक्सी चालक पूरे दिन खाली बैठे रहते हैं, जिससे उनके लिए गाड़ी में तेल भरवाना और घर चलाना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि जिन स्कूल बसों और निजी वाहनों को टूर परमिट दिया जा रहा है, वे दोहरी कमाई कर रहे हैं, जबकि टैक्सी चालक अपनी गाड़ी की किस्तें चुकाने में भी असमर्थ हो रहे हैं। यूनियनों ने आरटीओ से मांग की है कि केवल टैक्सी चालकों को ही टूर की अनुमति प्रदान की जाए, अन्यथा वे अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की वार्षिक बैठक आयोजित

# अंडर-19 व सीनियर जिला स्तरीय कांगड़ा बैडमिंटन प्रतियोगिता 26 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा बैडमिंटन संघ की वार्षिक आम बैठक धर्मशाला में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा ने की। बैठक में बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी विशाल मिश्रा, सर्व चंद धीमान, संदीप ढींगरा, संजीव सूद, रविंद्र कपूर, गौरव चड्ढा, पवन चौधरी, अनुभव वालिया, पंकज शर्मा, विक्रम चौधरी, अनिल राणा, सुभाष वर्मा उपस्थित रहे।

महासचिव विलास हंस ने बताया कि जिला कांगड़ा बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग की 26 एवं 27 जुलाई को धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। अंडर-15 एवं अंडर-17 वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता अगस्त माह में आयोजित की जाएगी। अंडर-11 एवं अंडर-13 आयु वर्ग की प्रतियोगिता सितंबर महीने में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अंडर-9 आयु वर्ग तथा मास्टर वेटरन जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता नवंबर महीने में आयोजित की जाएगी।

### फैसला: सभी प्रतिभागी किए जाएंगे सम्मानित

बैठक में ऐतिहासिक फैसला लिया कि इस वर्ष से जितने भी प्रतिभागी जिला स्तर पर खेलने आएंगे, उन सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष से बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आधार पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ ने भी जो प्रतिभागी एकल प्रतियोगिता में पिछले वर्ष विजेता एवं उपविजेता रहे हैं तथा युगल एवं मिश्रित मुकाबले में विजेता रहे हैं, उन सभी खिलाड़ियों को इस वर्ष से जिला स्तर की प्रतियोगिता में फ्री एंट्री दी जाएगी। विलास हंस ने बताया कि जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आधार पर जिला स्तर पर जिला स्तरीय कैश प्राइज रैंकिंग चैंपियनशिप का आयोजन सभी आयु वर्ग के लिए आयोजित किया जाएगा, जोकि प्रदेश में पहली मर्तबा होने जा रहा है।

## जरोट की बेटी काजल की पटियाला में मौत, मां ने तंग करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान टीम, नगरोटा सूरियां/फतेहपुर।** नगरोटा सूरियां। पुलिस चौकी नगरोटा सूरियां के तहत जरोट की 28 वर्षीय एक युवती की पटियाला के कस्बा में मौत हो गई। मृतका काजल की करीब 3 साल पहले पटियाला में शादी हुई थी। मृतका की मां सुनीता देवी ने आरोप लगाया कि जब से उसकी बेटी की शादी हुई थी, तब से उसका पति व परिवार दहेज को लेकर तंग करते थे और मारपीट भी करते थे। मृतका की मां ने बताया कि परसों ही उन्हें मौत के बारे में खबर मिली, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस चौकी में जाकर मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को मार कर रस्सी से कमरे में टांग दिया गया था। मृतका की एक वर्ष की बेटी भी है।

**शादी के बाद पति और उसका परिवार करता था मारपीट**

वीरवार को मृतका का जरोट में अंतिम संस्कार किया गया। मृतका की मां सुनीता ने बेटी काजल की मौत की जांच की मांग की है। पंचायत जरोट प्रधान शमशेर सिंह ने बताया कि बंगाली समुदाय से संबंधित बेटी की शादी पटियाला के एक नजदीकी कस्बा में हुई थी, जिसका निधन हो गया। मृतका के परिजनों के बयान पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# परागपुर में सुरेंद्र मनकोटिया ने निपटाईं लोगों की समस्याएं

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** पूर्व कर्मचारी एवं कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह परागपुर में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश मामलों का समाधान मौके पर ही किया। इस अवसर पर लोक निर्माण, जल शक्ति, स्वास्थ्य, विद्युत और ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



सुरेंद्र मनकोटिया ने लोगों के साथ संवाद भी किया।

उन्होंने आम नागरिकों के साथ संवाद किया और प्रशासनिक स्तर पर समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। विशेषकर सड़क, पेयजल, बिजली और पेंशन से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता ने भी जनसुनवाई के इस प्रयास की सराहना की। विधायक व पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर द्वारा 'हारे और नकारे नेता' वाले बयान पर प्रतिक्रिया मांगी, तो सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने दो टूक अंदाज में जवाब दिया। गिरते हैं शहसवार ही मैदान-ए-जंग में, वो तिफ्ल क्या गिरे जो घुटनों के बल चले। मनकोटिया ने कहा कि जनता जानती है कि कौन उनके बीच रहकर काम करता है और कौन सिर्फ मंचों से भाषण देता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विपक्षी नेताओं को पहले अपने क्षेत्र की जमीनी हकीकत देखनी चाहिए, फिर दूसरों पर आरोप लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम होनी चाहिए, न आलोचना का मंच। जनता के विश्वास से बड़ा कोई प्रमाण नहीं और वह हर दिन उसी विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश कर रहे हैं।

## भवारना अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद खाली

**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान**

**सुलह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत भवारना अस्पताल में लैब टेक्नीशियन (एलटी) के स्वीकृत तीनों पदों को एक साथ नहीं भरा जाना चिंताजनक है। क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रहे इस अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी 200 से 300 के लगभग है।

यही नहीं यहां पर 50 बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण कार्य भी जोरों पर है। इसके बावजूद विडंबना यह है कि आज तक इस अस्पताल को पूरे स्वीकृत लैब टेक्नीशियन नहीं मिल पाए हैं। सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत आते सिविल अस्पताल में करीब 50 पंचायतों के लोग स्वास्थ्य उपचार करवाते हैं और सभी टेस्ट भी किए जाते हैं, लेकिन अभी तक इस अस्पताल को स्वीकृत पदों के अनुरूप लैब टेक्नीशियन नहीं मिल पाए हैं। अस्पताल में लंबे समय से लैब टेक्नीशियन के दो पद खाली चल रहे हैं। एक लैब टेक्नीशियन नियमित व एक आरकेएस के तहत कार्यरत है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन द्वारा सरकार को इस बारे में कई बार पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन उक्त तीनों पदों पर नियमित नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। बीएमओ भवारना डॉ. नवीन राणा बीएमओ भवारना ने कहा कि अस्पताल में ओपीडी 200 से 300 के बीच रहती है। अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की तीन पोस्टें हैं, जिनमें से एक नियमित, एक आरकेएस के तहत भरी गई है, जबकि एक पोस्ट खाली है। खाली पोस्ट के संबंध में हर माह सरकार को पत्र के माध्यम से रिपोर्ट भेजी जाती है।



# 10 ट्रैकिंग मार्गों के प्रारंभिक बिंदुओं पर चेक पोस्ट स्थापित: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले में ट्रैकर्स के लापता होने की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने ट्रैकिंग करने वाले लोगों की सुरक्षा और निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए एक अहम कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में सबसे अधिक उपयोग में लाए जाने वाले 10 ट्रैकिंग मार्गों के प्रारंभिक बिंदुओं पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन चेक पोस्टों पर प्रशिक्षित आपदा मित्रों और अन्य स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है, जो प्रत्येक ट्रैकर का पंजीकरण अनिवार्य रूप से करेंगे।

इस व्यवस्था का उद्देश्य ट्रैकर्स का रीयल टाइम रिकॉर्ड रखना है, जिससे आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। चेक पोस्ट सल्ली, नौहली, गल्लू टेंपल, खडोता विलेज, कंड कडियाणा, जिया, थाला, नानाहार, उतराला पावर प्रोजेक्ट, राजगुंधा में स्थापित किए गए हैं।

**नियमों का पालन करें:** जिला प्रशासन सभी ट्रैकिंग प्रेमियों और टूर ऑपरेटर्स से अनुरोध करता है कि वे इस पहल में सहयोग करें और नियमों का पूर्ण पालन करें। यह कदम जनहित में उठाया गया है, ताकि ट्रैकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को रोका जा सके। अधिक जानकारी और सहायता के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र कांगड़ा से संपर्क करें।

**जिला प्रशासन कांगड़ा ने ट्रैकर्स की सुरक्षा के लिए उठाए कारगर कदम**

### बिना पंजीकरण ट्रैकिंग करना प्रतिबंधित

इस सुरक्षा प्रक्रिया को कानूनी रूप देने के लिए जिला दंडाधिकारी द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत आदेश जारी किए गए हैं, जिनके अनुसार अब इन 10 चिन्हित ट्रैकिंग मार्गों पर पंजीकरण के बिना ट्रैकिंग करना प्रतिबंधित है। जो व्यक्ति बिना पंजीकरण के ट्रैकिंग करते हुए पाया जाएगा, उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर धर्मशाला को मिला 460वां रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम धर्मशाला ने राष्ट्रीय स्तर पर मध्यम शहरों में 460वां रैंक प्राप्त किया है। प्रदेश स्तर पर धर्मशाला नगर निगम आठवें स्थान पर रही है। सिटी रिपोर्ट कार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन में नगर निगम धर्मशाला ने 53 फीसदी अंक हासिल किए हैं। सेगरीगेशन में 20 फीसदी कार्य ही धर्मशाला नगर निगम में हो पाया है। कचरा प्रबंधन में 52 फीसदी, डंपिंग साइट के निष्पादन में 56 फीसदी, जलस्त्रोतों में सफाई 60 फीसदी पाई गई है। इसके अलावा आवासीय बस्तियों, बाजारों व शौचालय स्वच्छता में धर्मशाला नगर निगम ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में धर्मशाला नगर निगम की राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में रैंकिंग 3040 थी। नॉर्थ जोन में धर्मशाला नगर निगम 87वें स्थान पर और प्रदेश स्तरीय रैंकिंग 37वें स्थान पर रही थी। उधर, नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि वर्ष 2023 के मुकाबले स्वच्छता क्षेत्र में नगर निगम ने वर्ष 2024 में अच्छा कार्य किया है। इसके चलते स्टेट रैंकिंग में 37वें से नगर निगम धर्मशाला आठवें स्थान पर पहुंचा है।

**प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 37वें से आठवें स्थान पर पहुंचा नगर निगम धर्मशाला**

## न्यूज ब्रीफ

### सामा कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में 18 जुलाई को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह सवा दस बजे कालेज सभागार में होगा। इस दौरान कालेज की प्राचार्य डा. ललिता रावत छात्रों को संबोधित करेगी। कार्यक्रम आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक मार्गदर्शन, कालेज के नियम एवं परिनियम, कैरियर विकल्प, शिक्षा में नवाचार एवं कालेज की विभिन्न गतिविधियों के विषय में अवगत करवाना रहेगा! इस दौरान कालेज के सभी प्राध्यापक, गैर शिक्षक वर्ग, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं और आमंत्रित अतिथि मौजूद रहेंगे।

### चौपाल कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में बीए एवं बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय से संबंधित सभी जानकारियों दी गई। महाविद्यालय की प्रेस सचिव सहायक आचार्य बबिता ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय की सहायक आचार्य प्रियंका ठाकुर ने महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों का परिचय विद्यार्थियों को दिया। सहायक आचार्य नेहा शर्मा ने महाविद्यालय की आधारभूत संरचना के विषय में बताया। तत्पश्चात सहायक आचार्या मिताली माल्टा ने महाविद्यालय में संचालित सभी विषयों से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी। सहायक आचार्या कन्या नेगी ने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन पर दिशा-निर्देश दिए। सहायक आचार्य मयंका शर्मा ने महाविद्यालय में संचालित सभी समितियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य शिक्षा के द्वारा ही संस्कार प्राप्त करता है।

### 31 तक करवाए इग्नू में दाखिले और पुनः पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में चल रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र के तहत जुलाई सत्र 2025 में प्रवेश व पुनः पंजीकरण के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। इग्नू अध्ययन केंद्र-1116 के समन्वयक डॉ. राय सिंह ने बताया कि दाखिले व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर समय रहते अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी किसी कारणवश पूर्व में निर्धारित तिथि तक पंजीकरण नहीं करवा पाए थे, वे इस अवसर का लाभ उठाकर 31 जुलाई तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इग्नू ने इस सत्र से एमबीए पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम में भी शुरू करने का अवसर प्रदान किया है! जो हिंदी भाषी छात्रों के लिए बड़ी सुविधा है। अंत में डॉ. राय सिंह ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### एबीवीपी रामपुर इकाई ने उठाई समस्याएं

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला रामपुर द्वारा आज जिला स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक रवि वर्मा ने हाल ही में पालमपुर में संपन्न प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में पारित दो प्रमुख प्रस्तावों-हिमाचल प्रदेश का वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य और हिमाचल प्रदेश का परिचय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। रवि वर्मा ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी और शैक्षिक ढांचे की पर सवाल उठा । उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता में आने से पूर्व व्यवस्था परिवर्तन और 10 गारंटी देने का दावा कर रही थी, लेकिन ढाई वर्षों बाद भी धरातल पर कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं देता। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 1097 प्राथमिक व मिडिल स्कूलों को बंद कर या क्लस्टर करके छात्रों के साथ अन्याय किया है, जिससे आज माता-पिता अपने बच्चों को मजबूरी में निजी स्कूलों में भेजने को विवश हैं। उन्होंने सवाल किया कि एक कृषि प्रधान राज्य में आम जनता बढ़ती फीस और अन्य खर्चों को कैसे वहन करेगी? केंद्रीय विश्वविद्यालय के ढांचे को अब तक तैयार न होने के लिए प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैये और वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को 30 करोड़ जमा न करा पाने को जिम्मेदार ठहराया।

### बिलासपुर कॉलेज में चलाया भांग उखाड़ो अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग ने भांग उखाड़ो अभियान चलाया। विभागाध्यक्ष प्रो. अश्वनी चंदेल के नेतृत्व में छात्रों और शिक्षकों ने नए भवन परिसर के आसपास उगी भांग व झाड़ियों को हटाया और फूल लगाए। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय को भांग मुक्त बनाने की यह पहल छात्रों में स्वच्छता, जिम्मेदारी और सामूहिक कार्य की भावना को बढ़ावा देती ह

### श्री नयना देवी से पौधरोपण अभियान का शुरुआत



**अनंत ज्ञान, नयनादेवी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के सफल कार्यकाल को लेकर भाजपा देशभर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। विधायक रणधीर शर्मा ने श्री नयना देवी में पौधोपण करने के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष को लेकर भाजपा प्रत्येक बूथ पर मतदान केंद्र पर 11 पौधे लगाए जाएंगे। माता श्री नयना देवी के दरबार से वीरवार को इस अभियान की शुरुआत की गई है और 15 अगस्त तक सभी मतदान केंद्र पर पौधे लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। पौधरोपण अभियान के शुभारंभ पर श्री नयना देवी जी से बूथ अध्यक्ष अलकेंद्र शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, आशुतोष शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष भरत गौतम, अनिरुद्ध शर्मा, दीपक शर्मा, निखिलेश शर्मा,कविता शर्मा सीता राम, सुरेश गौतम, उमेश गौतम उपस्थित रहे।

### 70 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 23 को

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी।** एसआईएस सिक्योरिटी, इंडिया लिमिटेड, रीजनल ट्रेनिंग सेंटर हमीरपुर (नियर्स वुढ पार्क, सैनिक स्कूल बड़सर रोड हमीरपुर द्वारा सुरक्षागार्ड के 70 पदों के लिए 23 जुलाई को प्रातः 11 बजे उप रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है। इससे उच्च योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी भी इस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 17,500 रुपए से लेकर 22,000 रुपए तक प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि को उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### टिक्कर गांव के संजीव इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की पटेर पंचायत के टिक्कर कसोलियां गांव के संजीव कौंडल सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत हुए हैं। संजीव कौंडल की इस उपलब्धि पर इलाके में हर्ष की लहर है। संजीव सीआईएसएफ में वर्ष 2003 में बतौर सिपाही भर्ती हुए। इसके बाद कमीशन परीक्षा की और 2010 में सब इंस्पेक्टर बने। अब वर्ष 2025 में उन्होंने इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति मिली है। महाराष्ट्र के तारापुर में स्थित उनके कार्यालय में बाकायदा कमांडेट ने स्टार लगाकर उनका अभिवादन किया।

### डियारा सेक्टर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर द्वारा डियारा सेक्टर स्थित डे-केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ. एमएल गुप्ता ने बुजुर्गों की बीपी, शुगर और अन्य जांच की। उन्हें योग, सैर और नशा-मुक्त जीवन अपनाने की सलाह दी गई। निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस मौके पर प्रबंधक रवि कुमार, नर्स माया देवी और मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश बंसल सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक प्रधान सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिला महासचिव विभोर शर्मा ने बताया कि इस बार जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 25 जुलाई से 27 जुलाई तक लुहणू इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, सीनियर वर्ग पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले भी करवाए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को हिमाचली बोनाफाइड प्रमाणपत्र के साथ जन्म प्रणाम पत्र लाना आवश्यक है। प्रवेश शुल्क 25 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक इंडोर स्टेडियम लुहणू में जमा होंगे।

---

सड़क हादसों में मददगार बनिए, सरकार देगी 25,000 रुपए का इनाम और होगा सम्मान

# शिमला में 'राहवीर योजना' लॉन्च

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले नेक दिल नागरिकों को अब केंद्र सरकार की 'राहवीर योजना' के तहत 25,000 रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। शिमला के उपायुक्त ने आज इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ लोगों से अपील की है कि वे दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। विशेष रूप से उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा जो दुर्घटना के 'गोल्डन ऑवर' (पहले एक घंटे) के भीतर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं।

उपायुक्त ने आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस विभाग को उन सभी नागरिकों की पहचान करने के निर्देश दिए जिन्होंने हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद की है, ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। समिति सदस्यों से मददगारों की जानकारी जिला प्रशासन को देने का आग्रह किया। इसका उद्देश्य न केवल इन नायकों को पहचान देना है, योजना के बारे में जागरूक करना भी है।



शिमला में आवश्यक बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त शिमला।

- सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला भी होगी
- दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं लोग

### सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा

**सड़क** सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर है। उपायुक्त ने बताया कि 28 जुलाई, 2025 को बचत भवन में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी हितधारक शामिल होंगे। इसके बाद उपमंडल स्तर पर भी ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सड़क पर हुए सभी प्रकार के अतिक्रमणों को तुरंत हटाया जाए ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### यातायात संकेत स्थापित करने के निर्देश

**नगर** निगम शिमला को दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान करने और वहाँ आवश्यक यातायात संकेत व अन्य सुरक्षा उपाय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, सड़कों के किनारे खड़े सूखे पेड़ों की सूची भी तैयार करने को कहा गया है, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

### परिवहन विभाग लगाएगा नेत्र जांच और रक्तदान शिविर

**क्षेत्रीय** परिवहन अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग नियमित रूप से नेत्र जांच शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। इसके अलावा, वाणिज्यिक वाहनों में ओवरलोडिंग की जांच की जा रही है और चालान काटे जा रहे हैं। शिक्षण संस्थानों और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं उन्होंने प्रदूषण जांच केंद्रों की कमी को देखते हुए, उपायुक्त ने मोबाइल वैन के विकल्प तलाशने और वाहन पासिंग के दौरान ही चालकों को प्रदूषण जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें परेशान न हो।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रोहडू**



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य मेहमान व अन्य।

विकास खंड रोहडू द्वारा इंडोर खेल मैदान रोहडू में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रोहडू व छौहारा क्षेत्र के चांशल क्लस्टर लेबल फेडरेशन के करीब एक सौ आठ स्वयं सहायता समूह सहित सोलह ग्राम संगठन की 750 के करीब महिलाएं शामिल रही। फेडरेशन की प्रधान सुनीता नेगी द्वारा सालभर किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं आगामी वर्ष में होने वाली गतिविधियों को भी मुख्यातिथि के समक्ष रखा। इस मौके पर महिलाओं ने अपने-अपने समूह द्वारा बनाए गए व्यंजनों सहित स्थानीय अनाज की प्रदर्शनी भी लगाई! इसके साथ ही महिलाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आज के दौर में चल रहे नशे पर भी लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई। इस दौरान उपमंडल उपपुलिस अधिक्षक रोहडू प्रणव चौहान ने नशे व ड्रग्स एवं आए दिन लोगों के साथ हो रहे साइबर ठगी से संबंधित अपराधों के विषय में महिलाओं को जागरूक किया।

उपमंडलाधिकारी रोहडू धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह के उत्थान के लिए कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उस पर भी महिलाओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने अपने संबोधन में बताया कि प्रदेश में महिला वर्ग आज हर क्षेत्र में भाग ले रही हैं। विधायक ब्राक्टा ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती हैं।

## स्किल डेवलपमेंट के लिए चार प्रशिक्षण संस्थानों का किया नवीनीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त की अध्यक्षता में आज स्किल डेवलपमेंट अलाउंस और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्किल डेवलपमेंट के लिए चार प्रशिक्षण संस्थानों का नवीनीकरण किया गया और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत तीन नए आवेदन अनुमोदित किए गए। बैठक में स्किल डेवलपमेंट के लिए चार प्रशिक्षण संस्थानों का जनवरी 2025 से दिसंबर 2026 तक के लिए पैनल में नवीनीकरण (रिन्यूअल) किया गया। यह निर्णय निरीक्षण रिपोर्ट के बाद लिया गया। इन संस्थानों में विंग्स कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर, चौपाल शामिल है, जहां डीसीए के लिए 60 सीटें और एसीसीए के लिए 30 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, खनेरी, रामपुर को भी नवीनीकृत किया गया है, जो ब्यूटी कल्चर और हेयर ड्रेसिंग के लिए 20 सीटें प्रदान करता है।

इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर टैली ऑर्गेनाइजेशन, रामपुर में डीसीए के लिए 50 सीटें उपलब्ध हैं, और खनेरी, रामपुर के वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में कटिंग व शेविंग के लिए 20 सीटें हैं। ई-टैक्सी के लिए 3 आवेदकों को अनुमोदित किया गया है। लाभार्थियों में जुब्बल-कोटखाई की कीर्ति काल्टा, जटोली मुंडाघाट के सुरेंद्र और नाभा, शिमला के वरुण शामिल हैं।

## जुन्गा क्षेत्र के सभी स्कूलों में किया टीकाकरण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जुन्गा के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक पाठशाला नागरी व पैंदली तथा मिडल स्कूल पैंदली में बच्चों का टीकाकरण किया गया। सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्स प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि जुन्गा तहसील के अंतर्गत सभी स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से बच्चों को डीपीटी और टीडी बूस्टर डोज दी गई ताकि बच्चे का विभिन्न रोगों से बचाव हो सके।

टीकाकरण सत्र के दौरान शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम भी करवाए गए । जिसमें महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म बारे ग्रामीण क्षेत्रों में फैली भ्रातियां और व्यक्तिगत स्वच्छता बारे जागरूक किया गया।

## सुपरवाइजर और बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**



राष्ट्र स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद कर्मी।

**रोहडू।** पालीटेक्निक कालेज रोहडू में सुपरवाइजरों व बूथ स्तर अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया है, जिसमें अंतिम चरण के तीसरे बैच के बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहे। रोहडू विधान सभा क्षेत्र के सभी 125 बीएलओ और 13 सुपरवाइजरों को सफलतापूर्ण प्रशिक्षित दिया गया।

तीन दिनों में हुए प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में बीएलओ और सुपरवाइजर को संवैधानिक व कानूनी प्रावधान बीएलओ की भूमिका और कर्तव्य, जिसमें घर-घर सर्वेक्षण प्रक्रिया एवं औपचारिकताएं बताई गई। साथ ही कुछ सुझावात्मक स्क्रिप्ट/सूचनाएं इत्यादि की गहन जानकारी दी गई।

दूसरे सत्र में बूथ स्तरीय अधिकारियों को रोल प्ले, फॉर्म भरने के अभ्यास, मूल्यांकन और घर-घर चुनावी सर्वेक्षणों से संबंधित केस स्टडी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

बूथ स्तरीय अधिकारियों को 3-5 व्यक्तियों के समूहों में विभाजित प्रतिभागियों को रोल प्ले में शामिल किया गया, जो विभिन्न परिदृश्यों के आधार पर विनम्र संचार, सही पहचान और चुनावी फॉर्म (फॉर्म 6, 6ए, 7, 8) के उचित संचालन जैसे प्रमुख तत्वों पर केंद्रित थे।

तीसरे सत्र में बीएलओ व सुपरवाइजरों को वोटर हेल्पलाइन ऐप व बीएलओ ऐप इत्यादि का गहन प्रशिक्षण दिया गया! ऑनलाइन फॉर्म भरना और फॉर्म भरने के अभ्यासों का मूल्यांकन भी किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में जो कि चौथे सत्र में फॉर्म भरने के अभ्यास के परिणामों की घोषणा की गई। चयनित उत्तरों (भरे हुए फॉर्म) का प्रदर्शन जिनमें गलतियां/ त्रुटियां हैं और गलतियों/ त्रुटियों पर चर्चा एवं इस क्षेत्र में उनसे कैसे बचें, संदेह क विषय में समाधान किया गया ।

## केवी घुमारवीं की कक्षाएं पीएम श्री छात्र पाठशाला में होंगी संचालित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**केंद्रीय** विद्यालय घुमारवीं भवन को असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रखने के उद्देश्य से विद्यालय की कक्षाएं अब अस्थायी रूप से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला घुमारवीं में संचालित की जाएंगी।

इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर, एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी तथा उपनिदेशक उच्च शिक्षा ने संयुक्त रूप से छात्र पाठशाला परिसर का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में आठ कक्षाओं का चयन किया, जहां केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं संचालित होंगी। ओमकांत ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करते हुए केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं यथाशीघ्र आरंभ करवाई जाएं। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिला प्रशासन इस दिशा में शिक्षा विभाग को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रहा है।



अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ने छात्र स्कूल का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा।

## आशा कुरैशी ने आपदा राहत के लिए सौंपा 51,000 रुपए का चेक



साहित्यकार शब्बीर कुरैशी की 19वीं पुण्यतिथि पर स्मृति सभा आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के प्रसिद्ध पत्रकार, साहित्यकार, कवि और गायक स्व. शब्बीर कुरैशी की 19वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि जो व्यक्ति निधन के 19 वर्ष बाद भी लोगों की स्मृति में जीवित हो, वह असाधारण व्यक्तित्व का धनी होता है। डीसी ने स्वर्गीय शब्बीर कुरैशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आयोजकों आशा कुरैशी, अजहर कुरैशी, रविंद्र भट्टा व अनीश ठाकुर ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि डीएलओ नीलम चंदेल को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशा कुरैशी ने मंडी आपदा राहत के लिए 51,000 रुपए का चेक डीसी को सौंपा।

### भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक 20 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर की आम सभा रविवार 20 जुलाई को ठाकुरद्वारा मंदिर औहर में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। समिति के प्रधान देश राज शर्मा ने बताया कि बैठक में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा विस्थापितों की जमीनों पर लगाए जा रही बुर्जियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आगामी रणनीति तय की जाएगी, ताकि विस्थापितों के हितों की रक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि जनरल हाउस में समिति के आगामी चुनाव भी कराए जाएंगे, ताकि संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाया जा सके।

## जिला बार संघ बिलासपुर से 2 अधिवक्ताओं की सदस्यता बर्खास्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बार संघ एसोसिएशन बिलासपुर की विशेष बैठक प्रधान श्यामलाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें सभी अधिवक्ता सदस्य उपस्थित रहे। बैठक एक शिकायती पत्र के संदर्भ में आयोजित की गई थी, जिसमें नामजद अधिवक्तागण अंकु गौतम व रोहित शर्मा की गतिविधियां जिला बार संघ बिलासपुर की गरिमा एवं मर्यादा के विरुद्ध पाई गईं। यह तथ्य सामने आया कि पूर्व में भी उक्त अधिवक्ताओं के विरुद्ध शिकायतें बार संघ के पास प्राप्त हुई थीं। इन सभी शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, जिला बार संघ बिलासपुर ने एकमत होकर निर्णय लिया कि अंकु गौतम व रोहित शर्मा को तुरंत प्रभाव से जिला बार संघ की सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि अन्य दो अधिवक्ता अनुज गौतम व यश शर्मा को भी जिला बार संघ की सदस्यता से 6 माह के लिए निलंबित किया जाता है। इनके निलंबन व निष्कासन के संबंध में बार काउंसिल ऑफ हिमाचल को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह जानकारी जिला बार संघ के प्रेस सचिव एडवोकेट पंकज वर्मा ने दी।

- अन्य दो अधिवक्ताओं को भी किया निलंबित

## कुठेड़ा से आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर 2 गाड़ियां रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



राहत सामग्री के वाहन को रवाना करते व्यापार मंडल के सदस्य।

**उपमंडल** घुमारवीं की कुठेड़ा पंचायत से मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए दो राहत गाड़ियां रवाना की गईं। व्यापार मंडल कुठेड़ा और स्थानीय लोगों के सहयोग से यह सामग्री एकत्र की गई। थुनाग, गोहर और करसोग उपमंडलों में हाल ही में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सोनी ने कहा कि समाज और शासन मिलकर कार्य करें तो किसी भी आपदा से निपटना संभव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी व्यापार मंडल जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहेगा।

### वन भूमि पर पुनर्वास की अनुमति जरूरी : रामलाल ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य समन्वय समिति सदस्य रामलाल ठाकुर ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की उस मांग का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन कर हिमाचल के आपदा प्रभावितों को वन भूमि के उपयोग की अनुमति देने की बात कही है।उन्होंने कहा कि हिमाचल एक छोटा और पहाड़ी राज्य है, जिसकी समस्याएं विशिष्ट और जटिल हैं। पुराने कानून अब व्यावहारिक नहीं रह गए हैं, इन्हें वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार ढालना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा विस्थापितों को पुनर्वास देने में यही कानून सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। जब तक केंद्र सरकार वन भूमि आवंटन संबंधी संशोधन नहीं करती, विस्थापितों को उनके हक की जमीन देना संभव नहीं। उन्होंने इसे 60 वर्षों से चला आ रहा अन्याय बताया और तत्काल समाधान की मांग की।

### मंडी में आई आपदा ग्लोबल वार्मिंग का संकेत : शर्मा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं** मंडी जिले में हाल ही में बादल फटने की घटना से भारी तबाही मची, जिसमें जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। कैप्टन शर्मा ने कहा कि इंसान आज स्वार्थ की दौड़ में इतना आगे निकल चुका है कि उसने प्रकृति की अनमोल देन को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया है। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर ग्लेशियरों तक, हर प्राकृतिक संपदा पर आधुनिकता और भौतिकता की मार पड़ी है। आज बर्फ के पहाड़ भी गर्मी की तपिश महसूस कर रहे हैं, जिससे धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी की यह त्रासदी कहीं न कहीं ग्लोबल वार्मिंग और प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ की ओर इशारा करती है।

### पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी की बैठक 19 जुलाई को स्वारघाट खंड के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस स्वारघाट में 11 बजे रखी गई है। बैठक प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में होगी, जिसमें संगठन के वर्तमान स्थिति व हालात, पेंशनरों की मांगों के लिए जिला स्तर पर रणनीति बनाई जाएगी।

### विद्यार्थी अपने सपनों को ही बनाएं करियर



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं ।** शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन करियर काउंसलर रीति मल्होत्रा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य को लेकर जागरूक करने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने का सराहनीय कार्य किया। मल्होत्रा ने बच्चों को अपने जुनून और रुचियों को पहचानने की अहमियत समझाई और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को ही अपना करियर बनाएं। स्कूल के निदेशक पंकज चंदेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को न सिर्फ शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू के लिए तैयार करना भी है।

### शाहतलाई से मरोतन तक बस चलाने को मंजूरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा शाहतलाई से एम्स बिलासपुर तक नई बस सेवा को मंजूरी दे दी है। यह बस सेवा बुहाड़, मल्होट और मरोतन होते हुए चलेगी, जिससे इन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सीधी और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इस रूट की विशेष बात यह है कि यह बागछाल ब्रिज से होकर गुजरेगा, जो इस मार्ग का पहला एचआरटीसी बस रूट होगा। एचआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस मार्ग पर बस सेवा शुरू कर दी जाएगी और समयसारिणी भी तय कर दी जाएगी।

### जनमन की आवाज थे शब्बीर कुरैशी : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार स्व. शब्बीर कुरैशी की 19वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह न केवल पत्रकारिता के स्तंभ थे, बल्कि समाज के सजग प्रहरी भी थे। उनकी लेखनी सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करती थी और जनजागरण का मार्ग प्रशस्त करती थी। हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू पर उनकी गहरी पकड़ तथा कहलूरी व पहाड़ी जुबान में रचे-बसे उनके शब्द हमेशा लोगों को जोड़ने का कार्य करते रहे। उनका जीवन समाज सेवा और बौद्धिक जागरूकता को समर्पित रहा, जिसे बिलासपुर कभी नहीं भुला सकता।

### बरमाणा को स्मार्ट सिटी बनाने का कार्य जारी : अवधेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाना को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत करते हुए जानकारी दी कि लगभग सात महीने पूर्व एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग ने लोक निर्माण विभाग को 86 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया था। इसके तहत बरमाना क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस परियोजना के तहत कैंचीमोड़ शहर से लेकर कस्याण नाला तक नालियों और फुटपाथ का निर्माण कार्य जारी है। इसके अलावा फोरलेन जीरो चौक पर एनएच को चौड़ा करने के लिए एक बड़े डंगे का निर्माण कार्य चल रहा है। अगले चरण में पर्लाहार से लेकर कैंचीमोड़ शहर और लघट गांव तक नाली व फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। कस्याण नाले के दोनों किनारों पर 8 फीट ऊंची सुरक्षा जाली लगाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों के लिए विभिन्न बीमारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया। उन्हें आंख, कान, नाक और गले से संबंधित रोगों के बारे में जानकारी दी। साथ ही इन रोगों से निपटने के तरीके बताए। कार्यशाला के चौथे दिन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मरीजों के उपचार और बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। इसके अलावा प्रतिभागियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपिन ठाकुर ने दी।

### रात को नदी-नालों में ठिकाने लग रहा कूड़ा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शहर के विभिन्न मोहल्लों व मुख्य बाजार से एकत्रित कूड़े- कचरे के निस्तारण की व्यवस्था नगर परिषद के लिए चुनौती बनकर रह गई है। कुरांह स्थित कूड़ा संयंत्र के ग्रामीणों के विरोध के चलते बंद होने से कूड़े-कर्कट को रात के अंधेरे में इधर-उधर नदी व नाले में गिराया जा रहा है। इसको लेकर नगर परिषद के ठेकेदारों को कई मर्तबा स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। कूड़ा-कर्कट खुले में गिराकर वातावरण को प्रदूषित करने को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से नगर परिषद को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद चंबा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर सालाना करोड़ों रुपए की राशि खर्च करती है। इसको लेकर ठेकेदारों को वार्ड वाइज काम दिया गया है, जोकि लेबर के माध्यम से डोर-टू-डोर के अलावा शहर के गली-मोहल्लों से कूड़ा-कर्कट एकत्रित करते हैं। मगर रोजाना शहर से एकत्रित होने वाले टनों के हिसाब से कूड़े-कर्कट के निष्पादन के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। पठानकोट एनएच पर जामुन मोड से न्यू बस अड्डे के हिस्से में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगकर रह गए हैं। इसके अलावा कूड़े-कर्कट के कई ओर हाटस्पाट भी तैयार हो गए हैं। शहरवासियों ने सवाल उठाया है कि कूड़ा-कर्कट के निष्पादन की व्यवस्था न होने के बावजूद साफ-सफाई व्यवस्था पर करोड़ों की राशि खर्च करने का क्या औचित्य। उन्होंने बताया कि ठेकेदारों को करोड़ों रुपए के भुगतान के अलावा शहर में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने के लिए मासिक फीस अलग से वसूली जाती है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत चलेगा जागरूकता अभियान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नशा मुक्ति अभियान के तहत आज सज्जाओ क्षेत्रीय कमेटी की बैठक डॉ. विना राठौर की अध्यक्षता में सजाओपिपलू में आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि इस अभियान के लिए ट्रेंड किए गए रिसोर्स पर्सन की बैठक 30 जुलाई को आयोजित की जाएगी।उसके बाद अगस्त से दूसरे सप्ताह में कॉलेजों और आईटीआई में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नशे के ख़िलाफ़ जंग जीतने के लिए महिलाओं की भूमिका अहम है और उन्हें इस अभियान में शामिल करने के लिए गीत, संगीत, लघु नाटकों की प्रतियोगिता 15 अगस्त को अंबेडकर भवन में आयोजित की जाएगी और बेतरीन विषयवस्तु और प्रस्तुतियां देने वाले महिला मण्डलों सम्मानित किया जायेगा। प्रथम स्थान पर आने वाले समूहों को 2100 दूसरे स्थान पर आने वालों को 1500 तथा तीसरे स्थान पर आने वाले 1100 रुपए ईनाम दिया जाएगा। इसके अलावा गांव-गांव में कमेटियां गठन करने की योजना पंचायत स्तर की बैठकों में की जाएगी।यह भी निर्णय लिया गया कि नशा मुक्ति के लिए 15 अगस्त के साथ गांव गांव जाकर कमेटियां गठित की जाएंगी और लोगों को जागरूक किया जाएगी। 20 जुलाई को डरवाड़ पंचायत घर में जागरूकता शिविर ग्राम सभा के साथ किया जा रहा है। बैठक खण्ड अध्यक्ष भुपिंद्र भूप्पी, सचिव सतीश कुमार, सुरेंद्र कशयप, हेमराज, सोहन लाल, मेहर सिंह, प्रताप सकलानी, विजय कुमार, चन्द्र पाल विजय कुमार और भुपेंद्र सिंह इत्यादि ने भाग लिया।

डीसी मुकेश बोले–योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बनाया जाए सुनिश्चित, कहा–

# कौशल विकास के लिए होंगे आउटरीच कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम, अनुसूचित जाति–जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा नेशनल ट्रस्ट और दिव्यांग जनों के अधिकारों से संबंधित विषयों पर जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ निर्धारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया ।

मुकेश रेपसवाल ने अल्पसंख्यक समुदाय विशेषकर गुज्जर जनजाति के लोगों द्वारा अल्प अवधि के लिए ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों (धारों) में प्रवास के चलते विद्यार्थियों व छोटे बच्चों की स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुपस्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों व



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए उपायुक्त।

सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय से मामले के समाधान को व्यावहारिक उपाय एवं सुझाव देने को कहा । उन्होंने अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से जोड़ने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित लोगों को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित आंकड़ों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 1861 परिवारों को लाभान्वित किया गया। इसी तरह 151 स्वयं सहायता समूह से 812 परिवार जुड़े हैं। बैठक में जिला विकास कार्यालय से अर्थशास्त्री ने अवगत किया कि जिले में अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित कुछ समुदाय ऐसे भी हैं, जो अनुसूचित जनजाति श्रेणी में सूचीबद्ध हैं तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ अनुसूचित जनजाति के तहत प्राप्त कर रहे हैं। मुकेश ने अल्पसंख्यक वर्गों से संबंधित युवाओं में कौशल विकास क्षमता को बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रभारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन को भी कहा। दिव्यांग विद्यार्थियों को अधिकारिता विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली छात्रवृत्ति योजना से जोड़ने को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

### स्वीकृत कार्यों को मार्च 2026 तक पूरा करें विभाग

**राज्य** आपदा प्रबंधन फंड के उपयोग बारे जिला मुख्यालय चंबा में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में एसडीएमएफ के अंतर्गत विभिन्न विभागों के लिए स्वीकृत कार्यों की प्रगति वारे समीक्षा तथा इस संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागों से संबंधित कार्यों व परियोजनाओं को मार्च 2026 तक पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य जिनके अभी तक टैंडर अवार्ड नहीं हुए हैं की टैंडर प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए। बैठक एसडीएमएफ से संबंधित परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को पूरा करने में में आ रही कठिनाईओं व उनके समाधान बारे चर्चा की गई। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा (क्वालिटी) कमलेश कुमारी, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश, लोनिवि के अधिशाषी अभियंता दिनेश आदि मौजूद रहे।

## एबीवीपी ने मुद्दों पर उठाई आवाज आंदोलन की रूपरेखा की घोषित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



महाजन सभा चंबा में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश भर के छात्रों की समस्याओं को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई और आगामी आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। इस प्रेस वार्ता को प्रांत सह मंत्री भवानी, विभाग संयोजक अर्पित जरयाल, जिला संयोजक ललित, एवं कार्यकर्ता स्नेहा ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि हाल ही में पालमपुर में संपन्न हुई विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी बैठक में प्रदेशभर में छात्रहितों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि अब परिषद इन मुद्दों को लेकर पूरे प्रदेश में एक सशक्त और चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

प्रांत सह मंत्री भवानी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था आज गंभीर संकट से गुजर रही है। सरकार द्वारा एक के बाद एक लिए जा रहे छात्र विरोधी निर्णयों से छात्र वर्ग के बीच गहरा असंतोष है।

### आंदोलन की रूपरेखा

**कार्यकर्ता** स्नेहा ने प्रेस को बताया कि परिषद द्वारा घोषित आंदोलन पूरी तरह चरणबद्ध तरीके से चलेगा, जिसमें छात्र व्यापक भागीदारी करेंगे।

- 17-18 जुलाई : जिलास्तर पर प्रेस वार्ता।
- 21 जुलाईः प्रदेश भर के महाविद्यालयों में प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।
- 22 से 27 जुलाई : सभी कॉलेजों में छात्रों के बीच हस्ताक्षर अभियान और पर्चा वितरण।
- 28 को : इकाई स्तर पर धरना प्रदर्शन
- 30-31 जुलाई : सांकेतिक हड़ताल
- 2 अगस्त : धरना प्रदर्शन और जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपना।

### छात्रों की आवाज बनेगी परिषद

**अभाविप** पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परिषद केवल आंदोलन नहीं कर रही, बल्कि छात्र हितैषी सोच के साथ सामने आ रही है। सरकार इन मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाती, तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन चलाने से पीछे नहीं हटेगी।

## एसएचओ अशोक ने चुराह क्षेत्र में कानून व्यवस्था को रखा है चाक चौबंद : कांग्रेस नेता

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** चुराह महोत्सव के तहत शनिवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या को पुलिस द्वारा बंद किए जाने के मामले पर हो रहे हो हल्ले के बीच चुराह क्षेत्र के कुछ लोग पुलिस के समर्थन में उतर आए हैं।

वहीं जस्सा राम भारद्वाज, जन्म सिंह व राकेश कुमार ने कहा कि चुराह महोत्सव हम सब चुराह वासियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान है और इसके संरक्षण व संवर्धन हेतु प्रत्येक चुराह वासी वचनबद्ध है। मगर हमें कानून व नियमों की भी पालना करनी आवश्यक है। माननीय न्यायालय के आदेशों के अनुरूप सांस्कृतिक संध्या का आयोजन रात 10 बजे तक ही किया जा सकता है। जस्सा राम भारद्वाज, जन्म सिंह व राकेश ने कहा कि पुलिस ने रात दस बजे तक सांस्कृतिक संध्या दौरान पूरी तरह से कानून व्यवस्था बनाए रखी। जबकि न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही पुलिस ने 10 बजे के बाद कार्यक्रम को बंद करवाया। एसएचओ अशोक कुमार व पुलिस कर्मचारियों को दोषी बताकर इस मामले को जन भवनों से खिलवाड़ बताया जा रहा है, जो सही नहीं है। एसएचओ अशोक कुमार एक सुलझे हुए पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने कि जब से तीसा थाना का कार्यभार संभाला है तब से चुराह क्षेत्र में उन्होंने कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखा है ।

## कर्मचारियों की समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ,चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद कर्मचारी महासंघ के सदस्य व अन्य।

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गुरुवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, जिला चंबा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रधान प्रवेज भट्ट ने की। इसमें जिला स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में महासचिव हितेश शर्मा, चमन शर्मा, राजकुमार, शिशुपाल, पुष्पा देवी, रीता, रीना कुमारी, हेम सिंह, गजेंद्र, हेमराज सहित अन्य कई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने कर्मचारियों की समस्याओं, कार्यस्थल पर आ रही चुनौतियों, संसाधनों की कमी और सुविधाओं की अनदेखी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कार्य वातावरण को बेहतर बनाने के लिए संबंधित प्रशासन से लगातार संवाद किया जाएगा।

प्रवेज भट्ट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भूमिका किसी भी संस्थान के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन अक्सर उनकी समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक का समापन आपसी सहमति से आगामी रणनीतियों और कार्ययोजनाओं के निर्धारण के साथ किया गया। महासंघ ने सभी कर्मचारियों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया।

## आज ट्रांसमिशन लाइन से विद्युत प्रवाह होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक एचपीपीटीसीएल ई. राज सिंह ने बताया कि लाहल–राजेरा ट्रांसमिशन लाइन (डीसी) के टावर संख्या टी08 से 240 मेगावाट कुटेहर जल विद्युत परियोजना तक एक सर्किट के लिलो द्वारा 1 किलोमीटर 400 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन में 18 जुलाई (शुक्रवार) को दोपहर 12 बजे के बाद उच्च विद्युत प्रवाह शुरू किया जाएगा। उन्होंने जनसाधारण से आग्रह किया है कि विद्युत आपूर्ति लाइन व टावरों के नजदीक न जाएं और न ही इसे छूने की कोशिश करें और किसी भी पालतू जानवर को इस लाइन के नजदीक न जाने दें ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## ‘करंगड़ नाग की महिमा’ भजन का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भजन के विमोचन के दौरान मौजूद सुरेश और अन्य।

चम्बा जिला की साल घाटी से संबंध रखने वाले पल्हुंई पंचायत के निवासी मास्टर सुरेश के भजन ‘करंगड़ नाग की महिमा’ का विमोचन आज यूट्यूब पर किया गया। यह विमोचन चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर द्वारा किया गया । इस गाने को मास्टर सुरेश ने है गाया तथा लिखा है। इसे संगीत दिया है सीपी स्टूडियो शाहपुर व बॉबी ठाकुर ने विडियो शूट किया है और सुभाष प्रिंस ने निर्देशन किया है ।

उन्होंने पूर्व विधायक के साथ–साथ अपनी पूरी टीम का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले पंद्रह सालों से वो मेलों, जातर और जागरण में गा रहे हैं परंतु पहली बार यह भजन रिकार्ड किया है।

इस मौके पर पूर्व विधायक ने सुरेश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मास्टर सुरेश काफी अच्छा गाते हैं। उन्होंने बताया कि जो भजन आज रिलीज किया है उसे काफी सुंदर गाया है। उन्होंने दर्शकों से भी ज्यादा से ज्यादा स्पोर्ट की अपील की ।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्षा नीलम नैय्यर, जिला परिषद सदस्य करियां वार्ड मनोज कुमार साहो मंडल के भाजपा मंडलाध्यक्ष विजय भारद्वाज, उप–प्रधान पल्हुंई पंचायत मोनू कुमार गायक सुभाष प्रिंस, हसनदीन, अशोक कुमार, किशन चंद इत्यादि मौजूद रहे ।

## तीसा के गरीब परिवारों को उपलब्ध होंगे अब पक्के मकान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चम्बा के विकास खंड तीसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास लाभार्थियों का सर्वे सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

यह जानकारी विकास खंड अधिकारी तीसा अरविंद सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जल्द ही पक्के मकान मुहैया कराए जाएंगे जिससे उन्हें मिट्टी व जर्जर घरों से निजात मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सर्वे की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई है और लाभार्थियों का चयन निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को सर्वे सूची या लाभार्थियों के चयन पर कोई आपत्ति हो, तो वह विकास खंड कार्यालय तीसा में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। बीडीओ अरविंद सिंह ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को सिर पर पक्की छत मिले और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो।

## एसडीएम ने किया बनीखेत बाजार का निरीक्षण

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**



दुकान का निरीक्षण करने के दौरान मौजूद एसडीएम व पुलिसकर्मी।

**डलहौजी।** एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने बनीखेत बाजार में एसएचओ जगबीर सिंह व पुलिस टीम के साथ दुकानदारों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पॉलिथीन लिफाफे तंबाकू व खुले में सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों का चालान भी किया। बनीखेत बाजार में कुछ दुकानदारों की शिकायत मिली थी कि यहां पर खुले में तंबाकू और पॉलिथीन लिफाफों का इस्तेमाल होता है। जब उप मंडल अधिकारी ने बाजार में दुकानों का निरीक्षण करना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

वहीं बनीखेत बाजार में गाड़ियों का जाम लगना आम बात हो गई है। जिसका मुख्य कारण सड़क की दोनों और लोग गाड़ियां खड़ी करके चले जाते हैं। पुलिस टीम ने लोगों की शिकायत पर इन गाड़ियों के भी चालान किए । थोड़े दिन पहले ही बनीखेत में भूरू नाग आषाढ़ मेला खत्म हुआ है। उसके बारे में व्यापार मंडल के प्रधान संजीव कुमार ने पद्दर ग्राउंड में पड़े गड्ढों को ठीक करने की बात कही तो एसडीएम अनिल भारद्वाज ने कहा कि इसके लिए डीएसओ को ग्राउंड के सुधार के लिए पैसे जमा करवा दिए गए हैं और ग्राउंड को जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा ।

## चुराह उपमंडल में आयुष विभाग के तहत विभिन्न पद खाली

**अनंत ज्ञान, चुराह।** जिला चम्बा के चुराह उपमंडल में आयुष विभाग के तहत विभिन्न पदों की भारी कमी देखने को मिल रही है। उपमंडलीय आयुष चिकित्साधिकारी सहित कई डॉक्टरों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे विभागीय योजनाएं आमजन तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रही हैं। कार्यवाहक उपमंडलीय आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. जगमोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टाफ की कमी के चलते क्षेत्र में आयुष चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाएं जैसे योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक उपचार, आयुष स्वास्थ्य मेले आदि को समय पर संचालित करना मुश्किल हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ सभी को मिल सके। साथ ही आयुष विभाग की पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार हो सके।

### सूडोकु नवताल- 7494

* सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 7493 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## जल्द बिल भरने के आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिजली बोर्ड उपमंडल नं–एक चंबा ने विभिन्न श्रेणियों के चिंहित 619 डिफाल्टर उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करवाने के अंतिम आदेश जारी किए हैं। इसके बाद बिजली बोर्ड की टीमें डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन अस्थाई तौर पर काटने के लिए फील्ड में उतर जाएंगी।

बिजली कनेक्शन कटने के बाद डिफाल्टरों को दोबारा से कनेक्शन बहाली हेतु लंबित बिल राशि सहित 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क भी देना होगा। डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। बिजली बोर्ड उपमंडल नं–एक चंबा के सहायक अधिशासी अभियंता ई. तेजू ने पुष्टि की है।

## युवा रोजगार की तलाश में चंबा छोड़ने को मजबूर : सुरेश

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** हमने इस मिट्टी को आजाद करवाया था, लेकिन आजादी के इतने वर्षों बाद भी हमारे युवाओं को यहां रोजगार नहीं मिल रहा–यह सोचकर दिल दुखता है, यह कहना है चंबा के स्वतंत्रता सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले सुरेश कुमार ठाकुर का, जिन्होंने युवाओं के लगातार पलायन पर गहरी चिंता जताई।

चंबा जिला जहां एक ओर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर आज यहां के युवा बेहतर रोज़गार की तलाश में लगातार बाहर जा रहे हैं। शिक्षा और डिग्रियों के बावजूद स्थानीय स्तर पर अवसरों की कमी के चलते हर साल सैकड़ों युवा पंजाब, दिल्ली,सोलन, शिमला, चंडीगढ़ जैसे शहरों का रुख कर रहे हैं। कॉलेज और संस्थान युवाओं को शिक्षा तो दे रहे हैं, लेकिन वैश्विक बाज़ार की मांग के अनुसार कौशल और प्रशिक्षण की कमी युवाओं को असहाय बना रही है। स्किल डेवलपमेंट सेंटर और सरकारी योजनाएं मौजूद तो हैं, मगर उनका

- **राज्य सरकार उद्योग और स्टार्टअप्स से पलायन को रोक सकती है**
- **बेरोजगारी से सामाजिक असंतुलन भी हो रहा पैदा**

क्रियान्वयन ज़मीनी स्तर पर कमजोर है। सुरेश कुमार ठाकुर कहते हैं, चंबा का युवा सम्मान और भविष्य चाहता है। यदि सरकार स्थानीय स्तर पर उद्योग, स्वरोजगार और स्टार्टअप्स के लिए माहौल बनाए, तो पलायन रोका जा सकता है। कई युवाओं का कहना है कि योजनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिलती, और आवेदन प्रक्रियाएं इतनी जटिल हैं कि वे बीच में ही रुक जाते हैं। बेरोजगारी का यह संकट सिर्फ आर्थिक नहीं, सामाजिक असंतुलन भी पैदा कर रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर इंडस्ट्रियल जोन, ग्रामीण बीपीओ, टूरिज्म–बेस्ड स्टार्टअप और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यम खड़े किए जाएं, तो चंबा के युवा बाहर नहीं जाएंगे बल्कि बाहर से लोग चंबा आने लगेंगे।

सरकार के लिए यह एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक सुनहरा अवसर है , चंबा के हुनरमंद युवाओं को यहीं रोकना होगा, नहीं तो यह ऐतिहासिक जिला केवल यादों और विरासतों तक ही सिमट जाएगा।

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 जुलाई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : आषाढ़, **तिथि** अष्टमी (17:02): **नक्षत्र** अश्विन (02:14), **पक्षः** कृष्ण, योग : सुकर्मा (6:48) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:54), **राहुकाल** (10:43-12:27)।

### विशेष दिन

- 18 जुलाई : राष्ट्रीय खट्टी कैंडी दिवस आज।
- 19 जुलाई 2025 : कुमारी पूजा कल।

**मेषः** हितैषी समझे जाने वाले ही नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृषभः** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुनः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्कः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा।

**कन्या :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी।

**तुलाः** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिकः** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**धनुः** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

## भरमौर से गरोला उलांसा के लिए बस की समयसारिणी बदलने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



आरएम चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए समिति के सदस्य।

गरोला उलांसा पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार ने भरमौर से गरोला उलांसा चलने वाली बस की समयसारिणी बदलने की मांग आरएम चंबा से की है।

इस मौके पर सुरेश कुमार ठाकुर अध्यक्ष किसान सेब उत्पादक संगठन भरमौर कमलेश ठाकुर अध्यक्ष तहसील यूनियन भरमौर पवन कुमार पंचायत समिति सदस्य ने आरएम चंबा को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि यहां के कई कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर भरमौर व आसपास के क्षेत्र को जाते हैं। वहीं उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र के अलग–अलग गांव से काफी बच्चे गरोला व आसपास के लिए जाते हैं। उन्होंने कहा है कि 4:15 बजे भरमौर से चलने का समय होने के कारण कर्मचारियों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। लिहाजा इसकी समय सारणी बदलकर भरमौर से 5:15 बजे इसका चलने का समय किया जाए ताकि इसका लाभ कर्मचारियों को भी मिल सके। इससे पहले यह टेंपो ट्रैवलर 4:00 बजे भरमौर से गरोला उलांसा के लिए चलती है।

- **समस्या के समाधान के लिए आरएम को सौंपा ज्ञापन**

उधर आरएम शुगल ने उनकी इस मांग पर तुरंत से तुरंत उचित कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से भरमौर से इस बस को 5:05 वह व उलांसा से सुबह 8:30 बजे चलने के निर्देश दे दिए हैं।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं जगजीत सिंह,** पुत्र श्री अमर सिंह, वीपीओ – भदरेना, वार्ड नं. 09, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम निर्भय जीत सिंह से बदलकर निर्भयजीत सिंह कर लिया है। निर्भय जीत सिंह और निर्भयजीत सिंह एक ही लड़का/आदमी हैं। सभी कृपया इस पर ध्यान दें।

**स्त्री** और पुरुष जन्म से ही स्वतंत्र हैं, इसलिए दोनों को सभी अधिकार समान रूप से भोगने का अवसर प्रदान होना चाहिए। -ज्योतिबा फुले

## संपादकीय

# ज्ञान का पुनरुत्थान

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से भारत के स्कूली पाठ्यक्रमों में बड़े बदलावों की शुरुआत हो रही है। खासतौर पर आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक ने पहले ही सार्वजनिक और राजनीतिक विमर्श में हलचल पैदा कर दी है। इसमें मुगल शासकों अकबर और औरंगजेब के संबंध में प्रस्तुत की गई ऐतिहासिक घटनाओं और तथ्यों को लेकर बहस तेज हो गई है। अब तक अकबर को महान और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक बताने वाले पाठों के स्थान पर उसमें उनके क्रूरता भरे कृत्यों को भी जोड़ा गया है। वहीं औरंगजेब के शासनकाल की धार्मिक असहिष्णुता-जैसे जजिया कर लगाना और मंदिरों का विध्वंस को भी पाठ्यक्रम में स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है। यह सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है कि क्या ये बदलाव इतिहास के साथ न्याय कर रहे हैं या फिर इसे राजनीतिक नजरिए से दोबारा गढ़ा जा रहा है? एनसीईआरटी की प्रस्तावना में यह स्पष्ट किया गया है कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता और उन्हें आज की सामाजिक दृष्टि से परखना अनुचित होगा। यह एक वैज्ञानिक और शोध आधारित दृष्टिकोण है। फिर भी, विशेष समुदायों द्वारा जताई जा रही आपत्ति इस बात की ओर संकेत करती है कि पाठ्य पुस्तकों में दिए गए तथ्यों का चयन और प्रस्तुति बहुत संवेदनशील मुद्दा बन गया है।

इतिहास केवल तारीखों और घटनाओं की सूची नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्र की चेतना, आत्मसम्मान और पहचान का स्रोत होता है। अतः जब किसी ऐतिहासिक चरित्र या कालखंड को दोबारा लिखा जाता है, तो उससे जुड़ी सामाजिक स्मृतियां भी आंदोलित होती हैं। अकबर को भारतीय इतिहास में लंबे समय तक एक दूरदर्शी और सहिष्णु शासक के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने दीन-ए-इलाही जैसी मिश्रित धार्मिक व्यवस्था की परिकल्पना की और हिंदू राजाओं से वैवाहिक संबंध बनाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण दिया। अब नई पुस्तकों में इन दोनों शासकों को एक ज्यादा समग्र दृष्टिकोण से दिखाने की कोशिश की जा रही है यानी सिर्फ अच्छाइयों या बुराइयों का पक्ष नहीं, बल्कि दोनों पहलुओं का वर्णन। यह परिवर्तन न केवल इतिहास को अधिक वस्तुनिष्ठ बनाने का प्रयास है, बल्कि छात्रों को एक बहुआयामी दृष्टि देने का भी प्रयास है। इस नए पाठ्यक्रम को लेकर जो असंतोष उपजा है, वह दो स्तरों पर देखा जा सकता है-एक शैक्षिक और दूसरा सामाजिक व राजनीतिक। विशेष समुदाय के प्रतिनिधियों का मानना है कि सिर्फ नकारात्मक घटनाओं को उजागर कर विशेष धर्म या समुदाय को बदनाम करने का प्रयास हो रहा है।

वे इसे विभाजनकारी एजेंडा मानते हैं, जो छात्रों के मन में सांप्रदायिकता की भावना को जन्म दे सकता है हालांकि यह भी उतना ही सच है कि किसी भी समाज को अपने इतिहास के काले पन्नों से आंखें नहीं चुरानी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रमों में भारतीयता, स्वदेशी दृष्टिकोण और प्राचीन गौरव को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। आठवीं की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक उसी दिशा में एक प्रयास प्रतीत होती है। एनसीईआरटी ने यह भी संकेत दिया है कि आगामी सत्रों में 9वीं से 12वीं तक की पाठ्यपुस्तकों में भी ऐसी ही ऐतिहासिक पुनरावलोकन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इनमें उन नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्षेत्रीय योद्धाओं की गाथाएं भी शामिल होंगी, जिन्हें पहले इतिहास की मुख्यधारा में जगह नहीं मिल पाई। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह है कि इतिहास केवल शासकों और युद्धों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के अन्य पहलुओं-जैसे सामाजिक आंदोलनों, महिला नायिकाओं, जनजातीय संघर्षों को भी स्थान मिलेगा।

इन पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते समय सबसे बड़ी चुनौती सरकार के सामने यही है कि वह इतिहास के पुनर्लेखन और पुनर्पाठ के बीच की सूक्ष्म रेखा को पार न करे। अगर यह प्रयास सिर्फ एक विचारधारा को थोपने का रूप ले लेता है, तो न केवल यह अकादमिक स्वतंत्रता का हनन होगा, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी खतरा पैदा करेगा। सरकार को चाहिए कि वह सभी पक्षों-शिक्षाविदों, इतिहासकारों, समुदायों के प्रतिनिधियों और छात्रों से संवाद स्थापित करे और यह सुनिश्चित करे कि इतिहास का प्रस्तुतिकरण सच्चाई, तथ्यों और संतुलन पर आधारित हो, न कि राजनीतिक आग्रहों पर।

आठवीं की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक एक महत्वपूर्ण प्रयोग है-यह इतिहास को ज्यादा तथ्यों के साथ और ज्यादा विविध दृष्टिकोणों से प्रस्तुत करने की कोशिश है। यदि इसे संतुलन और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाया जाए, तो यह भारत के छात्रों को अधिक जमीनी और आलोचनात्मक सोच वाला नागरिक बना सकता है, परंतु यदि यह प्रयास एकतरफा होकर केवल विशेष समुदायों या घटनाओं को नकारात्मक रोशनी में दिखाने का माध्यम बन गया, तो यह न केवल शिक्षा प्रणाली को विभाजित करेगा, बल्कि देश की एकता और विविधता के तानेबाने को भी कमजोर कर सकता है। सरकार और एनसीईआरटी दोनों के सामने अब यह एक नैतिक और बौद्धिक परीक्षा है कि वे इतिहास के पुनर्पाठ को ज्ञान का पुनरुत्थान बना पाते हैं या फिर इसे विवाद का पाठ बनने से रोक पाते हैं। समाज को भी इस प्रक्रिया में सतर्क, सजग और संवादशील भूमिका निभानी होगी,ताकि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विवेक पैदा करना बना रहे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**प्रियंका** चोपड़ा हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनमें अभिनय का अनूठा संगम देखने को मिलता है। उन्होंने एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार श्रेणियों में फिल्मफेयर पुरस्कार सहित कई और अन्य पुरस्कार और नामांकन प्राप्त किए है। वे 'मिस वर्ल्ड 2000' की विजेता भी रहीं।



प्रियंका चोपड़ा
जन्म :18 जुलाई, 1982

इस सम्मान को प्राप्त करने वाली वह पांचवीं भारतीय महिला हैं। प्रियंका चोपड़ा का जन्म झारखंड राज्य के जमशेदपुर में हुआ था। उनके पिता अशोक चोपड़ा और मां मधु दोनों भारतीय आर्मी में चिकित्सक है। उनका एक छोटा भाई भी है जिसका नाम सिद्धार्थ है। प्रियंका का बचपन कई शहरों में बीता। इनकी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ, उत्तर प्रदेश के 'ला मरटीनियर गर्ल्स कॉलेज' से पूरी हुई। प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने के बाद उन्होंने मुंबई के 'जय हिंद कॉलेज' में पढ़ाई की। मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद उन्होंने कॉलेज बीच में ही छोड़ दिया। प्रियंका चोपड़ा की मां ने उनकी कुछ फोटो मिस इंडिया प्रतियोगिता के लिए भेज दी और उसके बाद प्रियंका को शो में भाग लेने का मौका भी मिला। ■



कविता

### लहू के रंग

रक्षा कुमारी, खन्यारा, धर्मशाला

*इंतजार लाजिमी है, वे मौसमी कहीं फल नहीं होते।*
*ऐतबार कर ले कुछ, अल्लाह की इनायत में छल नहीं होते।*
*कुछ परिंदे हैं जिनके इख्तियार में कल नहीं होते।*
*ये दिलों के मसले हैं ताउम्र भी हल नहीं होते।*
*कुछ शख्स बिना ताल्लुक निभाते हैं मरासिम।*
*और कुछ लहू के रंग तक असल नहीं होते।*
*क्यों रोता है बंदे मुकद्दर पर भरोसा रख।*
*खुदा की कलम से कभी फेर-बदल नहीं होते।*
*बस नजर का धोखा है और कुछ नहीं,*
*वरना रात के सितारे दिन में भी ओझल नहीं होते।*
*न करना शिकायत उसकी खुदाई की,*
*उसकी रजा से उड़ते वो भी हैं,*
*जिनके 'पर ' नहीं होते।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमालय में बढ़ता तापमान बना आपदाओं का कारण

पश्चिमी हिमालय आज एक अदृश्य किंतु तीव्र संकट की गिरफ्त में है। यहां की वादियां, जो कभी शांति और प्राकृतिक संतुलन की प्रतीक थीं, अब बार-बार आने वाली बाढ़ों, भूस्खलनों और बादल फटने जैसी त्रासदियों से जूझ रही हैं। ये आपदाएं अब केवल 'प्राकृतिक' नहीं रहीं—इनके पीछे जलवायु परिवर्तन, संवेदनशील भूगोल और मानव जनित हस्तक्षेप की एक गहरी और जटिल परस्पर क्रिया है। यह लेख इसी त्रिकोणीय संकट की परतों को उजागर करता है।



राजन कुमार शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, ऊना

**जलवायु परिवर्तन:**संकट की आधारशिला वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रभाव हर भू-भाग पर समान नहीं होते। अनुसंधान बताते हैं कि हिमालयी क्षेत्र वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। यह असमान ताप वृद्धि मानसूनी प्रवृत्तियों में गंभीर अस्थिरता ला रही है। वातावरण में बढ़ती आर्द्रता और गर्मी से बनी नमी-समृद्ध हवाएं जब हिमालय की ऊंची ढलानों से टकराती हैं, तो तेजी से ऊपर उठकर संघनित होती हैं— यही प्रक्रिया बादल फटने की घटनाओं को जन्म देती है, जो अब अधिक सामान्य होती जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, वायुमंडलीय रासायनिक संरचना में भी परिवर्तन देखा गया है। एरोसोल और ब्लैक कार्बन, जो मुख्यतः वाहन उत्सर्जन, बायोमास दहन और डीजल उपभोग से उत्पन्न होते हैं, वर्षा-बूंदों के निर्माण को प्रभावित करते हैं। इससे वर्षा अधिक तीव्र और विनाशकारी बन जाती है। इस प्रकार, जलवायु संकट केवल तापमान की बात नहीं रह गई है—यह अब एक बहुआयामी चुनौती है।

**भूगोल की भूमिका-नाजुकता की नींव:** हिमालय विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। इसकी भौगोलिक संरचना अब भी भूगर्भीय रूप से सक्रिय है, जहां प्लेट टकराव और भूकंपीय गतिविधियां आम हैं। खड़ी ढलानें, नाजुक चट्टानें और तीव्र ऊंचाई भिन्नताएं इसे पहले से ही एक अस्थिर क्षेत्र बनाती हैं। जब अत्यधिक वर्षा या बर्फबारी होती है,



तो पानी या बर्फ की परतें कमजोर भू-संरचना पर दबाव डालती हैं, जिससे भूस्खलन की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे क्षेत्रों में कोई भी अतिरिक्त दबाव—चाहे वह सड़क निर्माण हो या पहाड़ी कटाई—भूगोल की इस असंतुलन को आपदा में बदल सकता है।

**मानवीय प्रभाव :** विकास बनाम विनाश विकास की दौड़ में पश्चिमी हिमालय के पर्यावरणीय संतुलन की अक्सर अनदेखी की जाती है। बीते दो दशकों में बिना पर्यावरणीय समीक्षा के निर्माण, पर्यटन केंद्रित अधोसंरचना, जलविद्युत परियोजनाएं और सड़क चौड़ीकरण ने इस क्षेत्र की पारिस्थितिक सहनशीलता को बुरी तरह प्रभावित किया है। वनों की कटाई ने वर्षा जल को अवशोषित करने की प्राकृतिक क्षमता को कम कर दिया है। कंक्रीट निर्माण और पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई ने ढलानों की स्थिरता को कमजोर किया है। ऊपरी हिमालय में रासायनिक खेती और कीटनाशकों का प्रयोग वहां की नाजुक घासभूमियों और जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है। इन सबका परिणाम यह है कि वर्षा अब

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अधिक तीव्र प्रभाव उत्पन्न करती है—मिट्टी उसे सोखने में असमर्थ है, जल नालों में नहीं समाता, बल्कि तेजी से बहता हुआ बस्तियों और सड़कों को बहा ले जाता है। विकास की दौड़ में पश्चिमी हिमालय के पर्यावरणीय संतुलन की अक्सर अनदेखी की जाती है। बीते दो दशकों में बिना पर्यावरणीय समीक्षा के निर्माण, पर्यटन केंद्रित अधोसंरचना, जलविद्युत परियोजनाएं और सड़क चौड़ीकरण ने इस क्षेत्र की पारिस्थितिक सहनशीलता को बुरी तरह प्रभावित किया है। वनों की कटाई ने वर्षा जल को अवशोषित करने की प्राकृतिक क्षमता को कम कर दिया है। कंक्रीट निर्माण और पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई ने ढलानों की स्थिरता को कमजोर किया है। ऊपरी हिमालय में रासायनिक खेती और कीटनाशकों का प्रयोग वहां की नाजुक घासभूमियों और जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है।

**त्रासदियों के उदाहरण-चेतावनी के संकेत :** केदारनाथ (2013)असमय मानसून, हिमस्खलन और बादल फटने की संयुक्त त्रासदी ने हजारों लोगों की जान ली। जोशीमठ धंसाव (2023) भूमिगत जल प्रवाह में अव्यवस्था और बुनियादी संरचना के दुष्प्रभाव का प्रत्यक्ष प्रमाण। उत्तरकाशी, कुल्लू, चंबा में लगातार भूस्खलन की घटनाएं अब मौसमी नहीं, संरचनात्मक हैं। समाधान की दिशा में पहल संकट को पूरी तरह टालना शायद संभव न हो, परंतु उसका प्रभाव कम करना हमारे हाथ में है। इसके लिए बहुआयामी और समन्वित दृष्टिकोण आवश्यक है।

**स्थानीय स्तर पर:** पारंपरिक जल संचयन तकनीकों का पुनर्प्रयोगवर्षा के जल को सोखने वाले क्षेत्र (permeable zones)का निर्माण ग्रामीण समुदायों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण वैज्ञानिक अनुसंधान और चेतावनी प्रणाली रीयल-टाइम वर्षा एवं भूस्खलन चेतावनी सिस्टम सैटेलाइट-आधारित भू-स्थिरता निगरानी करना जरूरी।

**निष्कर्ष :**पश्चिमी हिमालय अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि एक पर्यावरणीय चेतावनी बन गया है। जब तक हम जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लेंगे, नाजुक भौगोलिक संरचनाओं का सम्मान नहीं करेंगे और अपने विकास मॉडल को पुनः परिभाषित नहीं करेंगे, तब तक ये त्रासदियां और घातक बनती जाएंगी। यह समय है कि हम विकास की दिशा बदलें—ऐसी दिशा में जो प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, सहयोग करती हो। पश्चिमी हिमालय में जलवायु परिवर्तन, भूगोल और मानवीय हस्तक्षेप का सम्मिलित प्रभाव एक गंभीर और जटिल संकट पैदा कर रहा है। आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने के लिए बहुस्तरीय, समन्वित और सतत प्रयास आवश्यक हैं। विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना ही इस संकट से निपटने का दीर्घकालिक उपाय होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# आईटीआई से होकर ही गुजरती है स्वरोजगार की सुलभ राह

आईटीआई यानी रोजगार की पढ़ाई और देश में रोजगार आज युवाओं के लिए सबसे गंभीर मुद्दा व चिंता का विषय है। आजकल हिमाचल प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में आईटीआई प्रवेश की प्रक्रिया चली हुई है। एडमिशन के लिए युवाओं की ऐसी जबरदस्त भीड़, ऐसा उत्साह व प्रतिस्पर्धा युवाओं में रोजगार-परक तकनिकी और वोकेशनल शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान को दर्शाता है, क्योंकि रोजगार व स्वरोजगार प्राप्ति की सबसे सहज व सुलभ राह आईटीआई से होकर ही गुजरता है।



ई. विपन शर्मा
प्रधानाचार्य(आईटीआई) चंबा

देशभर में सामान पाठ्यक्रम, सामान समयसारिणी और सामान कंप्यूटर आधारित परीक्षा पैटर्न के साथ आईटीआई व्यावहारिक व रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा का आधार स्तंभ बनी हुई है। आज हमारे देश में हर तीसरा व्यक्ति युवा है। देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से काम आयु वर्ग की है। जहां जापान,चीन और पश्चिमी देश अपनी बूढ़ी होती जनसंख्या से चिंतित है, वहीं, भारत 29 वर्ष की औसत आयु के साथ दुनिया में सार्वधिक युवा देश बनने की ओर अग्रसर है।

जनसंख्या विस्फोट की स्थिति का सामना कर रहे हमारे देश में सबसे अधिक युवा 'कार्यशील' जनसंख्या होने का लाभांश भी हमें मिलने लगा है। 'विश्व व्यापार संगठन' के एक अनुमान के अनुसार अगर 'भारत' में युवा परिशिक्षण व कौशल विकास पर ध्यान दिया जाता है, तो यहां की विशाल 'कुशल' युवा-शक्ति देश के 'सकल घरेलु उत्पाद' में 2 प्रतिशत तक की अतिरिक्त वृद्धि कर सकती है। मगर वास्तव में आज स्थिति इसके उल्ट है, इतनी विशाल युवा



जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार व समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती और चिंता बनी हुई है। स्नातक, परास्नातक, यहां तक पीएचडी जैसी डिग्रियां हासिल करने के बाद भी छात्र रोजगार के लिए भटक रहे है।छात्रों को कुशल बनाना और आवश्यक दक्षता के साथ युवा कार्यबल तैयार करना ही 'स्किल इंडिया,'मेक इन इंडिया' और डिजिटल इंडिया' जैसे महत्वकांक्षी फ्लैगशिप अभियानों को सफल बनाने की कुंजी है और रोजगार सृजन इनके प्रतिपूरक स्वतः ही बढ़ता जाएगा। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में जहां रोजगार के लिए कृषि पर निर्भरता नगण्य है और सरकारी नौकरियों के भी बहुत ही सीमित अवसर है, जबकि शिक्षित बेरोजगारों की लाइने निरंतर बढ़ रही है।

बेरोजगारी का आलम यह है कि मास्टर्स डिग्री प्राप्त युवा भी सफाई कर्मचारी, चपरासी, माली और फारसी जैसे पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बेरोजगारी के इस अंतहीन चक्र से पार पाना है तो युवाओं को काबिल व कार्यकुशल बनाना होगा। जैसा कि हिंदी फिल्म 'थ्री इडियट' का एक प्रसिद्ध संवाद है कि 'बच्चा काबिल बनो, काबिल, कामयाबी तो झख मार के पीछे आएगी' यह डायलॉग युवा भारतीयों के आचरण का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्हें इसका पालन करना चाहिए, रोजगार के उपलब्ध अवसरों पर ध्यान देना चाहिए। वास्तव में हमें अपने छात्रों को काबिल बनाने के लिए पढ़ाना है ,तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, हुनर मंद बनाना है और हुनर से रोजगार तक का आसान मार्ग प्रसस्त करना है। 'कौशल विकास' को एक मिशन की तरह चलाने की आवयश्कता है। सरकार भी कौशल विकास के महत्व को समझ रही है। आज प्रदेश में 152 सरकारी और 150 से अधिक निजी आईटीआई चल रहे है। प्रदेश के हर ब्लॉक में कम से कम एक सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ,पीपीपी मोड और एशियाई डेवलपमेंट बैंक प्रयोजित विभिन्न स्कीमों द्वारा वित्त पोषित 'औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान' प्रदेश में विचारणीय प्रश्न है कि जब सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों ने अपने स्तरीय प्रशिक्षण के बल पर निजी संस्थानों पर बड़ी बढ़त बनाई हुई है, तो सरकारी स्कूल ऐसा क्यों नहीं कर सकते? क्यों निजी स्कूलों से मात खा रहे है? खैर यह एक अलग विषय है, जिस पर अध्ययन की आवयश्कता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** की सभी सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बने रहना कोई नई बात नहीं है व इसकी सबसे बड़ी वजह सड़कों पर पशुओं की टोलियों के झुंड हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जब इन पशुओं के झुंडों के कारण वाहन दुर्घटनाएं न होती हों। प्रदेश में बेसहारा जानवरों की वजह से कई सड़क हादसों में पता नहीं कितने लोगों की मौतें हुई है और कई लोग घायल हो चुके हैं और यह सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। कांगड़ा, पालमपुर से लेकर धर्मशाला और नूरपुर तक सड़कों पर बेसहारा पशुओं की आपसी लड़ाइयों के कारण हर वक्त दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है और लगभग सभी जगह प्रशासन कोई प्रभावी कार्रवाई करता नजर नहीं आता है। जिस पर प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने धर्मशाला शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने का आदेश दिया है। ऐसे आदेश संपूर्ण हिमाचल प्रदेश में लागू होने चाहिए। **मधु,कांगड़ा**

# देश की राजनीति में पढ़ाई का अधिक महत्व हो, उम्र का नहीं

पढ़ाई केवल शिक्षा ग्रहण ही नहीं करना है, बल्कि शिक्षा हमें शिक्षक से गुणवान बनाती है जो जीवन में जरूरी है खासकर आज के तकनीकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है, लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा। मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहां सभी डॉ. थे और हमें उनके व्यवहार से यह सिखने को मिला पीएचडी आपके लिए काफी मायने रखती है, हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में, क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है। इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार को भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है। यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने को मिला जहां छात्र शिक्षक को पैर छूते नजर आए, यही हमारी संस्कृति है जो बड़ों का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जहां तक राजनीति का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहे हैं, जो पूर्व में आईएएस रहे हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ. जीतेंद्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश को चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्यसभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ. और न्याय मंत्रालय में एलएलबी होता है मंत्री के निचे एक या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से संबंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर हैं जो आई आईटी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है। अतः वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन को हथियार के मदद में राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहां से वापस मंगा लिया, क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया। अतः सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है, क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते हैं। अतः यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा।

विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जवाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उपसेना प्रमुख राहुल आर सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं, बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे, जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था। इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की नितांत आवश्यकता है और रूस से संबंध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरूरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर को रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा। इसका पुराना इतिहास रहा है।



हालांकि इसराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्रोत से मालूम हुआ है। अतः भारत ने इसलिए ईरान और इसराइल के युद्ध में दूरी बना लीं अब विदेश नीति को सुधार करने की जरूरत है, क्योंकि हम अभी भी रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है यह तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल का 1998 में अमेरिका को ताक में रख कर परमाणु परीक्षण किया, जिसका हवाला ट्रंप ने दिया कि भारत में सीजफायर इसलिए कराया, ताकि परमाणु युद्ध न हो जाए और जब पता लगा कि पाकिस्तान का परमाणु बम किसी और देश अमेरिका के नियंत्रण में है तो प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नाम पर पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया कि परमाणु ब्लैक मेल नहीं चलेगी ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संदेश में दिया। यदि हर किसी के कार्य के बारे में चर्चा करे इससे पहले अपने बारे में चर्चा से आज के हालत में पढ़ाई की कीमत को पहचाने आज तकनीकी युग है। शुरू से हम लोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है, लेकिन समय बदलते ही यह समझ आ गया कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है, इसलिए भाई को इंजीनियरिंग करने को

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रोत्साहित किया और इस प्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या को हल करते थे, कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है। विंध्याचल से लेकर वृंदावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं।

अतः नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरूरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों को मन में आने ही न दें अच्छा कर्म, मानवता ही पोजेटिव का स्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजेटिव एनर्जी देती है। अतः पढ़ना जरूरी है देश में पढ़े लिखें लोगों को ही वोट देना प्रदेश या देशहित में होता है, क्योंकि इससे उसे अपने व्यवहार और समस्या को हल करने में सहूलियत होती है। नीतीश कुमार जो वर्तमान में बिहार के सीएम हैं वो एनआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री किए है, इसलिए बिहार का विकास हुआ और खुद प्रशांत किशोर जन सूराज पार्टी के नेता तेजस्वी यादव जो महागठबंधन के लिए बिहार में अगले चुनाव में अपने मुख्यमंत्री की दावेदारी कर रहे हैं। 9वीं फेल है यह मंच पर बताने की जरूरत नहीं थी बिहार के लोग खुद जानते हैं, क्योंकि जब जेडीयू और आरजेडी के गठबंधन से 2015 में सरकार बनी थी तब गली-गली में लोग कह रहे थे कि तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, वहां शाम में लोग चाय पर निकलते हैं और यही सब चर्चा चलती है जब 2014 में एक चाय बेचने वाला जो एनडीए के हमेशा खिलाफ रहा तो मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर बहुत खुश हुआ कि चाय बेचने वाला जब प्रधानमंत्री बन सकता है तो लोकतंत्र में कोई भी देश का सच्चा सेवक क्यों नहीं बन सकता, आखिर सितंबर में 75 साल मोदी के पूर्ण होने पर कौन कहेगा उनसे यह बात जब कि वो लोकसभा चुनाव के बाद बोल चुके हैं कि तीसरा टर्म में मुश्किल होता प्रधानमंत्री बनाना और जनता का आशीर्वाद है ऐसे में मीडिया में खबर का कोई मायने नहीं है देश चलाना पार्टी को एकजुट रखना एक बड़ी चुनौती चुनाव के बाद सामने आए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास करें, वरना इससे भी बड़ा नुकसान होगा

पहाड़ पर विकास के नाम पर अपना विकास एजेंडा भारी पड़ रहा है। कहीं सड़कें बनाई जा रही है, कही रोपवे, कहीं पॉवर प्रोजेक्ट और कहीं पर बड़े-बड़े होटल के साथ धार्मिक पर्यटन के नाम पर पहाड़ को बेतहाशा काटा जा रहा है।



शारदा आनंद गौतम
कंडवाल

मेरा यह मानना है कि इन स्थानों पर जो भी निर्माण करवाया जाता है उसके पीछे विकास कम और अपनी भूख अधिक रहती है। यही कारण है कि नए-नए स्थान तलाशे जाते है और उनके विकास के नाम पर अपना विकास किया जाता है। यह विकास विनाश का बड़ा कारण है और इसके खिलाफ आवाज जरूर उठानी चाहिए।

पालमपुर में अपनी पत्रकरिता के दौरान दो दशक बिताए है। इस दौरान विकास को बड़े नजदीक से देखने का मौका मिला है और यह जाना है कि किस प्रकार विकास के नाम पर अपना और अपनों का विकास होता है। पॉवर प्रोजेक्ट बनाने में पहाड़ों को जिस प्रकार काटा गया और उसके बाद बरसात में जो दिक्कत इलाका वासियों को हुई उसका



खामियाजा कई बरस भुगतना पड़ा है। सड़क निर्माण के लिए पेड़ों का अंधाधुंध कटान के बाद मलबे को सही तरीके से नहीं रखे जाने के कारण यह मलबा बरसात में विनाश का बड़ा कारण बना।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसका सबसे बड़ा उदाहरण सौरभ वन विहार में हुआ नुकसान था। नदी में भारी मलबा आने से जहां इस स्थल को भारी नुकसान हुआ था वहीं जल शक्ति विभाग की कितनी ही पेयजल योजनाओं भी क्षति ग्रस्त हुई।

इन नुकसान के पीछे जानने का प्रयास किया तो ज्ञात हुआ कि वैज्ञानिक आधार पर न कटाई हुई और जो मलबा था उसे भी डंप करने का तरीका सही नहीं था। इन इलाकों में जो काम हुआ उसे नए लोगों ने किया जिनके पास अनुभव की कमी थी। इन्हें केवल इसलिए काम दिया गया, क्योंकि इन पर किसी राजनीतिक आका का आशीर्वाद था और कथित वोट बैंक के चलते बिना अनुभव के काम करवाया जाता रहा। अधिकारी वर्ग भी खामोशी से अपनी रजामंदी देते रहे जिसने मना किया उसे ट्रांसफर कर दिया गया।

लिहाजा प्रकृति का तांडव चला तो उसने कुछ नहीं देखा। अब जो कुछ बीते दो वर्षों में कुल्लू और मंडी जिला में हुआ है यह भी विकास का ही विनाश है। इनके कारणों के पीछे भी यही कारण होंगे, क्योंकि बाढ़ में जितनी मात्रा में लकड़ी बह कर आई है वह मिली भगत को स्पष्ट दर्शा रही है जो अधिकारी, नेता और स्थानीय लोगों की रही हैं। यहां पर जनता ने ईमानदारी नहीं बरती और प्रकृति ने हिसाब बराबर कर दिया। अभी भी समय है अपने प्रति ईमानदारी बरतते हुए प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास करें वरना इससे भी बड़ा नुकसान होगा और हाथ मलने का समय भी नहीं मिलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुराहण में होगा हुरंग नारायण का काहिका उत्सव

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** पधर उपमंडल के सुराहण गांव में 2 अगस्त से 4 अगस्त तक आराध्य देव हुरंग नारायण के पावन सान्निध्य में पारंपरिक काहिका उत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। देव समागम के इस ऐतिहासिक उत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है और तैयारियां भी जोरों पर हैं। डलाह पंचायत के प्रधान हेमंत कुमार महंत ने बताया कि यह उत्सव क्षेत्र के प्रमुख देवता हुरंग नारायण की अगुवाई में हर पांच वर्ष के अंतराल पर मनाया जाता है। इस अवसर पर चौहार घाटी के विभिन्न देवता भी समागम में भाग लेते हैं और देव परंपराओं के अनुसार विभिन्न धार्मिक रस्में निभाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को 'मुर्गन' नामक पारंपरिक रस्म का आयोजन होगा, जबकि 3 और 4 अगस्त को मुख्य काहिका की रस्में संपन्न की जाएंगी। इन दिनों देव समाज की पवित्र परंपराओं के अनुसार देव लोक नृत्य, बलिदान, और अन्य विधिवत अनुष्ठान संपन्न होंगे। प्रधान हेमंत कुमार महंत ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पुनीत अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें और यदि कोई भी व्यक्ति राशन, धनराशि या अन्य खाद्य सामग्री के रूप में योगदान देना चाहता है तो वह स्थानीय पंचायत भवन में संपर्क कर दान कर सकता है।

### संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खुशवंत सिंह ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब और एनएसएस इकाई के छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और साथ ही फूलों की सुंदर क्यारियां भी तैयार की गईं।
सरकाघाट बाजार में श्रावण मास पर व्यापारियों ने लगाया खीर का लंगर

### 101 लीटर दूध से बनी खीर श्रद्धालुओं में बांटी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट बाजार के व्यापारी वर्ग द्वारा 101 लीटर दूध से बनी खीर का भव्य लंगर लगाया गया। वीरवार को आयोजित इस सेवा कार्य में व्यापारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में खीर वितरित की और वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर सेवा कार्य में व्यापारी टेक चंद गुप्ता, सपना देवी, लालमन, विजय पालसरा, सुरेश, अभिषेक, राजीव भाटिया, एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, नीलू, संजय, मनु कौशल, हरीश ठाकुर, सुनील शर्मा, प्रिंस, अनिल गुप्ता, गारला परिवार, प्रेम सिंह ठाकुर, अहिमा ट्रेडर्स, शगुन ठाकुर, रत्न चंद, मीत शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में करियर काउंसलिंग सेल के सौजन्य से ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने विद्यार्थियों को कॉलेज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उपलब्धियों, मूल्यों और उद्देश्यों से परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने या नौकरी पाने का साधन नहीं है बल्कि यह व्यक्ति को नैतिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व नागरिक बनाने की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए जीवन में सुनिश्चित लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत, अनुशासन, स्वच्छता, नशा उन्मूलन और समाज सेवा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रवक्ता नरेश चंदेल, करियर काउंसलिंग सेल के समन्वयक डॉ. विनोद ठाकुर के अलावा समस्त शिक्षक वर्ग और गैर-शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

### मंडी रोटरी डिस्ट्रिक्ट की टीम पहुंची थुनाग के देजी गांव



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070, हम टीम फॉर हिमाचल, ने आपदा प्रभावित थुनाग उपमंडल के दुर्गम व आपदा में सबसे अधिक प्रभावित गांव देजी पहुंचकर प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। रोटेरियन सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि टीम जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी सामान की एक गाड़ी लेकर गई थी। सामग्री ले जाने से पहले आपदा पीड़ित परिवारों की सूची प्राप्त पखरैर मोनिका कुमारी से ली ताकि सही लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। देजी गांव में अभी तक भी सड़क मरम्मत नहीं हो पाई है ऐसे में एक किलोमीटर पहले ही रोटरी क्लब की टीम ने पिकअप गाड़ी से सामान पहुंचाया व वहां पर पहले ही पहुंच चुके आपदा प्रभावितों को यह सामान बांटा। गांव के लगभग 35 परिवारों को यह सामग्री दी।

### आपदा प्रभावितों को सौंपा 30 क्विंटल राशन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सिराज आपदा पीड़ित परिवारों को लेकर बगलामुखी माता मंदिर भियाड़ (भोरंज) कमेटी ने 30 क्विंटल राशन सिराज में जाकर वितरित किया बगलामुखी माता मंदिर भियाड़ (भोरंज) कमेटी के अध्यक्ष योग राज शर्मा ने बताया कि कमेटी सदस्यों ने 40 क्विंटल दालें, चावल, रिफाइंड, चीनी, मसाले, तेल, दूध पेस्ट, साबुन आदि रोज मर्रा की जरूरत की चीजें अपने गांव से इकट्ठा कर सिराज में विधायक विनोद कुमार को सौंपी। कमेटी के सचिव नरोतम चंद शर्मा भी राशन वितरण में साथ थे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिए चार लाख

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इसी साल जनवरी महीने में ढांक से गिरकर मौत का शिकार हो जाने वाले व्यक्ति की पत्नी को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शिवा बदार शाखा ने चार लाख की राशि का चेक अदा किया। शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार झा ने बताया कि गांव के चिरंजी लाल की पत्नी प्रोमिला देवी को यह राशि सौंपी गई।

मुसीबतों का हाईवे | लोगों का धर्मपुर जाना हुआ मुश्किल

# चलाल के पास हर दिन लग रहा एक घंटा जाम

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



कीचड़ से सनी सड़क की हालत और वहां से गुजरती हुई बस।

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा खंड कमेटी धर्मपुर ने स्थानीय प्रशासन से निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग की अवैध रूप से की गई कटिंग और डंपिंग से बंद हुई सड़क और सड़क पर गिरे मलवे से हर दिन लग रहे जाम को खुलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है और उसके लिए कुछ सवेंदनशील स्थानों पर कंपनी को जेसीबी मशीनें और पुलिस या होमगार्ड के जवान तैनात करने की मांग की है। इस निर्माणधीन नेशनल हाईवे पर रोजाना हमीरपुर और सरकाघाट से धर्मपुर या जोगिंद्रनगर आने जाने के लिए सरकारी कर्मचारियों से लेकर आम जनता को मौत के लिए दाबत देकर गुजरना पड़ रहा है।

बेतरतीब खुदाई के चलते एक तरफ जहां पहाड़ी से पत्थर गिर रहे हैं, वहीं सड़क ने दलदली खड्ड का रूप धारण कर लिया है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों से लेकर दोपहियां और छोटी गाड़ियों वालों को उठानी पड़ रही है। कई वाहन चालकों के चेंबर टूट चुके हैं। पैदल चलने वालों को रोजाना कीचड़ से कपड़े खराब हो रहे हैं। पिछले कल और गुरुवार को हुई बारिश के कारण शिवदवाला से धर्मपुर के बीच चलाल में सड़क पर पड़े मलवे और दोनों तरफ से गाड़ियां आने से लगभग एक घंटा जाम लगा रहा, लेकिन न तो वहां पर कंपनी का कोई मजदूर व मशीनरी तैनात की है और न ही पुलिसकर्मी मौजूद है जिससे यात्रियों को बड़ी समस्या हुई है। यहां तक कि इस जाम में एक गंभीर बीमार महिला भी फंसी रही।

### किसान सभा धर्मपुर में करेगी प्रदर्शन

**पूर्व** जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा, सुरेश शर्मा, जयगोपाल कटवाल, ज्ञान चंद, सुखराम, त्रहडू राम, रंगीला राम, अनिल कुमार, सुनील कुमार, चौधरी राम, गिरधारी लाल, सरस्वती नंद, सोहन सिंह, कश्मीर सिंह इत्यादि ने प्रशासन से यहां पर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का स्थायी समाधान करने की मांग की है। वहीं किसान सभा इस अव्यववस्था के खिलाफ धर्मपुर में जल्द ही धरना-प्रदर्शन करेगी।

## महादेव गांव बनेगा मॉडल सोलर विलेज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रधानमंत्री सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मंडी जिले में मॉडल सोलर गांव चयन हेतु आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा मंडी कपिल कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत आने वाला राजस्व गांव महादेव (जनगणना कोड 014326) को इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना क्षमता दर्ज करने के आधार पर मॉडल सोलर विलेज के रूप में चयनित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 7 दिसंबर 2024 से 6 जून 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें 2000 से अधिक आबादी वाले राजस्व गांवों गरोड़ु, भौर, कनैड़, डुगरांइन, धारंडा, खिलड़ा, सलापड़, जरोल, महादेव, नेर, कुम्मी, बेहना, सयोग, पंडोह और नगवांई के बीच नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की स्थापना एवं उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिस्पर्धा करवाई थी। परियोजना अधिकारी ने बताया कि यह चयन जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। महादेव गांव को विभिन्न प्रकार की तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## सिर पर डंडे से वार कर की थी हत्या, आरोपी राकेश को उम्रकैद

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरकाघाट की अदालत, जो इन दिनों जोगिंद्रनगर में कार्यरत है, ने गांव सियून निवासी राकेश कुमार को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। राकेश को यह सजा भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दी गई है, जिसमें आरोपी को जीवन भर जेल में रहने का आदेश दिया गया है।

**हत्या के दोषी को 50 हजार का लगा जुर्माना**

इसके अतिरिक्त अदालत ने आरोपी को आईपीसी की धारा 323 के तहत दो माह के कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माना, दूसरी बार उसी धारा के तहत 1 वर्ष का साधारण कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 341 के तहत एक माह का कारावास और 500 रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई है। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि यह मामला वर्ष 2021 का है। 31 दिसंबर को पधर पुलिस थाना को सूचना मिली थी कि सीएचसी पधर में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति का बयान दर्ज किया, जिसमें बताया गया कि वह ग्राम टीप (सुरांगण), तहसील पधर का निवासी था और रिश्तेदारी में गांव सियून स्थित अपनी बहू नीलमा देवी के घर गया था।

वहां पर आरोपी राकेश कुमार भी मौजूद था और तीनों ने मिलकर नए साल के उपलक्ष्य में शराब का सेवन किया। इस दौरान कहासुनी हुई और शाम करीब 7 बजे जब मृतक नीलमा देवी के घर से बाहर निकला तो आंगन में राकेश कुमार ने उसे रोका और डंडे से सिर पर वार कर दिया। स्थानीय निवासी हिम्मत राम ने बीच-बचाव कर घायल को पधर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 समेत अन्य धाराओं में चालान पेश किया। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 21 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए जिनके आधार पर अदालत ने यह सजा सुनाई।

## 4 मील के पास मलबा गिरने से 30 मिनट तक यातायात रहा बंद

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी के समीप 4 मील के पास मंगलवार शाम 6:10 बजे से लेकर 7:38 बजे तक सड़क मार्ग बंद रहा। लगातार हो रही वर्षा के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने वाहनों की आवाजाही लगभग 30 मिनट तक रोके रखी। जैसे ही वर्षा थमी, प्रशासन द्वारा गिरे मलबे को हटाकर सड़क को दोबारा यातायात के लिए खोल दिया गया।

पंडोह पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कटोच ने जानकारी दी कि पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने के कारण कुछ देर के लिए मार्ग बाधित हुआ था, जिसे शीघ्र ही साफ कर चालू कर दिया गया। डयोड़ क्षेत्र में पंडोह डैम के कैंची मोड़ से आगे भी पहाड़ियों से लगातार पत्थर गिर रहे हैं, जिस कारण यह मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

एसएचओ सदर मंडी देश राज ठाकुर ने बताया कि मंडी-पंडोह सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाएं हो रही हैं। सुरक्षा को देखते हुए यह मार्ग रात भर के लिए बंद रहेगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

## कल्याण बोर्ड ने कैंप में की 100 मजदूरों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड के सरकाघाट उपकार्यालय द्वारा टिहराउप तहसील की तनियार ग्राम पंचायत कार्यलय हियुन गलू में मजदूरों की ई-केवाईसी करने हेतु कैंप का आयोजन किया और 100 मजदूरों की ई-केवाईसी की तथा दर्जनों मजदूरों के अन्य लाभों संबंधी आवेदन पत्र भी प्राप्त किए और ई-केवाईसी पूर्ण की।

प्रारंभ में बोर्ड के सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने कैंप में आए मजदूरों को बोर्ड के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2022 में मनरेगा मजदूरों को बोर्ड की सदस्यता व लाभों से वंचित कर दिया गया था लेकिन सीटू से सबंधित यूनियन ने उसके खिलाफ दो साल लम्बी लड़ाई लड़ी और बोर्ड की बैठकों में भी कानूनी तरीके से लड़ाई लड़ी तब जाकर उन्हें पुन: बोर्ड के लाभों की पात्रता के लिए बहाल करवाया है।लेकिन अभी तक उनके तीन साल के लाभ कई कारणों से से जारी नहीं हो रहे हैं और उसमें एक बजह मजदूरों की ईकेवाईसी न होना भी है।

बोर्ड द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं और उसी कड़ी में तनियार ग्राम पंचायत में भी कैंप आयोजित किया गया। भुपेंद्र सिंह ने बताया कि अब सभी मजदूरों को बोर्ड से मिलने वाले लाभों के लिए ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है लेकिन ये काम बोर्ड कर्मचारियों के माध्यम से स्वयं किया जा रहा है।

### बोर्ड में 13 प्रकार की प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता

**भुपेंद्र** ने बताया कि सरकाघाट उपकार्यालय में लंबे समय से खाली चल रही मोटीवेटर में पद पर नियुक्ति कर दी गई है इसलिए अब ग्रामीण इलाकों में ज्यादा कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ मजदूरों ने कुछ गलत सूचना बोर्ड की सदस्यता ली है उसकी जांच की जाएगी और उसके बाद ही राशी जारी की जाएगी। बोर्ड से आपदा प्रभवितों के लिए भी घर बनाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। बोर्ड से 13 प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और धर्मपुर की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मजदूरों को इसका लाभ मिल रहा है।

## छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने की। प्राचार्य ने नए छात्रों का कॉलेज में स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासित रहकर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी प्राथमिकता देता है। कार्यक्रम के दौरान सहायक आचार्य डॉ. पवन ने संचालित शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

## आपदा पीड़ितों को बास्केटबॉल संघ ने दी आर्थिक सहायता

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**



राहत राशि प्रदान करने के दौरान संघ के सदस्य।

**गोहर।** हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ ने सराज घाटी में हाल ही में आई भीषण आपदा से प्रभावित लोगों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। संघ की ओर से 2,51,000 की आर्थिक सहायता का चेक पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक जयराम ठाकुर को सौंपा गया ताकि यह राशि आपदा राहत कार्यों में उपयोग हो सके।

यह सहायता राशि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के महासचिव मुनीश शर्मा द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर मुनीश शर्मा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में संघ पीड़ितों के साथ खड़ा है और यह योगदान प्रदेश के खिलाड़ियों, पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों की संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए संघ की सभी जिला इकाइयों, पदाधिकारियों और सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

मुनीश शर्मा ने कहा कि यह सहयोग केवल आर्थिक नहीं, बल्कि आपदा से जूझ रहे लोगों के लिए संवेदनात्मक समर्थन और उम्मीद की किरण भी है। उन्होंने अन्य संस्थाओं और संगठनों से भी आगे आकर सहयोग की अपील की, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द राहत मिल सके।

## आवासीय कॉलोनी सैण मट्ट को मलबे से नुकसान का खतरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर 9 के तहत आने वाले अप्पर सैण मट्ट पर मलबे का कहर बरपने का खतरा लगातार बना हुआ है। वरिष्ठ नागरिक सुधार सभा अप्पर सैण मट्ट ने उपायुक्त मंडी से गुहार लगाई है कि 30 जून की आधी रात को हुई भारी बारिश से बीर रोड व गणपति रोड पर कई लहासे गिरे हैं।

दो सप्ताह बीत जाने पर भी लोक निर्माण विभाग ने इस मलबे को हटाया नहीं है। गुहार लगाई है कि इससे पहले कि कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए, इस मलबे को हटाकर लोगों में जो खौफ बना हुआ है उससे निजात दिलाई जाए।

## अनुराग के समक्ष रखीं एनएच संबंधी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



अनुराग ठाकुर को समस्याएं बताते हुए।

धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने सांसद अनुराग ठाकुर के माध्यम से एनएचएआई के अधिकारियों के लिए रखी बैठक में एनएच संबंधित समस्याएं रखी तथा कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट में जनहित की बात को दोहराया। उन्होंने पाड़छू पुल व चोलथरा पुल का पुन: निर्माण विशेषज्ञों की देखरेख में किसी और कंपनी से करवाने का अनुरोध किया तथा गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ किए गए पेमेंट टर्म्स, एलएन मालविया व सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ साइन किए गए कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट की कॉपी भी मांगी।

मांगों में हयोड़ वार्ड को सड़क सुविधा से जोड़ना तथा सभी कच्चे रास्तों और श्मशानघाटों को पक्का करने की मांग रखी। स्याठी गांव के पीड़ितों के लिए सुरक्षित सरकारी भूमि पर रेजिडेंशियल व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स तैयार करने तथा धाड़ता क्षेत्र के लिए बीडीओ ऑफिस खोलने की मांग को दोहराया। अनुराग ने एनएच संबंधित मुद्दों के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## माता बगलामुखी का साडनू मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



मेले के दौरान देवी के साथ स्थानीय भक्तजन।

माता बगलामुखी का साडनू मेले श्रावण मास के शुभारंभ पर धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें माता अपने भक्तों को साथ-साथ दर्शन देती है और लोग मेले में खरीदारी के साथ-साथ अपनी धार्मिक आस्था का भी परिचय देते हैं।

माता का आशीर्वाद लेते हैं। मगर इस बार का मेला 30 जून का आई बरसाती त्रासदी की काली छाया इस मेले आयोजन में साफ देखी गई। कोई दुकानें मेले में नहीं थी। क्योंकि मंदिर तक आने जाने के सभी सड़क मार्ग बंद पड़े हुए हैं। जबकि पंड़ोह में माता बुढ़ी भैरवा का साडनू मेला इस बार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ युवा मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित किया गया।

यह मेला सयोग के सोझा ग्राउंड में मनाया गया। जिसमें माता के भगत और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज की। बुधवार सुबह सोझा ग्राउंड में माता के रथ का शुभागमन हुआ।

भक्ति भाव से ओतप्रोत माहौल में पूजा-अर्चना के साथ मेला आरंभ हुआ। इस दौरान पंडित शिवदत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और विधिवत पूजा संपन्न करवाई। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट मिष्ठान और अन्य पकवानों की दुकानों ने बच्चों और बुजुर्गों को आकर्षित किया।

## भराड़ी माता मंदिर से निकली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



श्री राम कथा महाज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकालते हुए।

सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत भनबाड़ स्थित सत श्री बाडा देब मंदिर में गुरुवार से 9 दिवसीय श्री राम कथा महाज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा भनबाड़ के प्राचीन भराड़ी माता मंदिर से शुरू होकर सत श्री बाडा देब मंदिर परिसर तक नाचते-गाते हुए निकाली गई।

ग्रामीणों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। यात्रा पटयोड़ा गांव से होकर मंदिर परिसर तक पहुंची। सत श्री बाडा देब कमेटी भनबाड़ के प्रधान कर्म सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि यह श्री राम कथा महाज्ञान यज्ञ 24 जुलाई तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। कथा वाचक के रूप में व्यास पीठ पर पंडित धर्मेंद्र शर्मा बडोह (सुंदरनगर) अपने मुखारविंद से श्री राम कथा का प्रवचन करेंगे। कर्म सिंह ठाकुर ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे प्रतिदिन मंदिर परिसर पहुंचकर कथा श्रवण करें और पुण्य के भागीदार बनें। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य, पंचायत प्रधान उर्मिला देवी, समाजसेवी परस राम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**9 दिवसीय श्री राम कथा महायज्ञ का शुभारंभ**

राहत | आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सर्व स्वयंसेवक निभा रहे उल्लेखनीय भूमिका

# प्रभावितों को राहत व पुनर्वास कार्यों में मिल रहा सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला में आई प्राकृतिक आपदा के उपरांत राहत एवं पुनर्वास कार्यों में जिला रेडक्रास सोसायटी के सामाजिक एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया स्वयंसेवक (सर्व) अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। राहत सामग्री के वितरण से लेकर सामान्य स्थिति बहाल करने में इन स्वयंसेवकों के दल निरंतर कार्य कर रहे हैं।

जिला के सराज सहित विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों में यह स्वयंसेवक 17 दिनों से निरंतर अपना सहयोग कर रहे हैं। 30 जून व 1 जुलाई की मध्य रात्रि को आई प्राकृतिक आपदा के तत्काल बाद से ही जिला की विभिन्न पंचायतों में सर्व टास्क फोर्स यूथ वॉलिंटियर ने अपने स्तर पर लोगों की सहायता करना शुरू की।

इन स्वयंसेवियों ने शुरूआती दौर में जम्मू-कश्मीर के 7 से 8 लोगों को जंजैहली के बूंगरैलचौक से सुरक्षित निकालने में मदद की। उपमंडल थुनाग में जलशक्ति विभाग के साथ मिलकर पानी की पाइपों के मरम्मत कार्य में यह सहयोग कर रहे हैं। जिला मंडी में स्थापित विभिन्न राहत शिविरों में सर्व अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



### बच्चों और महिलाओं को पहुंचाया सुरक्षित स्थानों तक

**आपदा** के तत्काल बाद उपमंडल करसोग में एसडीएम के साथ कार्य करते हुए 12 बच्चों और चार महिलाओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में मदद की। जिला मुख्यालय से राहत सामग्री भेजने व इसके प्रबंधन कार्य में 30 जून से लेकर आज तक लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वालंटियर अपने क्षेत्रों में पंचायत के रास्ते, स्कूल, क्षतिग्रस्त पैदल पुल इत्यादि की मरम्मत में सहयोग कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि स्वयंसेवक समुदाय में सामाजिक अभियानों का नेतृत्व करने के अलावा आपदा आदि की स्थिति में प्रथम सामुदायिक प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

## बैजनाथ-नेरी-कांडापतन मार्ग बहाल, फिसलन बनी चुनौती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र में पिछले 17 दिनों से बंद पड़ा बैजनाथ-नेरी-कांडापतन मार्ग वीरवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। कोठी नामक स्थान पर भारी भूस्खलन के चलते यह मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था, जिससे हजारों लोगों का संपर्क टूट गया था।

मार्ग के बहाल होने से स्थानीय निवासियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। लोक निर्माण विभाग ने अस्थायी रूप से भूस्खलन प्रभावित स्थान पर मिट्टी डालकर सड़क को खोल दिया है, लेकिन यह अस्थायी समाधान अब नई चुनौती बन गया है।

बारिश के कारण मिट्टी पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। लोनिवि उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि विभाग ने कोठी के पास सड़क बहाल कर दी है और यदि दोबारा रास्ता बाधित होता है तो मौके पर तैनात जेसीबी मशीन की मदद से तुरंत सफाई की जाएगी।

## 35 दिन से पंडोह में नहीं पीने का पानी

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड यानी बीबीएमबी ने मानो पंडोह में जनसुविधाएं देने से अपने हाथ हटा लिए हों। बीबीएमबी पंडोह के अधिकारी आम लोगों की तो क्या सुनेंगे अब तो अपने आका के आदेशों को भी ठेंगा दिखाने लगे हैं। स्थानीय लोगों में बीबीएमबी प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा है। पंडोह में लगभग 2 महिनों से बीबीएमबी की बंद पड़ी पानी की सप्लाई है। बहुत बार शिकायतें भी कर चुकें हैं मगर बीबीएमबी अधिकारियों मौन बाबा बन कर लोगों को बिन पानी के तड़पते देख रहे हैं।

बीबीएमबी ने अपनी आवासीय कालोनी जरल में बोर करते हैं अपने कर्मचारियों को पिटने के पानी की सप्लाई जारी रखी हुई है। हालांकि यह सप्लाई मात्र पिने तक ही सीमित है। जबकि पंडोह बाजार व थर्ड आईआर बीएन मुख्यालय में पानी की भारी किल्लत चल रही है। जिसे अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे। पडोह बाजार के लोगों का एक डेप्युटेशन 7 जुलाई को बीएसएल परियोजना के स्थापना दिवस पर मुख्य अभियंता बीबीएमबी सुंदरनगर ई. जयपाल सिंह से मिला था, जिसमें पानी की समस्या के तुरंत समाधान की मांग की गई थी।

उस पर ई. अजय पाल सिंह ने पडोह बीबीएमबी अधिकारियों को खरी खोटी सुनाते हुए दो दिनों में पानी की सप्लाई सुचारू करने के आदेश दिए थे। पंडोह के अधिकारियों ने अपने आका के आदेशों को भी ठेंगा दिखा दिया है। क्योंकि आज 10 दिनों के बाद भी पानी की सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है यदि 3 दिनों में पानी की सप्लाई बहाल नहीं हुई तो वे संघर्ष का रास्ता अपने से गुरेज नहीं करेंगे। अधिशाषी पंडोह चंद्रमणी शर्मा ने बताया कि जयुणी खड्ड में हमारे में सप्लाई सोर्स बह गया है। जल्द ही पानी की सप्लाई बहाल कर दी जायेगी।

# न्यूज ब्रीफ

## टाहलीवाल में संगत को नाम की बाणी से जोड़ा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ मे महीने की हर संक्रांति की तरह बुधवार देर शाम को सावन महीने की संक्रांति के अवसर पर कीर्तन करवाया गया। संकीर्तन में पंजाब के प्रसिद्ध गायक विजय रंगीला ने जेड़े नाम दे समुंद्रा च गोते लानगे कांशी बाले दे रंगा दे बिच रंगे जाणगे, के दिया रेहना खेर तेतो लेना, रविदास गुरु तो सारा ही जहांन सदके, हाथ मेहरा दा रखी किते डोल ही ना जामा, गंगा बिच पत्थर तारे जी रविदास गुरु, मेनू कखो लाख बनाया। मेरे रविदास गुरु ने अन्य धार्मिक शब्दों सुनाकर संगत को नाम की बाणी से जोड़ा। वहीं, विजय रंगीला व उनके साथियों को सभा ने सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु रविदास धार्मिक सभा के प्रधान अधिवक्ता कुलविंदर बैंस, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, सुरजीत सिंह, बलवीर सिंह बबलू, तरसेम लाल बसन, महादेव लाड़ी, गुरदेव सिंह, नरेश कुमार सिंघा, सुरेश बसन, सुलिंदर चोपड़ा, नवीन महे, महेश सेहजल, रिंकू सिंघा, पंकज चोपड़ा, तवीन, रूपा सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## पंजाब के पूर्व विस अध्यक्ष ने कैलाशो को दी श्रद्धांजलि

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राणा केपी सिंह ने अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन कौशल के निवास पर पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय कैलाशो देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर राणा केपी सिंह के साथ कई अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्व कैलाशो देवी के सामाजिक योगदान और सरल स्वभाव को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. कैलाशो देवी एक धार्मिक और परोपकारी महिला थीं, जिनका जीवन सादगी और सेवा को समर्पित रहा। पूर्व अध्यक्ष ने पवन कौशल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस कठिन समय में धैर्य रखने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और क्षेत्रीय नेताओं ने भी स्व कैलाशो देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

## देवभूमि फाउंडेशन ने 150 परिवारों तक पहुंचाई सहायता

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** मंडी जिले में हाल ही में आई भीषण आपदा के बाद जहां कई गांव अब भी राहत के इंतजार में हैं, वहीं देवभूमि फाउंडेशन ने मानवीय सेवा की मिसाल पेश करते हुए गांव-गांव जाकर राहत सामग्री वितरित की। संस्था की टीम ने दुर्गम पहाड़ियों और कठिन रास्तों को पार कर 150 से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई। देवभूमि फाउंडेशन की ओर से बर्तन, कपड़े, जूते, सेनेटरी पैड, दवाइयां, स्कूल के बच्चों की कॉपियां, स्टेशनरी सामान और अन्य आवश्यक सामग्री जरूरतमंदों को वितरित की गई। कुछ अत्यधिक दूरस्थ गांवों में राहत सामग्री छोटी गाड़ियों के माध्यम से भेजी गई, जहां आज तक प्रशासन भी नहीं पहुंच पाया था। संस्था के अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर ने इस अभियान में सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों खड़ोह, लालशाह, तलमेहडा, चम्बोआ, बडाला, घडावाल, नगड़ा, बडुही, अम्रोह और सामाजिक सहयोगियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि ऐसे समय में एक-दूसरे का साथ दें। जिन लोगों ने इस कार्य में योगदान दिया, वे सच्चे मानवता के प्रतीक हैं। मनी दयाल, शिवकुमार, जतिन साहनी, रिंकू भारद्वाज खड़ोह आदि ने हर गांव में जाकर प्रत्येक जरूरतमंद परिवार से संपर्क किया, उनका हाल जाना और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखा न सोए। स्थानीय लोगों ने देवभूमि फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।

## आरबीआई अधिकारी ने शिविरों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में 30 सितंबर तक चल रहे री-केवाईसी और वित्तीय समावेशन शिविरों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक आशीष शर्मा ने अपने दो दिवसीय दौरे में जिले की चार पंचायतों में आयोजित शिविरों में भाग लिया। उन्होंने वित्तीय योजनाओं के अधिकतम लाभ को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान आशीष शर्मा ने पंचायत ईसपुर, गुगलेहड़ जबकि गत दिवस कुठार खुर्द और हीरन पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत शून्य बैलेंस खाते खुलवाने के लिए प्रेरित किया और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बैंक कर्मचारियों और संबंधित विभागों से इस अभियान को जनांदोलन की तरह लेने का आह्वान किया। मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक एसके सक्सेना ने बताया कि 30 सितंबर तक जिले की सभी 245 पंचायतों में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर पात्र व्यक्ति बैंकिंग और बीमा सेवाओं से जुड़ सके।

## त्यासर स्कूल के बच्चों ने जाना कानून का महत्व



**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा की लठियाणी पंचायत के त्यासर स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से एकदिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन त्यासर स्कूल के शिविर प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें पैरा लीगल वालंटियर जितेंद्र कुमार ने बच्चों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर के दौरान जितेंद्र कुमार ने बताया कि नालसा द्वारा जारी फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता या जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जनक राज, अध्यापिकाएं सृष्टा देवी, ममता कुमारी, सुषमा देवी, कुंगी देवी, करण ठाकुर, पंडित वेद प्रकाश के अलावा सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लठियाणी स्कूल में समझाया पेड़ लगाने का महत्व

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित विद्यार्थी विशेष शिविर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रेरणादायक गतिविधियों का समावेश देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने की। स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर का सौंदर्यीकरण किया। सभी विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को पौधे वितरित किए गए। बच्चों को पेड़ों की देखभाल का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने कहा कि 'एक पौधा मां के नाम लगाकर उसे उसी ममता से पालें, जैसे मां हमें पालती है।' स्कूल के प्रवक्ता देवेंद्र सिंह बेली ने स्वयंसेवियों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी सविता ठाकुर ने स्वयंसेवकों को भविष्य में भी इसी उत्साह से कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में शशि पाल शर्मा, रेवती रमन, संदीप कुमार, शशि कुमार, विशाल कुमार, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## बस में चेंज हुए बैग, बुकिंग एजेंट की मदद से वापस मिला सामान

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** अमृतसर से पालमपुर जा रही बस में दो लोगों के बैग आपस में बदल गए। एक सवारी भरवाईं चौक पर उतरी, जबकि दूसरी सवारी पालमपुर में उतरी। इसके बाद, चिंतपूर्णी बस स्टैंड में एचआरटीसी बुकिंग एजेंट रणजीत सिंह के पास केरल का श्रद्धालु हरीश अपना बैग वापस पाने के लिए मदद मांगने पहुंचा। रणजीत सिंह ने श्रद्धालु से टिकट की मांग की और टिकट दिखाने के बाद पालमपुर डिपो में फोन पर संपर्क साधा।

पालमपुर बस स्टैंड इंचार्ज ने कंडक्टर का नंबर दिया, जिस पर बुकिंग एजेंट ने इसकी जानकारी ली। इसके बाद, श्रद्धालु का बैग वापस पालमपुर से बुधवार को भेजा गया और दूसरी ओर से पालमपुर का बैग वीरवार को चिंतपूर्णी बस स्टैंड में प्राप्त किया गया। श्रद्धालु ने रणजीत



श्रद्धालु को बैग लौटाता बुकिंग एजेंट।

सिंह का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनकी मदद की और उनका बैग वापस दिलवाया। इस घटना से पता चलता है कि एचआरटीसी के बुकिंग एजेंट और कर्मचारियों की ईमानदारी और मदद करने की भावना ने श्रद्धालु की समस्या का समाधान किया।

वहीं, हरीश ने कहा कि हिमाचल के लोग ईमानदार होते हैं, इस बारे में काफी सुना था पर इस घटना ने इस धारणा को सत्य किया।

# हिमाचल सरकार की पहल को मिला जमीनी समर्थन, प्राकृतिक खेती बनी किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार

# जिले में प्राकृतिक खेती से जुड़े 16,858 किसान

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हिमाचल में प्राकृतिक खेती से रसायन मुक्त अन्न उपजाने और बाजार तक उसका उचित मूल्य दिलवाने की प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीति जमीनी स्तर पर प्रभावी असर दिखा रही है। ऊना जिले में अब तक 16,858 किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे किसानों की लागत घटने के साथ आय में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्राकृतिक खेती को स्वरोजगार का साधन बनाने और न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने जैसे निर्णयों का सीधा लाभ किसानों को मिला है।

सरकार ने प्राकृतिक गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलो और मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलो एमएसपी निर्धारित किया है, साथ ही 2 रुपए प्रति किलो तक का परिवहन भत्ता भी दिया जा रहा है। वहीं, सरकार ने 'हिम भोग' ब्रांड के तहत प्राकृतिक मक्की का आटा भी बाजार में उतारा है, जो उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

ये सभी प्रयास न केवल किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने में कारगर रहे हैं, बल्कि इनसे उपभोक्ताओं को भी स्वास्थ्यवर्धक विकल्प मिले हैं।

**सरकार दे रही सब्सिडी :** ऊना जिले के आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा ने बताया कि प्राकृतिक खेती से जुड़ने वाले किसानों को साहीवाल, गिर, थारपरकर, सिन्धी व पहाड़न नस्ल की देसी गउएं भी उपलब्ध करवाई जाती हैं, जिसमें अधिकतम सबसिडी 25 हजार रुपए या 50 प्रतिशत और परिवहन सबसिडी 5000 रुपए तक का प्रावधान है। प्लास्टिक ड्रम के लिए 75 प्रतिशत अनुदान, साइकल हल के लिए 1500 या 50 प्रतिशत और गाय के लिए पक्का फर्श निर्मित करने के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम 8 हजार अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती करने के लिए सबसे पहले किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि देसी गाय तथा अन्य प्रकार की सहायता के लिए किसानों को पहले छह महीने प्राकृतिक खेती से जुड़ना पड़ता है, के उपरांत ही किसान प्राकृतिक विधि से खेती करने के लिए किसी भी प्रकार की अन्य मदद के लिए योग्य होते हैं।

**किसानों का तत्परता से सहयोग :** निदेशक ने बताया कि खंड स्तर पर ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर और टेक्निकल मैनेजर व सहायक टेक्निकल मैनेजर समय-समय पर प्राकृतिक विधि से उगाई गई फसलों का निरीक्षण करते रहते हैं और उन्हें प्राकृतिक खेती से संबंधित जानकारियां मुहैया करवाते रहते हैं ताकि खेती कर रहे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### प्राकृतिक खेती से सीधे लाभान्वित हो रहे ऊना के किसान

ऊना जिले के आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा बताते हैं कि ऊना जिला में बीते सीजन में 39 किसानों से 41.66 मीट्रिक टन प्राकृतिक गेहूं खरीदी गई है। इनमें अंब ब्लॉक से 4.91 मीट्रिक टन, बंगाणा ब्लॉक से 2.35 मीट्रिक टन, गगरेट ब्लॉक से 16 मीट्रिक टन, हरोली ब्लॉक से 11.15 मीट्रिक टन और ऊना ब्लॉक से 7.24 मीट्रिक टन प्राकृतिक गेहूं खरीदी गई है। उन्होंने बताया कि इन किसानों से 60 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से गेहूं खरीद की गई है और 39 किसानों को 25,83,341 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाल दी गई है। इसके अलावा पिछले वर्ष ऊना जिला में 15 किसानों से 11.15 मीट्रिक टन प्राकृतिक मक्की खरीद की गई। इनमें अंब ब्लॉक से 1.29 मीट्रिक टन, गगरेट ब्लॉक से 4.20 मीट्रिक टन, हरोली ब्लॉक से 1.49 मीट्रिक टन और ऊना ब्लॉक से 4.15 मीट्रिक टन प्राकृतिक मक्की की खरीद शामिल है। पुरानी मक्की की खरीद किसानों से 30 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से की गई है और 15 किसानों को 3,34,542 रुपए की राशि किसानों के बैंक खाते में डाली गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश सरकार ने मक्की के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में 2,092 हैक्टेयर भूमि पर किसानों द्वारा प्राकृतिक तकनीकी से खेती की जा रही है। जिला में 48,006 कृषक हैं जिसमें 16,858 किसान प्रशिक्षण लेकर प्राकृतिक खेती से जुडे हैं और अपनी आजीविका कमा रहे हैं। बग्गा का कहना है कि यह खेती विधि न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहती है। साथ ही इसमें खेती की लागत शून्य होने के चलते किसानों की आय में काफी मुनाफा होता है।

### उपायुक्त की प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील



ऊना के डीसी जतिन लाल ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार जिला प्रशासन किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रहा है, ताकि वे रसायन मुक्त खेती की ओर अग्रसर हो सकें। उनका कहना है कि प्राकृतिक खेती न केवल किसान की जमीन को उपजाऊ बनाए रखती है, बल्कि स्वास्थ्य और आमदनी के लिए भी बेहद लाभकारी है।

## कुटलैहड़ की जनता ने सीएम राहत कोष में दिए 8.11 लाख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मंडी जिले में हाल ही में आई आपदा के बाद राज्यभर से सहायता के लिए हाथ बढ़ाए गए, लेकिन इस मानवीय संकट की घड़ी में सबसे आगे कुटलैहड़ क्षेत्र रहा है। विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में कुटलैहड़ की जनता ने मुख्यमंत्री राहत कोष में कुल 8,11,038 की राशि एकत्रित कर विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू को शिमला में एक चेक के माध्यम से सौंपी। इस पर मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ की जनता की सराहना करते हुए विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ आज राज्य के लिए एक आदर्श बनकर उभरा है।



सीएम को विधायक ने राहत राशि का चेक भेंट किया।

## बेहड़ कांशी में वर्षों पुरानी मांग पूरी तीन परिवारों को मिला पक्का रास्ता



रास्ते के निर्माण कार्य के चलते कई परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी आसान हो गई है।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब की बेहड़ जसवां पंचायत के बेहड़ कांशी गांव में वर्षों से रास्ते की सुविधा से वंचित चल रहे तीन परिवारों की बड़ी समस्या हल हो गई है। पंचायत ने इन परिवारों के लिए लगभग 3 लाख रुपए की लागत से पक्का रास्ते का निर्माण करवाया है। इससे दिनेश कुमार, रविंदर कुमार और राजकुमार के परिवारों को अपने घर तक पहुंचने के लिए लंबे समय से कच्चे और कठिन रास्ते से गुजरना पड़ता था, जिससे बरसात के दिनों में विशेष रूप से परेशानी होती थी।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत के समक्ष कई बार गुहार लगाई थी। पंचायत प्रधान ने इन परिवारों की समस्या को गंभीरता से लिया और पंचायत निधि से बजट स्वीकृत करवा कर रास्ता के निर्माण का कार्य शुरू करवाया। रास्ता बनने के बाद इन परिवारों ने पंचायत और विशेष रूप से प्रधान का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस विकास कार्य से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी काफी आसान हो गई है।

पंचायत प्रधान नीलम कुमारी का कहना है बेहड़ जसवां पंचायत में हर किसी को पक्का रास्ता बनाकर देना हमारी प्राथमिकता है और हम जिम्मेदारी से लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

## 'दिशा' बैठक में उठेगा बहुउद्देश्यीय हाल का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर पत्रकार वार्ता करते हुए।

▶ बहुउद्देश्यीय हाल का कार्य अधूरा, कंवर ने किया दौरा

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय हाल का शिलान्यास 15 अक्तूबर, 2021 को किया गया था, लेकिन लगभग तीन वर्ष के बाद भी यह कार्य अधूरा पड़ा है। इस स्थिति को देखते हुए वीरवार को पूर्व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बहुउद्देश्यीय हाल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, पंचायत प्रधान विजय शर्मा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि इस परियोजना के लिए धनराशि की स्वीकृति सांसद अनुराग ठाकुर से उनके कार्यकाल में करवाई गई थी, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि आगामी 19 जुलाई को ऊना में होने वाली जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल इस बहुउद्देश्यीय हाल ही नहीं, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई कई अन्य परियोजनाएं भी अधूरी पड़ी हैं, जिन्हें दिशा बैठक में सांसद अनुराग ठाकुर के समक्ष उठाया जाएगा।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि धन की कोई कमी नहीं है, केवल इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक को इन अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाना चाहिए। यदि कोई नया प्रोजेक्ट शुरू नहीं भी किया जाता है, तब भी इन अधूरे कार्यों को पूरा कर लोगों को राहत दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपने नाम की पट्टिका लगवाना चाहता है तो लगवा ले, उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन कार्य पूरे होने चाहिएं ताकि क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि यह बहुउद्देश्यीय हाल बनकर तैयार हो जाता है तो विद्यार्थियों को खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध हो सकेगा।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता एनके लखनपाल ने जानकारी दी कि इस परियोजना का एस्टीमेट रिवाइज किया गया है और इसे शिमला स्थित निदेशक, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जैसे ही अनुमति प्राप्त होती है, कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाएगा।

## निविदाएं आवंटित करने को लेकर पंचायत पर लगाए हेराफेरी के आरोप

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत पड़ती पंचायत कलरूही एक बार फिर सुर्खियों में है। पंचायत कलरूही से ठेकेदार राजीव बक्शी को एक पत्र के माध्यम से वीरवार को निविदा आवंटित करने को लेकर पंचायत घर बुलाया गया था। राजीव बक्शी जब पंचायत घर आया तो पंचायत की प्रधान, उपप्रधान पर और सचिव पर पंचायत कार्यालय में पंचायत के कार्य में निविदा आवंटित में धांधली के आरोप लगा दिए।

ठेकेदार राजीव बक्शी ने पंचायत प्रधान के सामने कहा कि मैं पिछले चार सालों से पंचायत के निर्माण कार्य की सामग्री सप्लाई कर रहा हूं। इस वर्ष भी मैंने निविदा के लिए अपना आवेदन किया था तो सचिव ने मुझे धारा 151 का हवाला देकर मेरी कोटेशन निकालने से मना कर दिया। मेरे द्वारा पिछले चार साल से पंचायत में निर्माण सामग्री दी जा रही है और उन सभी कामों की मुझे अभी पेमेंट भी नहीं दी गई है। इस बात की शिकायत राजीव बक्शी ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पोर्टल और जिला ऊना पंचायत अधिकारी के पास दी है, जिसकी जांच के आदेश हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत कलरूही में निविदा आवेदन में अपने चहेतों को लाभ पहुंचने के लिए मेरे साथ ये सारा खेल खेला जा रहा है। राजीव बक्शी ने पंचायत सचिव, प्रधान ओर उपप्रधान पर धन राशि मांगने के भी आरोप लगाए है।

**क्या कहते है पंचायत प्रधान कलरूही :** पंचायत कलरूही की प्रधान सुनीता कुमारी ने कहा कि ठेकेदार राजीव बक्शी ने पंचायत में निविदाओं को लेकर जो कहा है, वे सारी बातें निराधार हैं और पंचायत में नियमों के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है।

**क्या कहते है पंचायत सचिव :** कलरूही पंचायत सचिव रविंदर पाल से जब इस मामले के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी पक्षपात नहीं किया जा रहा है और पंचायत में नियमों के अनुसार ही कार्य किए जा रहे हैं।

## रामगढ़ धार के गहरा गांव में अवैध खैर कटान पर बड़ा खुलासा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

▶ स्थानीय वन रक्षक पर लगे गंभीर आरोप

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के रामगढ़ धार क्षेत्र के गहरा गांव में अवैध खैर कटान मामले ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में एक स्थानीय जागरूक व्यक्ति द्वारा डीएसपी ऊना और रेंज ऑफिसर रामगढ़ धार को दिए गए पुख्ता साक्ष्यों और लिखित बयानों के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। बयान में उस व्यक्ति ने आरोप लगाए हैं कि जब गहरा गांव में खैर के अवैध कटान की जांच के लिए वन रक्षक और डिप्टी रेंजर तलमेहड़ा क्षेत्र में पहुंचे थे, तब उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि आपने बयान देने हैं कि आपको कुछ नहीं पता।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जो व्यक्ति खैर के अवैध कटान में पहले से संलिप्त रहे हैं, वे जांच के समय वन रक्षक और डिप्टी रेंजर की टीम के साथ देखे गए। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि क्या वास्तव में जांच निष्पक्ष हो रही थी या फिर यह केवल औपचारिकता निभाने की कवायद थी। आरोप लगाने वाले व्यक्ति ने दावा किया है कि यही लोग वर्षों से गहरा गांव और आसपास के क्षेत्रों में खैर के पेड़ों की अवैध कटाई करते आ रहे हैं और वन विभाग के कुछ अधिकारी इन्हीं के संरक्षण में कार्य कर रहे हैं।

स्थानीय व्यक्ति के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने वन रक्षक को तलब किया और पुलिस चौकी जोल को स्पष्ट निर्देश दिए कि वन रक्षक सहित संलिप्त सभी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जाए। पुलिस ने इस मामले को अब आपराधिक साजिश और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की दिशा में जांच के लिए आगे बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार उधर विजिलेंस टीम ऊना ने भी इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए रामगढ़ धार के रेंज ऑफिसर से उक्त वन रक्षक के अवैध कटान को लेकर कुछ जुड़े दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। माना जा रहा है कि इन दस्तावेजों की जांच के बाद इस अवैध कटान से जुड़े कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक यह सिर्फ एक गांव या एक क्षेत्र तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि यह एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है जिसमें रसूखदार लोग भी शामिल हो सकते हैं।

**रामगढ़धार के रेंज ऑफिसर कर रहे जांच :** ऊना जिले के डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि रामगढ़ धार के गहरा गांव में हुए अवैध कटान की रामगढ़ धार के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में उक्त वन रक्षक की अवैध कटान को लेकर संदिग्ध एवं लापरवाही पाई गई थी और जैसे जांच आगे बढ़ती गई, वैसे ही स्थानीय जनता में एक व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में बयान दिया गया कि गहरा गांव में हुए अवैध कटान में स्थानीय वन रक्षक एवं कुछ स्थानीय लोग शामिल हैं, अब अवैध कटान को लेकर जांच नया मोड़ ले रही है। उक्त व्यक्ति के दिए बयान सत्य पाए गए तो खैर के अवैध कटान में सम्मिलित सभी आरोपी चाहे वह विभाग हो या फिर स्थानीय गांव के, सभी पर मामला दर्ज करवाकर अवैध कटान को लेकर सही तथ्य तक पहुंचा जाएगा। राणा ने कहा कि जिला में अवैध कटान या फिर किसी प्रकार का कोई अवैध गोरखधंधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रेंज ऑफिसर ने की आरोपों की पुष्टि

**इस** मामले पर रेंज ऑफिसर रामगढ़ धार संदीप कुमार ने बताया कि उन्हें एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा लिखित बयान प्राप्त हुआ है, जिसमें गहरा गांव के सरकारी जंगल से अवैध खैर कटान की जानकारी दी गई है। संदीप कुमार ने कहा कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस और विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। फिलहाल नामजद व्यक्तियों के पुलिस चौकी जोल में बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं।

**सम्मान** डीसी ने राजकीय कन्या विद्यालय ऊना में 42 मेधावियों को किया सम्मानित

# जतिन लाल ने छात्रों को दिए सफलता पाने के गुर



ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल सम्मानित छात्राओं के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के डीसी जतिन लाल 'अपना विद्यालय' पहल के तहत राजकीय कन्या उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद किया, उनकी उपलब्धियों की सराहना की और 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 42 मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।

बता दें 'अपना विद्यालय' हिमाचल सरकार की वह अभिनव पहल है जिसके अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी सरकारी विद्यालयों को गोद लेकर उनकी गुणवत्ता, संसाधनों और विद्यार्थियों के समग्र विकास को नया आधार दे रहे हैं। विद्यालय से अपनापन दर्शाते हुए उपायुक्त ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने को प्रेरित किया और सफलता के बहुमूल्य सूत्र दिए। अपने संबोधन में उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि सपनों को बड़ा रखिए और उन तक पहुंचने के लिए आत्मविश्वास, ईमानदारी और लगातार प्रयास को साथी बनाइए। उन्होंने छात्राओं से यह भी आग्रह किया कि वे किसी भी चुनौती से न डरें और अपने भीतर की क्षमता को पहचानें। कार्यक्रम में हुए संवाद सत्र में छात्राओं ने करियर, प्रशासन और शिक्षा से जुड़े प्रश्न अनेक पूछे।

डीसी ने सरल लेकिन प्रभावशाली ढंग से उनके सभी सवालों के जवाब दिए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सुरेश ने कहा कि उपायुक्त द्वारा विद्यालय को गोद लिए जाने और उनके प्रत्यक्ष जुड़ाव से छात्राओं में आत्मबल बढ़ा है। वे अभिभूत हैं। उपायुक्त के सतत मार्गदर्शन से उन्हें जीवन में बड़े सपने देखने का हौसला बढ़ा है। करियर को लेकर स्पष्ट सोच बनी है और संकल्पों को साकार करने को लेकर नई शक्ति का संचार हुआ है।

### प्रेम आश्रम के विशेष बच्चों ने उपायुक्त जतिन लाल से मिलकर साझा की खुशी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रेम आश्रम स्कूल ऊना के विशेष बच्चों और स्टाफ ने वीरवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल से भेंट कर जिला प्रशासन द्वारा हाल ही में दी गई निशुल्क परिवहन सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया। यह सुविधा मैहतपुर स्थित गुलमोहर सिनेमा हॉल में प्रेम आश्रम द्वारा बच्चों के लिए आयोजित 'सितारे जमीन पर' फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के अवसर पर उपलब्ध करवाई गई थी, जिसमें दिव्यांग बच्चों को केंद्र में रखकर बनाई गई इस प्रेरणादायक फिल्म को दिखाया गया। जिला प्रशासन की ओर से बच्चों के लिए आने-जाने की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ इस अनुभव का आनंद उठाया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उनके चेहरों पर प्रसन्नता देख गहरी संतोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से दिव्यांगजनों को सहयोग और सम्मान देना ही समावेशी विकास की सच्ची दिशा है। उन्होंने प्रेम आश्रम द्वारा विशेष बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग देगा।



ऊना के डीसी जतिन लाल विशेष बच्चों के साथ।

## सावन नवरात्र मेलों में उपमंडल गगरेट में बिना अनुमति नहीं लग पाएंगे लंगर

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** अपने भक्तों की चिंताएं हरने वाली मां चिंतपूर्णी का सावन नवरात्र मेला इस बार 25 जुलाई से शुरू होगा। मेला प्रशासन भी इस मेले के सफलतापूर्ण संचालन के लिए जुट गया है। खास बात यह है कि इस बार उपमंडल गगरेट के अंतर्गत आशादेवी से बणे दी हट्टी तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले लंगरों की अनुमति एसडीएम कार्यालय गगरेट से ही लेनी होगी। लंगर लगाने वाली संस्थाओं को इस बार सशर्त ही अनुमति दी जाएगी।

मां चिंतपूर्णी के सावन नवरात्र मेलों में पंजाब सहित उत्तर भारत से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ज्यादातर श्रद्धालु होशियारपुर से लेकर मां के दरबार तक पैदल ही मां का गुणगान करते हुए पहुंचते हैं। ज्यादातर पंजाब से आने वाले श्रद्धालुओं के चलते यह क्षेत्र नौ दिन के लिए मिनी पंजाब का रूप धारण कर लेता है। पैदल ही मां के दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई धार्मिक संस्थाएं सड़क किनारे लंगर की व्यवस्था करती हैं। होशियारपुर से लेकर मां के दरबार तक एक अनुमान के अनुसार डेढ़ सौ के करीब लंगर लगते हैं। इन लंगरों में तरह-तरह के पकवान सहित फल, जूस व जलेबी, गुलाबजामुन जैसे पकवान भी परोसे जाते हैं। हालांकि पुण्य कमाने के लिए आने वाली ये संस्थाएं कई बार जाने-अनजाने में यहां की सुंदरता पर दाग लगाते हुए हर तरफ गंदगी फैला जाती हैं। यही वजह है कि प्रशासन अब इन संस्थाओं को अनुमति के बिना लंगर परोसने की इजाजत नहीं देता।

केवल वहीं संस्थाएं ही लंगर परोस सकती हैं, जिन्हें प्रशासन द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। बिना अनुमति लंगर लगाने वाली संस्थाओं को भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। उपमंडल गगरेट के अंतर्गत पंजाब की सीमा आशा देवी से लेकर बणे दी हट्टी तक लगने वाले लंगरों को इस बार एसडीएम कार्यालय गगरेट से अनुमति मिलेगी। एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम का कहना है कि लंगर बेहतर ढंग से संचालित हों और लंगरों की समाप्ति के बाद हर तरफ गंदगी का आलम न देखने को मिले, इसके लिए उपमंडल गगरेट के अंतर्गत लगने वाले लंगरों के लिए इस बार अनुमित गगरेट से ही दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि तलवाड़ा-दौलतपुर रोड व उपमंडल में मां के नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगने वाले तमाम लंगरों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना रीडिंग लिए बना दिए पानी के बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में जल शक्ति विभाग द्वारा शहरी इलाकों में पानी के बिल को लेकर नया टैरिफ जारी किया गया है। इसके तहत अब 20 लीटर पानी खर्च करने पर उपभोक्ता को 540 रुपए का भुगतान करना होगा। ऐसे में पानी के नए टैरिफ को लेकर कुल्लू शहर में भी लोग परेशान हैं। वहीं, लोगों ने यह आरोप लगाया है कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों के द्वारा पानी के मीटर की कोई रीडिंग नहीं ली गई और ऑफिस में बैठकर इन बिलों को जारी किया गया। इससे उपभोक्ताओं को अब परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-4 के निवासियों ने पार्षद दानवेंद्र सिंह के साथ मिलकर इसी मुद्दे को लेकर एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार के साथ मुलाकात की और मांग रखी की इस विषय में सरकार के साथ चर्चा की जाए, ताकि पानी के जो नए टैरिफ जारी किए गए हैं, उनमें संशोधन किया जाए।

### आपदा की घड़ी में सरकार कुंभकर्णी निद्रा में : अमर

**अनंत ज्ञान, सैंज।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा कितना सार्थक सिद्ध हो रहा है, इसका उदाहरण कुल्लू जिले की सैंज घाटी में देखने को मिल रहा है, जहां सरकार की लचर व्यवस्था के आगे आम लोगों का जीना दुभर हो गया है। तमाम विकास कार्य ठप पड़े हैं तथा सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार ने दुखी लोगों के पक्ष में सैंज भाजपा मंडल ने सरकार को घेरने का खाका तैयार कर लिया है। भाजपा अध्यक्ष अमर सिंह ने सैंज में यह बात कही। सरकार व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर ताबड़तोड़ हमला करते हुए उन्होंने कहा कि सैंज घाटी में सड़कों के हालात बदतर हैं और लोगों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग जहां कुंभकरण निद्रा में है। वहीं, विभाग के मंत्री अपने साथियों सहित विदेश में मजे ले रहे हैं। सैंज में विकास नाम की कोई चीज नहीं है, मात्र ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजकल फल-सब्जियों का भरपूर सीजन है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते बरसात के दिनों में सड़कों की हालत दयनीय बनी हुई है। फल-सब्जियां खेतों में ही सड़ रही हैं। लोक निर्माण विभाग सड़कों की स्थिति को प्राकृतिक आपदा से जोड़ रहा है, लेकिन वास्तव में लोक निर्माण विभाग की मशीनरी ही गायब है, विभाग की कार्य प्रणाली चिंता जनक और सरकार का इंजन फेल हो गया है।

### डीएवी मनाली में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली परिसर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नसोगी पंचायत के प्रधान दिलेराम उपस्थित रहे। साथ ही वार्ड पंच मंगल चंद व संतोष ने इस महत्वपूर्ण अवसर की शोभा बढ़ाई। स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता वर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। 12वीं कक्षा के एनएसएस छात्र 17 से 23 तक इस शिविर में भाग लेंगे। मुख्यातिथि ने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने देश से अत्यधिक प्रेम करें और बुरी आदतों में बिल्कुल भी शामिल न हों, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने देश को मजबूत और अत्यधिक विकसित बना सकें। उन्होंने इस सात दिवसीय शिविर को सभी एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा का एक अद्भुत मंच बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले के छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### हरियाली रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** इनर व्हील क्लब द्वारा दीयार को स्कूल के विद्यार्थियों के साथ हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या सुल्तानपुर के ईको क्लब और एनएसएस की छात्राओं के साथ मिलकर भेखली माता के रास्ते पर मठ रोड पर माता के चरणों के पास देवदार के पौधों का रोपण किया। क्लब की अध्यक्ष ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर क्लब की नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रीति खजूरिया, रेणुका सचिव दीपा व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पुणण खड्ड के पास राहगीरों पर कहर बनकर टूटी पहाड़ी, मां-बेटे की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी खंड की बखनाओं पंचायत में एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। वीरवार को पुणण खड्ड के पास अचानक पहाड़ी से गिरे पत्थरों ने एक मां और उसके 14 वर्षीय बेटे की जान ले ली। दोनों पैदल चल रहे थे और चंद कदमों की दूरी पर ही उनके घर की पगडंडी थी।

इस घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि मृतकों की पहचान रवीना (30 वर्ष) पत्नी विपन कुमार और उसके 14 वर्षीय बेटे सुजल नेगी के रूप में हुई है। दोनों काथला गांव के निवासी थे और रवीना पंचायत के काथला वार्ड की सदस्य भी थीं। हादसा वीरवार शाम करीब 4 बजे का है, जब रवीना आनी से और उसका बेटा चवाई से टैक्सी में सवार होकर पुणण तक पहुंचे थे, वहां से उन्हें करीब 200 मीटर की दूरी सड़क में पैदल तय कर पगडंडी चढ़कर घर पहुंचना था, लेकिन जैसे ही गाड़ी से उतर कर 50 मीटर ही दूर पर गए थे कि पुणण खड्ड के पास अचानक पहाड़ी से भारी पत्थर गिर पड़े, जो सीधे दोनों पर आ गिरे। फलस्वरूप घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। बखनाओं पंचायत के प्रधान अमित कुमार ने बताया कि रवीना पंचायत की सक्रिय महिला प्रतिनिधि थीं और समाज में काफी सम्मानित थीं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने जानकारी दी कि दोनों शवों को सिविल अस्पताल आनी लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को फौरी राहत के तौर पर 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है।

## चार दिन बाद मिला लापता चालक का शव

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू बंजार स्थित फागुपुल के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान बीते दिनों हुए हादसे में गिरे शाहरुख पुत्र ताहिर मकान नंबर 434 पटनी गांव जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा करपरिजनों को सौंप दिया गया है। 14 जुलाई को सुबह करीब 7 से 8 बजे के मध्य एक सड़क दुर्घटना कॉलेज रोड गांव जवाहड़ के समीप एक लोडिंग वाहन, जो कि फल-फ्रूट से लदा हुआ था। यह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की ओर गिर गया था। पुलिस द्वारा प्राथमिक जानकारी में वाहन संख्या एचपी 34 डी-9942 सड़क के धंस जाने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया था। हादसे के पश्चात थाना प्रभारी चंद्रशेखर ठाकुर द्वारा चालक की खोज के लिए टीम सहित खड्ड में काफी तलाश की गई पर चालक का कोई पता नहीं चल पाया पर वीरवार को स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि एक शव निर्वस्त्र हालत में मंगलोर फागुपुल के समीप तीर्थन नदी में देखा गया है। पुलिस द्वारा तुरंत प्रभाव से नदी से शव को निकाल कर बंजार अस्पताल में लाया गया।

## श्रीखंड यात्रा में श्रद्धालु की मौत के बाद भाई ने यात्रा प्रबंधों पर लगाए गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान, आनी**

- पोर्टर्स ने मांगे 60 हजार रुपए, ऑक्सीजन सिलेंडर में निकली गड़बड़ी

श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान एक चंडीगढ़ निवासी श्रद्धालु की मौत ने यात्रा प्रबंधन और ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बुधवार रात को हुई इस घटना के बाद मृतक अभय के चचेरे भाई विशाल ने प्रशासन और ट्रस्ट की व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा किया है। विशाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शव को नीचे लाने के लिए तैनात मजदूरों ने 60 हजार रुपए की मांग की और पैसे न दे पाने की स्थिति में उनका मोबाइल व अन्य सामान छीन लिया गया। उन्होंने बताया कि नेटवर्क की समस्या के चलते बड़ी मुश्किल से दो बार 20-20 हजार की ट्रांजेक्शन की गई। विशाल का आरोप है कि बीमार अभय को सिंहगाड से जाओं तक लाने में पोर्टर्स ने जानबूझ कर देरी की, जिससे कीमती समय बर्बाद हुआ। उन्होंने कहा कि बेसकैंप पर भी उन्हें दो घंटे तक खुले में बारिश में ही रखा गया। इससे अभय की स्थिति और गंभीर हो गई। विशाल ने बताया कि थाचड़ू में जो ऑक्सीजन सिलेंडर उन्हें दिए गए, उनमें से एक खाली था। पार्वती बाग और भीम डवारी के बीच उन्हें ठीक तरह की प्राथमिक चिकित्सा मिली, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। विशाल ने यात्रा के पूरे प्रबंधों को सवालों के घेरे में डालते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है और ऊपर धांधली चल रही है। उन्होंने श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**इस** मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि उन्हें यह शिकायत प्राप्त हुई है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी यात्री से पैसे मांगना गंभीर अपराध है। इस मामले की पूरी जांच की जाएगी और दोषियों से पैसे की वसूली कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## माता हिडिंबा मंदिर में शतचंडी महायज्ञ आज से

**अनंत ज्ञान, मनाली।** माता हिडिंबा मंदिर में शुक्रवार से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। विश्व की सुख-शांति के लिए आयोजित हो रहा यह महायज्ञ 25 जुलाई तक चलेगा। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालु परिसर के गेट से माथा टेक कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद ले सकते हैं। मंदिर परिसर में महायज्ञ के चलते लोगों की आवाजाही नहीं होगी। आज कलश स्थापना एवं देवी-देवताओं के आगमन के साथ महायज्ञ का आयोजन होगा। सात दिन तक 15 ब्राह्मण मंदिर में शतचंडी पाठ करेंगे। 24 को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। महायज्ञ में माता हिडिंबा, मनु ऋषि, कंचन नाग, शंख नारायण, कार्तिक स्वामी, सियाली महादेव, शांडिल ऋषि, वीरनाथ देवता विराजमान होंगे। माता हिडिंबा के पुजारी रमन शर्मा ने बताया कि महायज्ञ के दौरान श्रद्धालु मंदिर के गेट तक आ सकेंगे। सात दिन महायज्ञ का आयोजन होगा।

## पंजीकृत श्रमिकों व उनके आश्रितों को दिया जाएगा कौशल विकास प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

श्रम कल्याण अधिकारी कुल्लू शशांक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण का कल्याण बोर्ड (हिप्र) के अंतर्गत सफलतापूर्वक मूल्यांकित, पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करवाने का निर्णय लिया गया है।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रोडक्शन मशीन ऑपरेटर के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। मैन्युफैक्चरिंग एवं पैकिंग सहायक फार्मा के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास। मेडिकल सेल्स प्रतिनिधि न्यूनतम आयु 18 वर्ष शैक्षणिक योग्यता स्नातक उपाधि। एसोसिएट रेगुलेटरी अफेयर्स एवं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष शैक्षणिक योग्यता बीटेक फाइनल अथवा आवश्यक विषयों सहित बी फार्मा फाइनल ईयर अथवा एमएससी हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के पात्र व्यक्ति ऐसे अभ्यर्थी, जो हिमाचल भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में श्रमिकों व उनके आश्रितों के लिए पात्रता मान्य होगी।

नामांकित अभ्यर्थियों के पास निर्धारित योग्यता होनी अनिवार्य है। नामांकन से पूर्व, प्रशिक्षुओं को उक्त प्रशिक्षण के लिए अपनी सहमति, संपर्क सूत्र का विवरण लिखित रूप में दिया जाना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए एक सप्ताह के भीतर अपनी सहमति श्रम कल्याण अधिकारी कुल्लू, जोन कुल्लू के कार्यालय में दिया जाना सुनिश्चित करें व इस संदर्भ में अतिरिक्त जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 01902-293025 पर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

## व्हिम्स ने देसी ऊन व शिल्प की कहानी को दुनिया तक पहुंचाया

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** अमेरिका के सांताफे में इंटरनेशनल फोक आर्ट मार्केट (आईएफएएम) का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नगर स्थित कुल्लवी व्हिम्स, जो कि हिमाचल की महिलाओं द्वारा संचालित एक कलेक्टिव है, उन्होंने भी हिमाचल के पारंपरिक शिल्प और देसी ऊन की परंपराओं को प्रदर्शित किया।

यह कलेक्टिव हिमाचल की प्राचीन शिल्प परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित रहा, जो स्थानीय महिला कारीगरों और चरवाहा समुदाय के साथ मिलकर इन परंपराओं को जीवित और सतत बनाए रखने के लिए काम कर रहा है। यह पूरे हिमाचल के लिए और कुल्लवी व्हिम्स की 400 महिला कारीगरों की टीम के लिए गर्व का क्षण रहा। इनकी मेहनत, कौशल और लगन ने हिमाचल की देशी ऊन और शिल्प की कहानी को दुनिया तक पहुंचाया है। कुल्लवी व्हिम्स हिमाचल प्रदेश का पहला संगठन है, जिसे इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चुना गया। इसेन



हिमाचल की देसी ऊन, संस्कृति और पारंपरिक शिल्प को आईएफएएम सांताफे, यूएस जैसे वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया। इंटरनेशनल फोक आर्ट मार्केट दुनिया का सबसे बड़ा फोक आर्ट कार्यक्रम है। इसमें 57 से अधिक देशों के 142 से अधिक कारीगर अपनी अनूठी कला और शिल्प परंपराओं को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से कुल्लवी व्हिम्स ने हिमाचली ऊन की यात्रा को साझा किया। यह उत्सव चरवाहों और सूत कातने वालों से लेकर प्राकृतिक रंगाई करने वालों, बुनकरों और कश्मीरी की तरह बुनने वाली महिलाओं तक, जो हिमालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प परंपराओं का उत्सव है।

### क्या कहते हैं संस्थापक भृगु आचार्य

**मैं** भावुक और गर्वित हूं कि यह यात्रा मुझे उस मुकाम पर ले आई है, जहां मैंने अपनी पुरानी पीढ़ियों की संपदा को दुनिया के साथ साझा किया। यह कलेक्टिव शिल्प प्रस्तुत करने की बात नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है हमारी विरासत, सैकड़ों वर्षों की परंपरा, हमारे सामग्री और हमारे जीवन के तरीके को वैश्विक समुदाय के सामने प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी है। संस्थापक भृगु आचार्य और निशा सुब्रमणियन इस प्रदर्शनी में उपस्थित रहे।

## हिमाचल की धरोहरों को बेचने पर तुली सुक्खू सरकार : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल को कर्ज के दलदल में धकेलने के बाद, अब प्रदेश की बहुमूल्य धरोहरों को निजी हाथों में सौंपने पर तुली है।



हिमाचल पर्यटन विकास निगम के 14 होटलों को बेचने की तैयारी इसका स्पष्ट प्रमाण है। गोविंद ने कहा कि कांग्रेस ने पहले प्रदेश हाईकोर्ट से इन होटलों को घाटे से उबारने के लिए समय मांगा था, लेकिन अपने प्रयासों में विफल रहने के बाद अब जनता को गुमराह करने के लिए झूठे आंकड़े पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन होटलों को घाटे में दिखाकर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की साजिश रच रही है। यह प्रदेश की जनता और आने वाली पीढ़ियों के साथ विश्वासघात है। हिमाचल के जिन होटलों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी हो रही है, उनमें कई होटल ऐसे हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की पहचान हैं। इन होटलों को बेचना न केवल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को कमजोर करेगा, बल्कि इससे सैकड़ों स्थानीय लोगों का रोजगार भी संकट में पड़ जाएगा। पूर्व मंत्री ने सवाल उठाया कि यदि एचपीटीडीसी के चेयरमैन आरएस बाली खुद यह स्वीकार कर चुके हैं कि निगम को इन होटलों से सालाना 200 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो रहा है और निगम का कुल राजस्व 100 करोड़ रुपए से अधिक है, तो फिर इन होटलों को घाटे में दिखाने का नाटक क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुक्खू सरकार की सुनियोजित चाल है, जो प्रदेश की परिसंपत्तियों को औने-पौने दामों पर बेचकर अपने चहेतों को खुश करना चाहती है।

## थेरेपी सेवाओं के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सांफिया द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल कटराई में दिव्यांगता पर केंद्रित एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों, उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों तथा शिक्षा में समावेश की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में सांफिया के प्रोग्राम मैनेजर बीजू हिमदल ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों के लिए, सांफिया द्वारा किए जा रहे कार्यों को साझा किया। इसके पश्चात सांफिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. श्रुति भारद्वाज ने उपस्थित प्रतिभागियों को थैरेपी सेवाओं के महत्व और दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा ने सांफिया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समावेशी समाज की दिशा में सांफिया का दृष्टिकोण सराहनीय है और डीएवी स्कूल भी दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण तैयार करने के इस विजन पर कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि स्कूल के भविष्य में भी इस तरह की जागरूकता कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। इस कार्यशाला में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं तनजीन पालडोन, संध्या ठाकुर, निशा देवी, अलीशा शर्मा, सुमन राणा, संजीव ठाकुर और चंद्रकांता भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सभी ने कार्यशाला की सराहना की और इस तरह की पहल को बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यशाला के अंत में एक विशेष गतिविधि भी आयोजित की गई।




दिव्यांगता पर केंद्रित जागरूकता कार्यशाला के दौरान स्कूल के विद्यार्थी व अन्य।

## ललित वर्ल्ड स्नेक डे पर हुए सम्मानित

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** वर्ल्ड स्नेक-डे के अवसर पर हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा रामपुर वन मंडल के वरिष्ठ वन रक्षक ललित भारती को वन्यजीव संरक्षण एवं रेस्क्यू ऑपरेशनों में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह प्रशस्ति पत्र वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रदान किया गया। आनी खंड के दलाश क्षेत्र के रहने वाले ललित भारती को यह सम्मान उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और मानव-वन्यजीव संघर्षों को कम करने में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए दिया गया। प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया कि उनके कार्य न केवल प्राकृतिक धरोहर की रक्षा में सहायक रहे हैं, बल्कि वे पर्यावरण संरक्षण के उच्च आदर्शों को बनाए रखने के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर वन विभाग ने कहा कि ललित भारती जैसे समर्पित कर्मचारियों की वजह से ही प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण और लोगों को उनके प्रति जागरूक करने में सफलता मिल रही है।



## तय दरों से अधिक वसूली पर होगी सख्त कार्रवाई : पंकज

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

- सेब सीजन के लिए माल-भाड़ा तय, अधिसूचना जारी
- स्थानीय जीप यूनियन के वाहनों का करें उपयोग

बंजार उपमंडल के तहत सेब सीजन के लिए जीप द्वारा सेब ढुलाई माल भाड़ा की दरें तय कर दी गई हैं।

यह फैसला तहसीलदार बंजार की अध्यक्षता में जीप ऑपरेटर यूनियन और सेब उत्पादक संघ की संयुक्त बैठक में आपसी सहमति से लिया गया। इसके बाद एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है। इसकी प्रतियां अन्य संबंधित विभागों के लिए कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई हैं। नई दरों में दूरी किलोमीटर में 0 से 40 किलोमीटर तक 0.0500 दर (प्रति किलोमीटर) 40 से 80 किलोमीटर तक 0.0350, 80 किलोमीटर से अधिक 0.0200 दर (प्रति किलोमीटर) तय किया गया है। उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने स्पष्ट किया कि इन निर्धारित दरों से अधिक कोई भी जीप ऑपरेटर किराया नहीं वसूल सकता और यदि कोई ऑपरेटर ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बागवानों से अपील की है कि वे अगर किसी भी प्रकार की ओवर चार्जिंग का सामना करते हैं, तो तुरंत इसकी शिकायत करें। सेब उत्पादक संघ बंजार के अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर ने सभी बागवानों से आग्रह किया कि वे सिर्फ स्थानीय जीप यूनियन के वाहनों का उपयोग करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और अनावश्यक विवाद से बचा जा सके। इस फैसले का उद्देश्य बागवानों और जीप चालकों के बीच पारदर्शिता बनाए रखना और अनावश्यक किराया विवादों से बचाव करना है। एसडीएम कार्यालय ने स्पष्ट किया कि यह दरें सभी के लिए बाध्यकारी होंगी और पालन न करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

# पेंटिंग प्रतियोगिता में निशिता प्रथम



बाल विकास परियोजना कटराई के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत मनाली स्कूल में जागरूकता शिविर में मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

बाल विकास परियोजना कटराई के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनाली में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

स्कूल की छात्राओं के लिए पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशिता नवमीं कक्षा, द्वितीय स्थान सुष्मिता दसवीं कक्षा, तृतीय स्थान साक्षी नवमीं कक्षा। वहीं, स्लोगन-लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विजया ठाकुर दसवीं कक्षा, द्वितीय स्थान हुमायरा नवमीं कक्षा, तृतीय स्थान साक्षी शर्मा 12वीं कक्षा विजेता रही।

जागरूकता शिविर में डॉ. पिया कपूर ने छात्राओं को जानकारी दी की मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है, नहीं तो कई बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। अतः इस दौरान अपने स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान देना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में कुपोषण से होने वाले रोगों से बचा जा सके, किशोरियों ने डॉ. पिया को अपनी समस्याएं बताई, जागरूकता शिविर में स्वास्थ्य विभाग से किशोर स्वास्थ्य परामर्श सीता नलड़ा ने छात्राओं को उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर जानकारी दी। बाल विकास परियोजना मनाली सर्कल की पर्यवेक्षिका मधुबाला ने विभागीय स्कीमों की जानकारी दी। जागरूकता शिविर में रावमा पाठशाला की अध्यापिकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

## देवभूमि में देवताओं का ही नहीं हो रहा सम्मान : नेगी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेरा नेगी ने कहा कि देवभूमि में देवताओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव जैसे पवित्र धार्मिक स्थल पर रोपवे निर्माण के नाम पर जो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरणीय विनाश हो रहा है, वह रुकने का नाम नहीं ले रहा।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहे जाने के बावजूद यहां के देवस्थलों और आस्था स्थलों की विशिष्टता व मान्यता का सम्मान नहीं हो रहा। बिजली महादेव क्षेत्र के लोग विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जब विकास के नाम पर उनकी जिंदगियां, प्राकृतिक सुरक्षा और सांस्कृतिक आस्थाओं पर संकट मंडराने लगे, तब सवाल उठना स्वाभाविक है। हर साल आपदाओं से जूझते कुल्लू जिले में ऐसी परियोजनाएं, जो पर्वतीय ढांचे को और अधिक कमजोर व अस्थिर बनाएं, वे न केवल असंवेदनशील हैं, बल्कि खतरनाक भी हैं। हम सभी चाहते हैं कि बिजली महादेव जैसे पवित्र स्थल तक लोगों की पहुंच सरल हो, लेकिन उस सुगमता की कीमत इस स्थल की आत्मा और उसके आस-पास बसे गांवों की सुरक्षा नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि जब तक इस परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय विनाश जैसे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, पर्वतीय भू-संरचना की खुदाई, और जल स्रोतों के प्रभाव पर रोक नहीं लगती, हम इस रोपवे निर्माण का विरोध करते रहेंगे। स्थानीय जनता, बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरण विशेषज्ञों और सांस्कृतिक संस्थाओं को विश्वास में लेकर ही कोई भी विकास योजना आगे बढ़ाई जाए। सरकार यह स्पष्ट करे कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई के बाद कहीं पर वनरोपण की कोई कार्ययोजना है भी या नहीं। नेगी ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विकास को जनसुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ें क्योंकि ऐसा कोई विकास स्वीकार्य नहीं हो सकता, जो लाशों और विनाश पर खड़ा हो।

## आनी के मेला मैदान में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के मेला मैदान में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को गरिमामय और उत्साहपूर्ण बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रगान, ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों, स्कूलों, कॉलेजों, पुलिस और होमगार्ड के प्रतिनिधियों को आयोजन की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परेड की तैयारियों पर विशेष बल दिया। परेड में स्कूल-कॉलेजों, पुलिस और होमगार्ड के जवानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह गान, देशभक्ति नाटक, नाटी और अन्य प्रस्तुतियों को शामिल करने पर मंथन किया गया। महिला मंडल, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संगठनों को सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करने की



बैठक के दौरान एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रमों में विविधता लाने और स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करने पर बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त, प्रोत्साहन राशि और पूर्व सैनिकों (एक्स सर्विस मैन) को आमंत्रित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का प्रतीक है। यह दिन देशभक्ति और एकता का संदेश देता है। हमें मिलकर इस आयोजन को गरिमामय और यादगार बनाना है। सभी विभाग, स्कूल, कॉलेज और संगठन उत्साहपूर्वक अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। राष्ट्रगान और परेड के लिए विशेष ध्यान दें, ताकि यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक हो। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने तैयारियों को समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से पूरा करने का आश्वासन दिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी हितधारकों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देगा। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने कहा कि प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त नई प्रस्तुति या कार्यक्रम शामिल नहीं किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापार मंडल के सदस्य, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जयराम का पुतला जलाने पर कैबिनेट मंत्री के बेटे विक्रम सहित सात पर एफआईआर



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा प्रेस को संबोधित करते हुए।

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष किन्नौर यशवंत सिंह नेगी द्वारा एक एफआईआर जिला किन्नौर के पुलिस स्टेशन रिकांगपिओ में दर्ज करवाई गई थी।

यह एफआईआर तब हुई थी, जब मुख्य चौक रिकांगपिओ में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का पुतला फूंका गया था। नंदा ने बताया कि कांग्रेस के मंत्री जगत सिंह नेगी के बेटे विक्रम सिंह नेगी सहित 7 अन्य पर एफआईआर हुई है। अन्य 7 में नार्मल चंद्र, सूर्य बोरस, कुलवंत नेगी, मान चंद नेगी, राम मोहन, जय किशन और राकेश कुमार हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक किन्नौर को एक लिखित शिकायत जिला भाजपा अध्यक्ष यशवंत नेगी द्वारा दी गई, जिस पर सेक्शन बिएनएस 173 के अंतर्गत एफआईआर हुई है और इस केस में बिएनएस धारा 189 (2) और 292 लगाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### पच्छाद के तीन आंगनबाड़ी केंद्र हुए स्तरोन्नत

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद के तीन मिनी आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम पंचायत बागपशोग में दांवर, ग्राम पंचायत दिलमन में काटल तथा ग्राम पंचायत कथाड़ में चटोर में हैं, जो कि गत 2013 से कार्यशील थे, उनको केंद्र सरकार के द्वारा स्तरोन्नत कर अब पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र बना दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद ने बताया कि उन्हें निदेशक, महिला एवं बाल विकास के पत्र द्वारा सूचित किया गया है उपरोक्त वर्णित मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में स्तरोन्नत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन मिनी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में स्तरोन्नत करने के लिए विभाग द्वारा पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक स्थिति के मध्यनजर गत वर्ष समीपस्थ आंगनबाड़ी केंद्रों की जनसंख्या को मिनी केंद्रों के पोषक क्षेत्र में सम्मिलित कर न्यायोचित मांग प्रस्तुत की गई थी। इसकी विभाग द्वारा अनुशंसा कर केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास को प्रस्तुत कर दिया गया। फलस्वरूप अब इन तीन मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को स्तरोन्नत कर पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि इन मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में केवल एक कर्मी मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत होता था।

### आंचल का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के शिक्षा खंड सराहां के तहत आने वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय शमलाटी मड़गांव की छात्रा आंचल का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। आंचल ने हाल ही में नवोदय विद्यालय परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन किया है। स्कूल के मुख्य शिक्षक संजय आर्य ने बताया कि आंचल ने इस से पहले भी इसी वर्ष विद्यालय की ओर से नेशनल मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा उत्तीर्ण की है। केंद्र सरकार की नेशनल मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप के तहत एक हजार रुपए प्रति माह तथा वर्ष के 12000 रुपए मिलते हैं, अब आँचल नवोदय विद्यालय नाहन से नौवीं कक्षा में अध्ययन करेगी। संजय ने बताया कि आंचल एक होनहार छात्रा है। बता दें कि इसी वर्ष विद्यालय के 2 विद्यार्थियों ने एनएमएमएस की छात्रवृत्ति परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। वहीं, गत वर्षों में भी विद्यालय के कई छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो चुका है। स्कूल की एसएमसी कमेटी ने आंचल की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

### कृतिका मिस, गौरव बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रशिक्षु छात्रों द्वारा अपने प्रशिक्षकों और सीनियर बैच के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में हरि कृष्ण शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें नृत्य, कविता पाठ, शायरी और भाषण शामिल रहे। कोपा ट्रेड की कृतिका मिस फेयरवेल और एमएमवी ट्रेड का छात्र गौरव मिस्टर फेयरवेल रहे। टैली का पीयूष और कोपा ट्रेड की छात्रा कल्पना मिस और मिस्टर पर्सनालिटी रहे। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह संस्थान हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने प्रशिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।

### छात्रा की आत्महत्या मामले को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ओडिशा में एक छात्रा द्वारा कॉलेज में प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने नाहन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस दुखद घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की और दोषियों को सख्त सजा देने की अपील की। एबीवीपी से संबंधित मृत छात्रा को न्याय दिलाने और देशभर में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर परिषद के कार्यकर्ताओं ने महिमा लाइब्रेरी से रैली की शुरुआत की और जोरदार नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे। वहां छात्रों ने डीसी सिरमौर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एबीवीपी की प्रदेश कार्यकर्ता शीतल शर्मा ने कहा कि ओडिशा की यह घटना अत्यंत शर्मनाक है और इससे देशभर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक छात्रा का मामला नहीं, बल्कि हर उस युवती की आवाज है, जो किसी न किसी रूप में उत्पीड़न का शिकार होती है। एबीवीपी ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रताड़ना जैसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाएं।

# बारिश से सोलन में लोक निर्माण विभाग के 11 करोड़ 80 लाख डूबे

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बारिश से सोलन जिले में लोक निर्माण विभाग को भी खासा नुकसान झेलना पड़ा। बरसात के इस सीजन में अब तक विभाग को 11 करोड़ 80 लाख का नुकसान हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान अर्की मंडल को हुआ, जहां पर अभी तक विभाग के 4 करोड़ 44 लाख डूब चुके हैं। वहीं, कसौली मंडल में सड़कों को हुए नुकसान का आंकड़ा 4 करोड़ 25 लाख तक पहुंच गया। बहरहाल बुधवार से हो रही बरसात से जिले के अधिकांश भागों में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ और इस दौरान 12 मार्ग भी अवरुद्ध हुए हैं, जिन्हें विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बहाल कर दिया है।

मानसून की पहली बारिश ने ही जिलेभर में खासा नुकसान किया। करीब दो सप्ताह पूर्व से आरंभ हुई बारिश का क्रम लगातार जारी है और दिन व रात के समय जिले के अधिकतर भागों में बारिश हो रही है। बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। कहीं डंगों को नुकसान पहुंचा है, तो कहीं सड़कों पर मलबा आने से वाहनों के पहिए थमे हैं। इस बारिश के चलते सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को पहुंचा है। विभागीय आकंड़ों के अनुसार विभाग को बुधवार तक 11 करोड़ 80 लाख की चपत लगी है। इस दौरान जिले के विभिन्न भागों में 12 मार्ग अवरूद्ध भी हुए थे, जिन्हें बहाल कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की माने, तो सभी कर्मियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाधित मार्गों को खोलकर यातायात सुचारू किया जा सके।



एनएच-5 के चक्की मोड पर बारिश से हुआ नुकसान।

> बारिश के चलते विभाग के नुकसान का आंकड़ा करीब 11 करोड़ 80 लाख तक पहुंच गया है। जिले में बुधवार को 12 मार्ग बंद हुए हैं, जिन्हें बहाल करने के लिए मशीनरी व कर्मचारियों को लगाया गया और इन्हें सुचारू कर दिया गया है। सभी कर्मियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **अजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग सोलन।**

## अर्की व कसौली मंडल में सबसे अधिक नुकसान

**दो** सप्ताह की बारिश में लोक निर्माण के चारों मंडलों में अच्छा विभाग को खासा नुकसान झेलना पड़ा है। विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक नुकसान अर्की मंडल में हुआ है और अब तक सबसे कम नुकसान सोलन मंडल में हुआ है। सोलन मंडल की बात करें, तो विभाग को 1 करोड़ 3 लाख 30 हजार का नुकसान हुआ है। बुधवार और वीरवार को 3 मार्ग अवरूद्ध हुए थे, जिन्हें बहाल कर दिया गया है। अर्की मंडल में नुकसान का आंकड़ा 4 करोड़ 44 लाख 90 हजार तक पहुंच गया है। मंडल में 3 मार्ग अवरूद्ध हुए थे, जिन्हें खोल दिया गया है। कसौली मंडल के अधीन नुकसान का आंकड़ा 4 करोड़ 25 लाख 15 हजार है और मंडल के अधीन फिलहाल कोई मार्ग अवरूद्ध नहीं हुआ है। वहीं, नालागढ़ मंडल में नुकसान का आंकड़ा 2 करोड़ 6 लाख 65 हजार तक पहुंच गया है और इस दौरान मंडल के अधीन 6 मार्ग बंद हुए थे, जिन्हें यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है।

# संजीव बने परवाणू एप्पल एसोसिएशन के अध्यक्ष



परवाणू एप्पल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के सदस्य चुनाव के दौरान।

**महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान**

**परवाणू।** परवाणू फल मंडी में वीरवार को एप्पल एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में व्यापारियों और आढ़तियों की उपस्थिति में हुए।

इसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष संजीव संजीव ब्रांटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र चौहान, महासचिव प्रदीप रैकटा, उपाध्यक्ष योगेश दिवान, उपाध्यक्ष राकेश मेगटा, कोषाध्यक्ष प्रकाश सधामता, मीडिया सलाहकार विक्की चावला, सलाहकार मनोज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्यों में रमेश चंद, विपिन किमटा, हंसराज, हेमराज व वीरेंद्र कुमार को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए व्यापारियों ने संगठन से मंडी के व्यापारिक हितों की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। इस दौरान एसोसिएशन के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन का चुनाव किया गया। इसमें संजीव चौहान को चेयरमैन एवं प्रकाश वर्मा को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि हर सोमवार को मंडी बंद रखी जाएगी। सभा में उपस्थित व्यापारियों ने एकमत से कहा कि नई कार्यकारिणी मंडी के व्यापारिक वातावरण को और अधिक संगठित व पारदर्शी बनाएगी। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और सौहार्द की भावना के साथ हुआ।

**हर सोमवार को मंडी बंद रखने का लिया निर्णय**

# एनएच-707 30 घंटे से बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में लगातार बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-707 पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बंद पड़ा है।

पांवटा साहिब से गुम्मा को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण राजमार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन होने से यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। खासकर उत्तरी गांव के समीप सड़क पर भारी बोल्डर और मलबा गिरने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। बारिश के कारण सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है, जिसे अब तक बहाल नहीं किया जा सका है। इससे मजबूर होकर स्थानीय लोग जान जोखिम में डालते हुए टूटे हुए मार्ग को पैदल पार कर रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को अत्यंत खतरनाक स्थिति में सफर करना पड़ रहा है। कई जगहों पर फिसलन इतनी ज्यादा है कि लोगों को गिरते-पड़ते रास्ता पार करना पड़ रहा है। एनएच-707 पर सतौन से कमरऊ के बीच लगभग चार स्थानों पर सड़क बंद रही। चिलोंन के पास भारी कीचड़ जमा हो गया। इसमें एक बोलेरो पिकअप फंस गई थी। हालांकि, कई घंटे की मशक्कत के बाद वाहन को निकाला गया और सड़क मार्ग आंशिक रूप से बहाल किया गया, मगर अन्य हिस्सों में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। उत्तरी गांव के पास सड़क पर गिरे विशाल पत्थरों को अभी तक हटाया नहीं जा सका है। रेस्टोरेशन कार्य जारी है, लेकिन भारी मलबा और लगातार हो रही बारिश राहत कार्यों में बड़ी बाधा बन रही है। प्रशासन का कहना है कि अगले 24 घंटे तक मार्ग पूरी तरह से खुलने की संभावना नहीं है। शिलाई के एसडीएम जसपाल शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही यात्रा करें और किसी भी तरह का जोखिम न उठाएं। उन्होंने बताया कि सड़क खोलने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं, लेकिन भारी पत्थरों को हटाने में समय लग सकता है।

# सोलन में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 11 केवी लावीघाट फीडर के अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 19 जुलाई को प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक सोलन के दयोठी, घट्टी, कायलर, तारफैक्टरी, लवीघाट, बेरटी, जगातखाना, डांगरी, शत्तल, डोल क्यार, मनलोग, कोठी दयोरा एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त समय और तिथि में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# अदालत से उद्घोषित अपराधी को खलीणी शिमला से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**





पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक भगौड़े अपराधी धर्मेंद्र कुमार पुत्र राम राज निवासी गांव बसोला डाखा लेहरिया सराईस थाना भिशनपुर जिला दरबान बिहार उम्र 38 वर्ष को जिला शिमला के खलीणी से गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया।

जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी पुलिस थाना कंडाघाट में पंजीकृत चोरी के एक अभियोग संख्या 68/12 14, अगस्त, 2012 धारा 379,34 भादस में 28 जुलाई 2017 को न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी करार दिया गया था क्योंकि यह आरोपी न्यायालय द्वारा बार-2 बुलाने पर भी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इसकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी, जो अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-2 अपने ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तार भगौड़े अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल भी की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# दाड़लाघाट में बाघ और भालू का आतंक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र में बाघ और भालू के आने से लोगों में दहशत का माहौल है। हाल ही में एक बाघ ने दाड़ला क्षेत्र के एक आदमी पर हमला करने की कोशिश की, जिससे लोग और भी डर गए हैं, अब यह जानवर दाड़लाघाट वन क्षेत्र से लेकर कंसवाला सड़क से ऊपर गांव बागा, खाता क्षेत्र और आसपास के गांवों में देखे जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट के अध्यक्ष प्रेम केशव ने वन विभाग से आग्रह किया कि इन क्षेत्रों में पिंजरे लगाए जाएं, ताकि आमजन को इन जानवरों से अपनी जान बचाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों में बाहर निकलने में भय बना है इसलिए वन विभाग जल्द से जल्द कार्रवाई करे।

# शूलिनी व साउथेंप्टन में शैक्षणिक सहयोग को लेकर एमओयू

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विश्वविद्यालय ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) के साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करना है। साउथेम्प्टन विवि के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें इसके अध्यक्ष और कुलपति प्रो. मार्क ई. स्मिथ और उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय और सहभागिता) प्रो. एंड्रयू एथरटन शामिल थे, उन्होंने शूलिनी विवि के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय (ओआईए) द्वारा समन्वित दो दिवसीय सहभागिता के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। प्रतिनिधियों ने वर्धमान अनुसंधान प्रयोगशाला, नैनो प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, आईपीआर सेल और एआई एवं भविष्य केंद्र सहित प्रमुख अनुसंधान और नवाचार सुविधाओं का दौरा किया। उन्होंने शूलिनी के अधिकारियों के साथ रचनात्मक प्रौद्योगिकी केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्हें विश्वविद्यालय की स्थिरता पहलों और पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचे के बारे में भी जानकारी दी गई। शूलिनी सेंटर ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी एक ऐसा स्थान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जहां रचनात्मकता और तकनीक का मिलन होता है।

इस केंद्र की शुरुआत एक शैक्षणिक और रचनात्मक पहल के रूप में हुई है। इसका उद्देश्य उत्पाद डिजाइन, डिजिटल मीडिया, एनीमेशन, उपयोगकर्ता अनुभव और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों का समर्थन करना है। इस केंद्र का उद्देश्य मजबूत शैक्षणिक और उद्योग-आधारित शिक्षा के माध्यम से प्रौद्योगिकीविदों, उद्यमियों और मीडिया पेशेवरों की एक नई पीढ़ी का विकास करके भारत को रचनात्मक उत्कृष्टता में वैश्विक नेता बनने में मदद करना है। प्रो. मार्क ई. स्मिथ ने कहा कि दोनों संस्थानों का लक्ष्य अनुसंधान, नवाचार और शिक्षण में मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा, एआई वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को नया रूप दे रहा है।

# रोहित ठाकुर ने लीफ स्पॉट रोग से बचाव के लिए नौणी को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नौणी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी को निर्देश दिए कि सेब के 'लीफ स्पॉट' रोग से बचाव के लिए बागवानी विभाग के साथ मिलकर कार्य करें और वैज्ञानिकों को प्रभावित सेब के बागीचों में भेजें, ताकि बागवानों को जल्द राहत मिल सके।

रोहित ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. राजेश्वर चंदेल से विश्वविद्यालय में बागवानी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों व परियोजनाओं पर सारगर्भित से चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हिमाचल की आर्थिकी में सेब का महत्वपूर्ण योगदान है और सेब के माध्यम से बागवानों एवं राज्य की आर्थिकी को और मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि सेब की ऐसी नई किस्में ईजाद करने पर निरंतर कार्य किया जाए, जो वर्तमान मौसम के अनुकूल हों। उन्होंने कहा कि इस दिशा में नौणी विवि का महत्वपूर्ण योगदान है।

विवि को निरंतर शोध के माध्यम से बागवानों को सेब फसल विविधीकरण की दिशा में अवगत करवाते रहना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों और भविष्य में आरंभ किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी भी ली। डॉ. राजेश्वर चंदेल ने रोग उन्मूलन के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेश्वर चंदेल ने इस अवसर पर अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक पोषित योजना के तहत विवि को एक महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत की है। इस परियोजना के तहत विश्वविद्यालय को 2.80 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। परियोजना के तहत कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में 'स्कूल टू वर्क ट्रांजिशन' सुविधा के लिए इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित किया जाएगा। 9वीं से 12वीं क्षेत्र के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम भी विकसित किया जाएगा।

**साधन** राजगढ़ में लिंगुड़ की सब्जी की बहुत मांग, औषधीय गुणों से भरपूर

# आय का साधन बनी प्राकृतिक सब्जी लिंगुड़

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**



**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों लोग जहां प्राकृतिक सब्जी लिंगुड़ का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं, लिंगुड़ ग्रामीण परिवेश के लोगों की अतिरिक्त आय का साधन भी बन गया है।

लोग सारा दिन जंगल अथवा खड्डों से लिंगुड़ चुनकर लाते हैं और गुच्छियां बनाकर बाजार में बेचते हैं। फल एवं सब्जी विक्रेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि लिंगुड़ की सब्जी की बहुत मांग है और गांव से लिगुड़ की सब्जी आने के उपरांत हाथों हाथ बिक जाती है। बता दें कि लिंगुड़ को उगाया नहीं जाता, बल्कि यह बूटी विशेषकर नमी वाले क्षेत्रो, जंगलों अथवा खड्डों के किनारे स्वत: उगती है। लिंगुड़ पूर्ण रूप से प्राकृतिक एवं जैविक है, जो कि पौष्टिक होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। पहाड़ों में प्राकृतिक रूप से उगने वाली इस सब्जी को यहां के लोग दशकों से खाते आ रहे हैं। लिंगुड़ जहां रसायनों से दूर प्रकृति के आगोश में स्वत: ही पैदा होता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जोशी ने बताया कि लिंगुड़ में विटामिन ए, विटामिन बी कॉप्लेक्स, पोटाशियम, कॉपर, आयरन, फैटी एसिड, सोडियम, फास्फोरस, मैगनीशियम, कैरोटिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएचबीटी) पालमपुर में कुछ साल पहले शुरू हुए लुंगड़ू अथवा लिंगुड़ के प्रारंभिक शोधों में यह बात सामने आई हैं।

लिंगुड़ में आयरन व मैगनिशयम प्रचुर मात्रा में पाए जाने से इसे कुपोषण से निपटने का एक अच्छा स्रोत माना गया है। लिंगुड़ की सब्जी पहाड़ों में जून से सितंबर माह तक पाई जाती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ के अनुसार लिंगुड़ चर्म व मधुमेह रोग से काफी बचाव करता है। इससे त्वचा अच्छी रहती है। लिंगुड़ हार्ट आदि के मरीजों के लिए भी अच्छा माना जाता है। लिंगुड़ में मधुमेह सहित अनेक बीमारियों से लड़ने की शक्ति विद्यमान है। डॉ. जोशी ने बताया कि हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में लिंगुड़ की असंख्य प्रजातियों का पता लगाया गया है। इन में हुए प्रारंभिक शोध से पता चला है कि लिंगुड़ औषधीय गुणों की खान है। लिंगुड़ हिमाचल के अलावा उत्तराखंड में भी लिंगड़ा के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में युवापीढ़ी प्रकृति के आगोश में उगने वाली सब्जियों को पसंद नहीं करती है, जबकि प्राकृतिक सब्जियों से अनेक रोगों से निजात मिलती है।

# एमआरए डीएवी स्कूल सोलन में 60 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन और एमएमयू अस्पताल की टीम के सहयोग से एमआरए डीएवी स्कूल सोलन के परिसर में दो दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

पहले दिन क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की टीम ने डॉ. शुभांगी के नेतृत्व में लगभग 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया। इसके पश्चात दूसरे दिन एमएमयू अस्पताल की टीम ने डॉ. तरुण के नेतृत्व में लगभग 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों एवं अभिभावकों ने इस सामाजिक पहल में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी रक्तदाताओं को उचित जलपान एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई और उनका समुचित ध्यान रखा गया। प्रिंसिपल मासूमा सिंघा ने इस आयोजन के लिए सभी स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन और एमएमयू अस्पताल चिकित्सकीय टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने इस शिविर को मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।





डीएवी स्कूल सोलन के परिसर में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते लोग।

# सेर जगास को बनेगी अब पक्की सड़क, पर्यटन को लगेंगे चार चांद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



सेर जगास का प्रतिनिधिमंडल प्रधान और उपप्रधान की अध्यक्षता में अधिकारी से मिलते हुए।

पर्यटन की दृष्टि से विश्वविख्यात पैराग्लाइडिंग साइट सेर जगास में अब जल्द ही पक्की सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।

इस महत्वपूर्ण पहल को लेकर ग्राम पंचायत सेर जगास का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान रणदेव सिंह और उपप्रधान पवन ठाकुर की अध्यक्षता में वन मंडल अधिकारी, उपमंडल अधिकारी, अधिशाषी अभियंता और राजस्व विभाग राजगढ़ से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सेर-जगास रोड को लोक निर्माण विभाग के अधीन लाने के निर्णय पर सभी विभागों का आभार जताया और इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। बैठक में वन विभाग की ओर से रेंज ऑफिसर दिनेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर रणजोत सिंह, भाग सिंह, कपिल ठाकुर, सतपाल ठाकुर, प्रेम ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, साकेश शर्मा, महेश ठाकुर, अजय और रणजीत शामिल रहे। अधिशाषी अभियंता राजगढ़ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस रोड की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे न केवल सेर जगास तक पहुंच सुगम होगी, बल्कि पूरे राजगढ़ क्षेत्र में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी।

ग्रामवासियों ने इस अवसर पर उन दिवंगत व्यक्तित्वों स्वर्गीय दुर्गा सिंह ठाकुर और स्वर्गीय सुंदर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका इस सड़क निर्माण अभियान में ऐतिहासिक योगदान रहा। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व व वर्तमान सभी नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इस सड़क को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से उन ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सड़क निर्माण के लिए अपनी भूमि दान में दी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सेर जगास के हर ग्रामीण का इस कार्य में सीधा या परोक्ष योगदान रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन देने की मांग पर वकीलों ने शुरू की हड़ताल

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** वकीलों को चैंबर्स के लिए जमीन देने की मांग को लेकर वीरवार को यहां वकीलों ने भूख हड़ताल शुरू की। इसके चलते जिला अदालत व ग्राम विभाग की अदालतों में भी कार्य नहीं हुआ। लेबर कोर्ट में प्रेक्टिस कर रहे वकीलों ने भी बार एसोसिएशन की मांग का समर्थन किया। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संतोख सिंह, पर्वत सिंह ठाकरान, पूर्व महासचिव पंडित अरुण शर्मा, सूबे सिंह यादव ने कहा कि जस्टिस टॉवर का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है, लेकिन जस्टिस टॉवर परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे अधिवक्ताओं को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि वकीलों के चैंबर भी अदालत परिसर में ही होते हैं। वर्तमान अदालत परिसर के सभी कार्यालय व अदालतें जस्टिस टॉवर में शिफ्ट हो जाएंगी, जिस भूमि पर वर्तमान में जिला अदालत चल रही है और वकीलों के चैंबर भी हैं। बार एसोसिएशन व सभी अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि टॉवर ऑफ जस्टिस के साथ लगती कई एकड़ सरकारी जमीन है। उसमें से ही जमीन अधिवक्ताओं को चैंबर बनाने के लिए उपलब्ध कराई जाए। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का कहना है कि इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिला था और समस्या से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनी और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### एसटीपी अपनी पूरी क्षमता से चलना चाहिए

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज समस्या के समाधान की दिशा में वीरवार को क्षेत्र में संयुक्त निरीक्षण किया गया। इसमें गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, मेयर राजरानी मल्होत्रा, नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया, वार्ड सदस्य सुरेखा तथा इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित इंजीनियरों को सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मेयर व निगमायुक्त ने धनवापुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, क्षमता और संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने वहां तैनात कर्मचारियों से प्रतिदिन संचालन की जानकारी ली और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम गुरुग्राम और गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि एसटीपी अपनी पूरी क्षमता से चलना चाहिए, ताकि क्षेत्र में सीवरेज भराव की समस्या न आए।

### हत्या मामले में सील मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा की मीरपुर कॉलोनी में हत्या मामले में सील किए गए एक मकान में सेंध लगाकर चोर घरेलू सामान चुरा ले गए। बताया जा रहा है कि पहले चोरों ने रेकी की और रात को घटना को अंजाम दिया। आस पड़ोस के लोगों ने मकान का गेट खुला देखा, तो इसकी जानकारी गांव के सरपंच को दी गई। सरपंच ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना मिलने पर मृतका आरती के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनकी निगरानी में घर का सामान खंगाला, तो पता चला कि काफी सामान चोरी हो गया। मृतका की बूटीक से भी सामान चोरी मिला। मृतका के पिता ने बताया कि वह कुछ समय पहले स्कूटी, बाइक व बच्चों की ड्रेस और अन्य जरूरत का सामान ले गए थे। पुलिस जांच के चलते यहां पर कोई नहीं रह रहा था, क्योंकि उनका दामाद पहले ही हत्या मामले में जेल में हैं। बच्चे उनके पास रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में मृतका आरती के पिता रवाना कॉलोनी निवासी गणेश शर्मा ने बताया कि बीते 9 जुलाई को बेटी आरती की हत्या के बाद पुलिस द्वारा मकान को सील किया हुआ था। उन्होंने पुलिस से मांग की कि अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सामान बरामद करवाया जाए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बीते 9 जुलाई को सिरसा की मीरपुर कॉलोनी में घर में ही बूटीक चलाने वाली आरती की हत्या कर दी गई थी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में चमका चंडीगढ़ सुपर स्वच्छ लीग सिटीज में हुआ शामिल

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल को नई दिल्ली में दिया सम्मान

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ने एक बार फिर नगर का गौरव बढ़ाते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 3 से 10 लाख आबादी वर्ग में सुपर स्वच्छ लीग सिटिज में अपनी प्रतिष्ठित जगह बना ली है। यह सम्मान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर हरप्रीत कौर बबला, स्थानीय निकाय सचिव मंदीप सिंह ब्रार, आईएएस और नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

यह राष्ट्रीय मान्यता नगर निगम चंडीगढ़ के निरंतर और समर्पित प्रयासों का प्रमाण है, जो प्रशासक, महापौर एवं आयुक्त के दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और सतत कचरा प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देने में लगी है। स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग कई मानकों पर आधारित थी, जिनमें समग्र स्वच्छता, गार्बेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग, ओपन डिफिकेशन फ्री (ओडीएफ) स्थिति, सौंदर्यीकरण अभियान और वॉटर प्लस प्रमाणन शामिल हैं।

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों, फील्ड स्टाफ और नागरिकों को बधाई दी और कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान चंडीगढ़ की सामूहिक भावना और स्वच्छता के प्रति संकल्प को दर्शाता है। आइए हम इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहें और चंडीगढ़ को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवनशैली अब नागरिकों के संस्कारों में रच-बस गई है और स्वच्छ सर्वेक्षण एक प्रतिस्पर्धात्मक प्रेरणा स्रोत बन चुका है, जो नगरों को नवाचार और उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रेरित कर रहा है।

महापौर हरप्रीत कौर बबला ने सभी पार्षदों, पूर्व महापौरों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए चंडीगढ़ को और अधिक स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, आयुक्त श्री अमित कुमार, ड्रू ने पूर्व आयुक्तों को भी इस उपलब्धि में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके नेतृत्व में बनी मजबूत नींव ने चंडीगढ़ को इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने इसे नगर की स्वच्छता यात्रा में प्रेरणास्रोत बताया और आश्वस्त किया कि यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

# हरियाणा के 6 डीआरओ, 23 तहसीलदार और नौ नायब तहसीलदारों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि कृषि जनगणना 2021-22 के दूसरे चरण की लंबित सत्यापन रिपोर्ट जल्द मुहैया करवाई जाए। इसके साथ ही 16 जिले ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। इस लापरवाही पर एफसीआर ने राजस्व विभाग के 38 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इनमें 6 जिला राजस्व अधिकारियों (डीआरओ), 23 तहसीलदारों और 9 नायब तहसीलदारों सहित 38 दोषी राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा रही है।

**कहा जिला उपायुक्त समय पर रिपोर्टिंग और जवाबदेही करें सुनिश्चित**

सुमिता मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद मीडिया को बताया कि जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वह समय पर रिपोर्टिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नई डिजिटल पहल के तहत बनाया पोर्टल अगस्त 2025 तक चालू हो जाएगा। यह राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली समग्र जवाबदेही में सुधार करेगी, लंबित मामलों को कम करेगी और भूमि संबंधी सेवाओं को जनता के लिए तेज और अधिक सुलभ बनाएगी।

एफसीआर ने बताया कि राज्यभर में सीमांकन प्रक्रिया जल्द ही उन्नत रोवर्स के माध्यम से संचालित की जाएगी। हरियाणा सरकार उत्तर प्रदेश के साथ सीमा निर्धारण और पूरी तरह से कागज रहित संपत्ति पंजीकरण प्रणाली को लागू करेगी। उन्होंने अधिकारियों को भूमि भूखंड मानचित्रों के डिजिटलीकरण और सत्यापन को अगस्त 2025 तक पूरा करने का भी निर्देश दिया।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि राज्य भारतीय सर्वेक्षण विभाग के निर्देशों के अनुरूप हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच 1,221 सीमा स्तंभ स्थापित करने के निर्देश दिए। स्तंभ लगाने का कार्य पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, पलवल और करनाल सहित कई जिलों में होगा। एसओआई सर्वेक्षणों पर आधारित मानचित्र संबंधित जिलों के साथ साझा किए गए हैं और कार्य को प्रभावी ढंग से करने के लिए धनराशि जारी कर दी गई है।

# रानी लक्ष्मी बाई महिला भवन में मनाया 'नमस्ते दिवस'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नगर निगम चंडीगढ़ ने वीरवार को रानी लक्ष्मी बाई महिला भवन, सेक्टर 38 में नमस्ते दिवस का आयोजन किया, जिसमें सफाई मित्रों की सुरक्षा, गरिमा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस अवसर पर राज्य समन्वयक सुशील कुमार, अश्वनी कुमार, नमस्ते के राज्य नोडल अधिकारी एवं एमसीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड और पीपीई किट्स वितरित कीं, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा और खतरनाक कार्य परिस्थितियों में सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रत्येक आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सफाई मित्रों और उनके परिवारों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त होगा, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों पर आधारित प्रभावशाली जागरूकता वीडियो क्लिप भी प्रस्तुत की गईं, साथ ही एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सफाई मित्रों की सुरक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया गया। नमस्ते दिवस के अंतर्गत एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जो विकास, देखभाल और एक स्वस्थ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

नमस्ते पहल सफाई मित्रों के अथक प्रयासों को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और उनका सशक्तिकरण समावेशी कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखती है। नगर निगम चंडीगढ़ सफाई कर्मियों के जीवन और कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर सक्रिय कदम उठा रहा है।

# हर महीने होगी जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी जिलों में जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक हर महीने आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक आवश्यकतानुसार बुलाई जाए। सरकार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि समिति की बैठक न होने के कारण किसी भी वित्तीय आवंटन में देरी नहीं होनी चाहिए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि यदि किसी महीने में अध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता नहीं कर पाते, तो उस माह के अंतिम कार्य दिवस को संबंधित जिले के उपायुक्त बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# हिसार : सीएम फ्लाइंग टीम ने दुकानों में छापा मारकर बरामद की यूरिया खाद

**अनंत ज्ञान, हिसार**

जिले के कस्बा उकलाना में खाद की कमी के चलते किसानों को हो रही परेशानी व इस संबंध में मिल रही शिकायतों के चलते सीएम फ्लाइंग टीम ने खाद विक्रेताओं पर छापे मारे।

छापे के दौरान टीम ने भारी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद बरामद करके मौके पर ही किसानों को लाइन लगवाकर खाद का वितरण करवाया, जिस पर किसानों ने प्रसन्नता जताई। यह कार्रवाई गुरुवार को सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। उनके साथ कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजीत सिंह, एसएमएस डॉ. महिपाल, एडीओ डॉ. सचिन अहलावत, डॉ. बलराज सिंह, एसआई जितेंद्र, एएसआई सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दुकानों पर छापों की सूचना मिलते ही कई खाद विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि उकलाना क्षेत्र में कुछ खाद विक्रेता किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करवा रहे और ब्लैक मार्केटिंग में लिप्त हैं। इस शिकायत के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से खाद विक्रेताओं की दुकानों और गोदामों पर छापा मारा गया।

**गोदामों में मिला डीएपी व यूरिया खाद का स्टॉक**

छापेमारी के दौरान कुछ गोदामों में बिना अनुमति के डीएपी व यूरिया खाद स्टॉक पाया गया। वैध रिकॉर्ड वाले डीएपी व यूरिया खाद को किसानों को मौके पर ही बांटा गया, जबकि अवैध स्टॉक रखने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सहकारी समिति की दुकान पर खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत भी मिली थी। टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत की और खाद का वितरण सुनिश्चित करवाया।

### पटना में हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

**एजेंसी, पटना।** पटना के पारस अस्पताल में भर्ती मरीज को अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल के आईसीयू में घुसकर गोली मारी गई। 5 की संख्या में आए अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को छूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेउर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। उसका बवासीर का ऑपरेशन हुआ था। चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### मुझे कुछ हुआ तो आसिम मुनीर जिम्मेदार : इमरान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुताबिक, इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविज़न भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में वीरवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप अलास्का के पॉपोफ आइलैंड पर सैंड पॉइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला

**एजेंसी, गाजा।** गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च 'होली फैमिली' पर हमला होने की खबर है। हमले में पादरी गैब्रियल रोमानेली समेत कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इजरायली टैंक से किया गया। पोप फ्रांसिस से जुड़े रहे रोमानेली इस चर्च में शरण ले रहे लोगों की देखभाल कर रहे थे। चर्च के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला संभवतः एक टैंक शेलिंग के जरिए हुआ हमले में चर्च की इमारत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। फिलहाल इस पर इजराइली सेना की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 58,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## विधानसभा चुनाव से पहले सीएम नीतीश का ऐलान

# बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री

**एजेंसी, पटना**

बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका ऐलान किया।



नीतीश ने एक्स पर लिखा है कि हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

### 5 साल में 1 करोड़ नौकरियां व रोजगार देगी बिहार सरकार

**बिहार** सरकार ने फैसला किया है कि आने वाले 5 सालों में 1 करोड़ नई नौकरियां और रोजगार के मौके बनाए जाएंगे। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जिसकी अध्यक्षता विकास आयुक्त करेंगे। यह समिति देखेगी कि रोजगार बढ़ाने के लिए और क्या-क्या किया जा सकता है और सरकार को सलाह देगी। इससे राज्य के युवाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग बढ़ने से राज्य में निवेश के नए अवसर भी आएंगे।

### डोमिसाइल पॉलिसी लागू

**बिहार** सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा।

### 8 हजार से ज्यादा पंचायतों में बनाए जाएंगे मैरिज हॉल

**चुनावी** साल में नीतीश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह कार्यक्रम में सुविधा के लिए करीब 8 हजार से ज्यादा पंचायतों में विवाह भवन का निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसका नाम विवाह मंडप योजना दिया गया है। इसके लिए सरकार ने 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों की तरफ से किया जाएगा।

### दीदी की रसोई में अब 20 रुपए में मिलेगी थाली

**बिहार** सरकार की तरफ से सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, अस्पतालों और सरकारी संस्थानों में दीदी की रसोई से 40 रुपए प्रति थाली में भोजन उपलब्ध कराया जाता है। बिहार सरकार ने चुनाव साल में 40 रुपए की थाली अब 20 रुपए में देने का फैसला लिया है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

### अमेरिकी सामान पर टैक्स नहीं लगाएगा भारत : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने मंगलवार को इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। 1 अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 प्रतिशत टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रंप ने कहा कि जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वह समझौता हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



# यमन में भारतीय नर्स को माफी देने से महदी परिवार का इनकार

## मृतक का भाई बोला- हमें नहीं चाहिए मुआवजा

**एजेंसी, सना**

यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इनकार कर दिया है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ तौर पर कहा है कि वह अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता।



महदी ने कहा, 'न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे।' निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### निमिषा की मदद के लिए सरकार कर रही सभी प्रयास : रणधीर

**नई दिल्ली।** निमिषा केस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार निमिषा की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उसे कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं, ताकि इस मामले का कोई समाधान निकल सके।

# महाराष्ट्र में 72 से ज्यादा अफसर हनीट्रैप में फंसे : नाना

## पेन ड्राइव में सारे सबूत, सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो जनता को दिखाएंगे

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने वीरवार को आरोप लगाया कि प्रदेश में सामने आए हनी ट्रैप कांड में राज्य के मंत्री, वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस फसर तक शामिल हैं। हनी ट्रैप कांड सिर्फ सतह पर दिख रही बात नहीं है, इसकी जड़ें कहीं गहरी हैं।

उन्होंने कहा, 'इस कांड का जो आंकड़ा सरकार बता रही है, वह 72 पर रुकता नहीं है। असल में यह कहीं ज्यादा है। मेरा आशंका सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।'



है कि हनी ट्रैप के जरिए महाराष्ट्र की कुछ कंपनियों और सामाजिक तंत्रों से जुड़े दस्तावेज गलत हाथों में पहुंच चुके हैं। इससे नागरिकों की पटोले ने कहा- मेरे पास पेन ड्राइव में सारे सबूत हैं। किसी का निजी चरित्र हनन नहीं करना चाहते, इसी वजह से अब तक इसे पब्लिक नहीं किया है। सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो विपक्ष इसे जनता के सामने लाने को मजबूर होगा। (अनंत ज्ञान)

# ओडिशा में छात्रा डेथ केस : कांग्रेस सहित 8 पार्टियों ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

ओडिशा में सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकार छात्रा की मौत को लेकर विपक्ष ने वीरवार को ओडिशा बंद बुलाया। कांग्रेस सहित 8 विपक्षी पार्टियां इस प्रदर्शन में शामिल हुई। इनमें बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेता-कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में नजर आए।



प्रदर्शनकारियों ने भद्रक में ट्रेन को रोक दिया। भुवनेश्वर में बसों का चक्काजाम किया। यात्रियों को पैदल ही घर जाना पड़ा। भद्रक जिले के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर टायर जलाए गए, जिसके चलते ट्रकों की लंबी कतार लग गई। वहीं, आसपास की कई दुकानों को बंद रखा गया। मार्केट में सन्नाटा रहा। मयूरभंज में भी लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में छात्रा ने हैरेसमेंट से तंग आकर 12 जुलाई को खुद को आग लगा ली थी। उसे AIIMS ले जाया गया, जहां 14 जुलाई को 20 साल की स्टूडेंट ने दम तोड़ दिया था। (अनंत ज्ञान)

## गिरावट : लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, कई कंपनियों के शेयरों के दाम गिरे

# सेंसेक्स 375 अंक लुढ़का, निफ्टी भी फिसला

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय बाजार वीरवार को लाल निशान पर बंद हुआ। आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के परिणाम से पहले बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 415.21 अंक या 0.50 प्रतिशत गिरकर 82,219.27 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.60 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 25,111.45 पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में करीब 3 फीसदी की गिरावट आई है। इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक भी पिछड़ने वालों में शामिल रहे। हालांकि, टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स लाभ में रहे। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा ने 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल लगभग 34 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। (अनंत ज्ञान)

### सोना और चांदी सस्ते

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोर मांग के बीच स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली से सोने-चांदी की कीमत में गिरावट देखी गई। वीरवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 200 रुपए गिरकर 98,670 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए की गिरावट के साथ 98,200 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, चांदी की कीमत 500 रुपए घटकर 1,10,500 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।



# बांग्लादेश में सत्यजीत रे का घर गिराने पर रोक

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में भारत के मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे के पैतृक घर के तोड़े जाने पर रोक लगा दी गई है। सत्यजीत रे के पुरखों के घर मैमनसिंह शहर में है। यह घर सौ साल पहले बनाया गया था। अधिकारियों ने अब यह तय करने के लिए एक समिति बनाई है कि इस घर को दोबारा कैसे बनाया जा सकता है। भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश से सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को ध्वस्त करने के फैसले पर रोक लगाने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस तोड़फोड़ का विरोध करते हुए कहा कि यह घर बंगाल के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ा हुआ है। सत्यजीत रे एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म डायरेक्टर, लेखक, संगीतकार और चित्रकार थे। उन्हें विश्व सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक माना जाता है। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### आर्यना सबालेंका ने मॉन्ट्रियल टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नेशनल बैंक ओपन (मॉन्ट्रियल टूर्नामेंट) से नाम वापस ले लिया है।



उन्होंने यह फैसला अमेरिकी ओपन के लिए खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने और अतिरिक्त आराम के लिए लिया है। सबालेंका ने एक बयान में कहा, 'मैं नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट सीजन की शुरुआत को लेकर उत्साहित हूं, लेकिन इस सीज़न में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह फैसला किया है कि मॉन्ट्रियल नहीं खेलना ही मेरे लिए सही रहेगा।' गौरतलब है कि सबालेंका हाल ही में विंबलडन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें अमांडा अनीसीमोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। नेशनल बैंक ओपन 27 जुलाई से शुरू होगा, लेकिन अब उम्मीद की जा रही है कि सबालेंका अगस्त की शुरुआत में सिनसिनाटी ओपन में वापसी करेंगी। यूएस ओपन की शुरुआत 24 अगस्त से होनी है, जिसे साबालेंका ने 2024 में पहली बार अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट से 10वीं रैंकिंग की पाउला बडोसा ने भी चोट के कारण नाम वापस ले लिया है। सबालेंका और बडोसा की जगह कैटी मैकनेली और मोयूका उचिजिमा को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी प्रो-लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक: श्रीजेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो-लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है।




भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस प्रो-लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है। एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल-अथिया की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल और अथिया को जोड़ी बेहद रोमांटिक है। फैंस को यह जोड़ी खूब पसंद है। रिपोर्ट्स की मानें तो राहुल और अथिया ने शादी से पहले लंब समय तक एक-दूसरे को डेट किया था। अथिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



**महिला क्रिकेट** पहले वनडे में टीम इंडिया ने की जीत से शुरुआत

# भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी, साउथैम्पटन**

टी20 सीरीज जीतने के बाद वनडे सीरीज जीतने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने पहले मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लिश टीम ने 50 ओवर में छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 48.2 ओवर में छह विकेट पर 262 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगला वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम किया था।


शॉट खेलती जेमिमा रोड्रिग्स।

इंग्लैंड की कप्तान नैट शीवर ब्रंट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम की ओपनिंग खराब रही थी। 20 रन तक टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। टैमी ब्यूमोंट पांच रन और एमी जोंस एक रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान शीवर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी निभाई। एम्मा 50 गेंद में चार चौके की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुईं।

वहीं, कप्तान शीवर 52 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन बना सकीं। एक वक्त इंग्लैंड ने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सोफिया डंकले और डेविडसन रिचर्ड्स ने पांचवें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी निभाई। सोफिया 92 गेंद में नौ चौके की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, डेविडसन 73 गेंद में दो चौके की मदद से 53 रन बना सकीं। सोफिया एक्लेस्टोन 19 गेंद में तीन चौके की मदद से 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक विकेट मिला।

259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत ठीक ठाक रही। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना 24 गेंद में पांच चौके की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, प्रतिका ने फिर दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ 46 रन की साझेदारी निभाई। प्रतिका 51 गेंद में तीन चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुईं। हरलीन और कप्तान हरमनप्रीत भी कुछ खास नहीं कर सकीं। हरलीन 44 गेंद में चार चौके की मदद से 27 रन बनाकर और हरमनप्रीत 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। फिर जेमिमा रॉड्रिग्स ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी हुई। जेमिमा 54 गेंद में पांच चौके की मदद से 48 रन बनाकर आउट हुईं और अर्धशतक से चूक गईं। वहीं, ऋचा घोष ने 10 रन बनाए। दीप्ति ने फिर अमनजोत कौर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। दीप्ति 64 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन और अमनजोत 14 गेंद में तीन चौके की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की ओर से चार्लोट डीन को दो विकेट मिले। वहीं, लॉरेन बेल, एक्लेस्टोन और फाइलर को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

श्रीलंका में जीत पर लिटन दास बोले-

## बतौर कप्तान मेरे लिए गर्व का पल

**एजेंसी, कोलंबो**

कोलंबो में खेले गए तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। यह जीत बांग्लादेश के लिए ऐतिहासिक रही, क्योंकि टीम ने श्रीलंका की धरती पर पहली बार कोई टी20 सीरीज अपने नाम की है।



श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 132 रन बनाए, जिसमें बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 रन देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 21 गेंद शेष रहते 2 विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने नाबाद 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने इस जीत को अपने नेतृत्व के लिए बेहद अहम बताया। मैच के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मुझे खुशी है कि हमारे क्रिकेट फैंस इस जीत से खुश हैं। श्रीलंका जैसी मजबूत टीम को उसके घर में हराना आसान नहीं होता।

गौरतलब है कि लिटन दास को आगामी साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश का स्थायी टी20 कप्तान नियुक्त किया गया है। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल 3-0 से सीरीज जीतकर अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया था। उन्होंने इस सीरीज में 3 मैचों में कुल 114 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।

दूसरी ओर, श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने हार पर निराशा जताई और कहा कि टॉस में फैसला गलत साबित हुआ। उन्होंने कहा कि हमने टॉस के समय शायद कोई बड़ी गलती की। जब मैं गेंदबाज़ी करने आया, तो मुझे एहसास हुआ कि विकेट बेहतर हो गया है। हमें अपनी बल्लेबाजी की ज़िम्मेदारी लेनी होगी। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**एजेंसी, जमैका**

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी 20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज 20 जुलाई से 28 जुलाई के बीच जमैका के सबीना पार्क और सेंट किट्स के वॉर्नर पार्क में खेली जाएगी।

टीम में आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में सीरीज जीतने वाले मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जबकि दो युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ज्वेल एंड्रू और जेदियाह ब्लेड्स—को पहली बार टी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रू, जो एक उभरते हुए बल्लेबाज और बैकअप विकेटकीपर हैं, ने खासकर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। उन्हें क्षेत्र का भविष्य का सितारा माना जा रहा है।

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेदियाह ब्लेड्स ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज ब्रेकआउट लीग में पावरप्ले ओवरों के दौरान शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। शाई होप टीम की कप्तानी बरकरार रखेंगे, जबकि जेसन होल्डर, अकील होसेन, और रोवमैन पॉवेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि टीम का मुख्य फोकस रैंकिंग सुधारने और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी 20 विश्व कप की तैयारी करना है। (अनंत ज्ञान)

### वेस्टइंडीज की टी20 टीम

**शाई होप** (कप्तान), ज्वेल एंड्रू, जेदियाह ब्लेड्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अलजारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल शेर्फ़ेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

### मैच शेड्यूल

**पहला टी20:** 20 जुलाई सबीना पार्क, जमैका दूसरा 22 जुलाई सबीना पार्क, जमैका, तीसरा 25 जुलाई वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स, चौथा 26 जुलाई वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स और पांचवां टी20 मैच 28 जुलाई को वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स में खेला जाएगा।

फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम

## प्रज्ञानानंद-एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के आर प्रज्ञानानंद और अर्जुन एरिगैसी ने गुरुवार को लास वेगास में चल रहे फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। प्रज्ञानानंद ने ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान साझा किया, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप ब्लैक में तीसरा स्थान हासिल किया।




पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन के लिए यह टूर्नामेंट निराशाजनक रहा। वह ग्रुप व्हाइट में पांचवें स्थान पर रहे और खिताब की दौड़ से बाहर हो गए।

#### कार्लसन खिताबी दौड़ से बाहर

प्रज्ञानानंद ने चौथे राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए ग्रैंड स्लैम में टॉप पर चल रहे कार्लसन को हराकर अपनी क्वालिफिकेशन पक्की की। कार्लसन के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का एक और मौका था, जब वह लेवोन अरोनियन के साथ समान अंकों पर पहुंचे लेकिन प्लेऑफ में वह चूक गए और अब वे टूर्नामेंट में अधिकतम तीसरा स्थान ही हासिल कर सकते हैं। अर्जुन एरिगैसी ने ग्रुप स्टेज में कुल चार अंक अर्जित किए, जिसमें तीन जीत शामिल रहीं। उन्होंने एक मुकाबले में हमवतन विदित गुजराती को भी हराया, जो अपने ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहे।

## जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विक और चिराग हारे

**एजेंसी, टोक्यो**

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी वीरवार को यहां दूसरे दौर में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हारकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।



भारतीय जोड़ी को पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की, लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी हालांकि, अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

> भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई

### वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (वीडीएचएम) का ऐतिहासिक 20वां संस्करण इस साल 12 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। हाफ मैराथन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू होगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस का दर्जा प्राप्त यह इवेंट न केवल फिटनेस का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक बदलाव और महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ी पहल है। प्रोकेम इंटरनेशनल की ओर से आयोजित इस प्रतिष्ठित मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू हो गई है। 2005 में शुरू हुए इस आयोजन ने भारत को एक दर्शक देश से सहभागी राष्ट्र में बदला है। आज यह दौड़ उत्तर भारत में रनिंग कल्चर को बढ़ावा देने के साथ-साथ 800 से अधिक भारतीय एथलीटों को मंच प्रदान कर चुकी है, जिनमें से 45 ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। अब तक इस इवेंट के जरिए 80 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सामाजिक उद्देश्यों के लिए जुटाई जा चुकी है। शासन और साझेदारों का समर्थन: दिल्ली सरकार ने इस आयोजन को पूरा समर्थन देने का वादा किया है। (अनंत ज्ञान)

## बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को बताया जिम्मेदार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल 2025 का खिताब इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार अपने नाम किया था। जिसके बाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत जा जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए थे।


फाइल फोटो

वहीं, स्टेडियम के बाहर फैंस इतनी ज्यादा संख्या में इकट्ठा हो गए थे, जिसके चलते वहां भगदड़ मची और 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके अलावा 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। वहीं, अब इस पूरे मामले की एक रिपोर्ट कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट को सौंपी है, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस भगदड़ का जिम्मेदार बताया है।

### कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

**कर्नाटक** सरकार ने हाईकोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में विजय परेड के लिए लोगों को शहर की पुलिस से बिना बातचीत और अनुमति के आमंत्रित किया था। आरसीबी ने पुलिस से बात किए बिना अगले दिन सुबह 7.01 बजे अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें लोगों के लिए निशुल्क प्रवेश की सूचना दी गई और जनता को विजय परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। सुबह 8 बजे एक और पोस्ट किया गया, जिसमें इस जानकारी को दोहराया गया। रिपोर्ट में कहा गया है इसके बाद 4 जून को सुबह 8.55 बजे आरसीबी ने अपने ऑफिशियल हैंडल पर टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का एक वीडियो क्लिप शेयर किया, जिसमें विराट कोहली ने कहा था कि टीम इस जीत का जश्न 4 जून को बैंगलोर में शहर के लोगों और आरसीबी फैंस के साथ मनाना चाहती है। इसको लेकर सरकार का कहना है कि इस वीडियो के बाद 3 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ वहां इकट्ठा हो गई थी। पुलिस इतनी भीड़ पर काबू पाने के लिए तैयार नहीं थी। सरकार की रिपोर्ट में कहा गया कि आरसीबी की तरफ से विजय परेड की महज सूचना दी गई थी, इसकी कोई अनुमति नहीं ली गई थी। ऐसे प्रोग्राम के लिए कम से कम एक सप्ताह पहले अनुमति ली जाती है।

## मेजर लीग सॉकर: एफसी सिनसिनाटी ने इंटर मियामी को 3-0 से हराया

**एजेंसी, ओहियो ( यूनाइटेड स्टेट )**

एफसी सिनसिनाटी के स्टार मिडफील्डर एवेंडर ने लगातार पांचवें मैच में गोल करते हुए क्लब रिकॉर्ड बनाया और अपनी टीम को इंटर मियामी के खिलाफ 3-0 की बड़ी जीत दिलाई। यह मुकाबला बुधवार देर रात (भारतीय समयानुसार वीरवार) को सिनसिनाटी के घरेलू मैदान टीक्यूएल स्टेडियम में खेला गया।



दूसरे हाफ की शुरुआत में एवेंडर ने बॉक्स के बीच से बाएं पैर से शानदार शॉट मारते हुए गेंद को गोलपोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचाया और टीम की बढ़त 2-0 कर दी। यही नहीं, एवेंडर ने इस हाफ में दूसरा गोल भी किया, जबकि पहले हाफ में उनकी कई कोशिशें नाकाम रही थीं। इन दो गोलों के साथ एवेंडर के एमएलएस रेगुलर सीजन में कुल 15 गोल हो गए हैं। इस जीत के साथ एफसी सिनसिनाटी (14 जीत, 6 हार, 3 ड्रॉ-45 अंक) ने मियामी की लगातार 5 जीत की लय को तोड़ते हुए उन्हें 18 मई के बाद पहली बार हार का स्वाद चखाया। सिनसिनाटी की दमदार डिफेंस और गोलकीपर रोमन सेलेनटानो के प्रदर्शन ने मियामी के हमलों को पूरी तरह विफल कर दिया।

मैच का पहला गोल 16वें मिनट में गेरार्डो वैलेनजुएला ने किया। उन्होंने बॉक्स के बाएं किनारे से बाएं पैर से शॉट लगाते हुए गेंद को निचले दाएं कोने में पहुंचाया। यह उनका इस सीजन का चौथा गोल था। पहले हाफ में सिनसिनाटी का दबदबा साफ दिखा। टीम ने 45 मिनट और 6 मिनट के इंजरी टाइम में कई बार बॉक्स में प्रवेश किया और गोल की कोशिशें कीं। सिनसिनाटी ने पहले हाफ में 7 शॉट्स (4 ऑन टारगेट) और पूरे मैच में कुल 11 शॉट्स (6 ऑन टारगेट) लिए। लियोनेल मेसी के दो प्रयास भी गोल में नहीं बदल पाए। सेलेनटानो ने इस मैच में दो शानदार सेव करते हुए सीजन का सातवां क्लीन शीट दर्ज किया। वहीं, मियामी के दो गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी और रोको रियोस नोवो ने कुल-मिलाकर चार सेव किए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। (अनंत ज्ञान)

**घोषणा** कहा- दो टी20 मैचों के बाद क्रिकेट को कहूंगा अलविदा, अगली पीढ़ी के लिए बनना चाहता हूं मिसाल

# वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल लेंगे संन्यास

**एजेंसी, जमैका**

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। 37 साल का यह ऑलराउंडर करियर के आखिरी दो मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा, जो कि एक टी20 मैच होगा। रसेल का चयन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज में हुआ है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो कि रसेल का घरेलू मैदान है। इन्हीं दो मैच के बाद रसेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्हें ट्रिब्यूट दिया। इसमें रसेल का भी बयान है। वैसे तो रसेल के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ज्यादा बड़े रिकॉर्ड्स नहीं हैं, लेकिन वनडे में उनके द्वारा भारत के खिलाफ साल 2011 में बनाया गया एक रिकॉर्ड आज भी कायम है। (अनंत ज्ञान)




### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने क्या कहा?

**वेस्टइंडीज** क्रिकेट ने लिखा, 'शुक्रिया, ड्रे रस! दो बार टी20 विश्व कप चैंपियन बनने से लेकर मैदान के अंदर और बाहर 15 साल तक आपकी अद्भुत शक्ति से आपने वेस्टइंडीज के लिए पूरे दिल, जुनून और गर्व के साथ खेला, वेस्टइंडीज आपको सलाम करता है। वहीं, रसेल ने कहा कि वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुंचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जितना अधिक आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करते हैं, आपको एहसास होता है कि आप क्या हासिल कर सकते हैं। इसने मुझे बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मैं मरून रंग में अपनी छाप छोड़ना चाहता था और दूसरों के लिए प्रेरणा बनना चाहता था।

### रसेल का रिकॉर्ड जो टूटना मुश्किल

**दरअसल,** साल 2011 में भारत ने वेस्टइंडीज का दौरा किया था। तब नॉर्थ साउंड में हुए वनडे में आंद्रे रसेल ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी और नाबाद 92 रन की पारी खेली थी। 64 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने आठ चौके और पांच छक्के लगाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 143.75 का रहा था। नाबाद 92 रन वनडे क्रिकेट में नौवें या इससे निचले नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है। उनके बाद वेस्टइंडीज के ही रवि रामपॉल का नंबर आता है, जिन्होंने 2011 में ही विशाखापत्तनम में वनडे में 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 75 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए थे। रसेल द्वारा वनडे में बनाया गया यह रिकॉर्ड शायद ही कोई नौवें या इससे नीचे बैटिंग करने वाला खिलाड़ी तोड़ पाए। रसेल ने 2019 में आखिरी वनडे खेला था। इसके बाद से वह वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ टी20 ही खेल रहे हैं। भले ही वह वनडे न खेल रहे हों, लेकिन इस प्रारूप में उनका स्ट्राइक रेट बाकी सभी से बेहतर है। वनडे में रसेल का करियर स्ट्राइक रेट 130.22 का है, जो कि सर्वश्रेष्ठ है। इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल का नंबर आता है। उन्होंने 126.70 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस लिस्ट में भारत के शीर्ष खिलाड़ी यूसुफ पठान हैं। उन्होंने 113.60 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 2024 में पर्थ में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में चार चौके और सात छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 71 रन बनाए थे। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके खिलाड़ियों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस लिस्ट में शीर्ष पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी हैं। उन्होंने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद में छह चौके और नौ छक्कों की मदद से 89 रन बनाए थे।